जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, रविवार 20 अगस्त, 2023

## आज की रेट ₹3000/- SQ FT | पजेशन की रेट ₹4500/- SQ FT

## 5 महीने में 25 लाख और पजेशन तक 50 लाख तक का रिटर्न

FIXED PRICE

NO MIDDLE-MEN
DIRECT TO CUSTOMER

KEDIA सेजस्थान
KOTHI & WALK-UP APARTMENT
अजमेर रोड़, जयपुर

NPO NEW PRODUCT OFFER

31 अगस्त, 2023 को बंद हो रहा हैं।

## PROPOSED FIXED RATE & RENTAL



1.5 गुना रिटर्न

| युनिट टाइप कीमत (लाख में) | NPO New Product Offer आज की रेट | 31 अगस्त की रेट +5% | 30 सितम्बर की रेट +10% | 31 अक्टूबर की रेट +15% | 30 नवम्बर की रेट +20% | 31 दिसम्बर की रेट +25% | पजेशन की रेट +50% | POSSESSION DEC. 2025 पजेशन के बाद रेंटल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 BHK (GF) अपार्टमेंट | 45 L | 47.25 L | 49.50 L | 51.75 L | 54 L | 56.25 L | 67.50 L | 22,000 |
| 3 BHK (SF) अपार्टमेंट | 50 L | 52.50 L | 55 L | 57.5 L | 60 L | 62.50 L | 75 L | 25,000 |
| 3 BHK (FF) अपार्टमेंट | 55 L | 57.75 L | 60.5 L | 63.25 L | 66 L | 68.75 L | 82.50 L | 28,000 |
| 3 BHK BIG कोठी | 60 L | 63.00 L | 66 L | 69 L | 72 L | 75 L | 90 L | 30,000 |
| 4 BHK BIGGER कोठी | 70 L | 73.50 L | 77 L | 80.50 L | 84 L | 87.50 L | 105 L | 40,000 |
| 4 BHK BIGGEST कोठी | 100 L | 105 L | 110 L | 115 L | 120 L | 125 L | 150 L | 50,000 |

KEDIA®

1800 120 2323

info@kedia.com www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in | RERA No. RAJ/P/2023/2387

WALKTHROUGH QR CODE | DOWNLOAD BROCHURE | LOCATION QR CODE | ROUTE MAP | SITE TOUR 360 DEGREE

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

**कर्म वह आईना है जो हमारा स्वरुप हमें दिखा देता है। इसलिए हमें कर्म का एहसानमंद होना चाहिए। –विनोबा**

# सामाजिक संबंध और प्रसन्नता

सामाजिक संबंध और प्रसन्नता के बीच की कड़ी पर बहुत शोध है: खुश लोग दूसरों के साथ अधिक समय बिताते हैं, साथ ही, लोग सामाजिक रूप से जुड़े व व्यस्त लोग अधिक खुशी का अनुभव करते हैं। लेकिन, लोगों के सामाजिक संपर्क की कुल मात्रा के अलावा किस प्रकार के लोगों के साथ रिश्ते हों (परिवार के सदस्य, करीबी दोस्त, परिचित, अजनबी), और इनमें से प्रत्येक प्रकार के रिश्तों के साथ कितनी बातचीत या समय बिताया जाए? इन सब पर अभी तक कोई स्पष्ट और ठोस जानकारी उपलब्ध नहीं थी। अब हुई शोध यह सिद्ध करती है कि कल्याण (खुशी, प्रसन्नता, वेल-बीइंग) के लिए गतिविधियों, अनुभवों और भावनाओं में विविधता होना उपयोगी है। लगभग 50,000 से अधिक लोगों के सामाजिक पोर्टफोलियो और कल्याण के मध्य संबंध अर्थात् सामाजिक बातचीत और खुशी का आकलन करने से पता चलता है कि संबंधों की विविधता जितने अधिक प्रकार के लोगों के साथ होगी कल्याण का स्तर उतना ही बेहतर रहता है (देखें एच.के. कॉलिंस इत्यादि प्रोसीडिंग्सऑफ़ द नेशनल अकैडमीऑफ़साइंसेज यूनाइटेड स्टेट्सऑफ़ अमेरिका, 119 (43) ई2120668119, 2022)।

दिन में औसतन बातचीत का कौन सा पोर्टफोलियो सबसे अधिक मन प्रसन्न करता है? दो-चार करीबी दोस्तों के साथ बातचीत करना, या एक खास करीबी दोस्त, परिवार के एक सदस्य या सहकर्मी के साथ बातचीत करना? सामाजिक संपर्क की तलाश, संबंध, और मानवीय जुड़ाव,अपनेपन और साझा वास्तविकता की भावना का अनुभव करने की जन्मजात मानवीय आवश्यकता पर बड़ी शोध हो चुकी है। दरअसल, किसी व्यक्ति के दैनिक जीवन में सामाजिक संपर्क की मात्रामनोवैज्ञानिक कल्याण केसबसे सुसंगत कारणों में से एक है।सामाजिक संबंध और भलाई के बीच की कड़ी अच्छी तरह से ज्ञात है: एक पक्की विशेषता यह देखी गई है कि खुश लोग दूसरों के साथ अधिक समय बिताते पाए गए हैं। सामाजिक रूप से व्यस्त और लोगों के साथ निकटता की गहराई वाले लोग भी प्रायः उच्चस्तर का आनंद और प्रसन्नता प्राप्त करते हैं।

यह समझने के लिए हुई शोध कि विभिन्न प्रकार के साथियों में से किसके साथ सबसे अधिक आनंद और प्रसन्नता मिलती है, से पता चलता है कि सामाजिक तंत्र का दायरा जिसमें विविध प्रकार के साथी होते हैं, सकारात्मक परिणाम से जुड़े होते हैं। अच्छी मित्रता मृत्यु दर के जोखिम में कमी लाती है, व्यक्तिपरक भलाई में बेहतरी होती है और बेहतर सामाजिक सीख मिलती है। लेकिन नेटवर्क का दायरा सिर्फ विभिन्न संबंध प्रकारों के अस्तित्व या अनुपस्थिति को तो समझ पाता है, परन्तु उन संबंध श्रेणियों में इंटरैक्शन की सापेक्ष आवृत्ति को नहीं समझ पाता। उदाहरण के लिए,भाई-बहन का होना एक बात है परन्तु सिर्फ होना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि भाई-बहन के साथ बातचीत और मेल-जोल की आवृत्ति भी मायने रखती है।

शोध अब यह बिलकुल स्पष्ट कर चुकी है कि किसी के सामाजिक संबंधों में विविध प्रकार के संबंध होना भलाई, प्रसन्नता और कल्याण के लिए लाभप्रद है। इसमें विभिन्न प्रकार के रिश्ते और उनके बीच परस्पर मेल-जोल क्रियाओं का समान वितरण भी शामिल है। शोध से पता चला है कि गतिविधियों, अनुभवों और भावनाओं की विविधता होने से बेहतर कल्याण, प्रसन्नता और भलाई प्राप्त होती है। और इस विविधता में भी अधिक नियमित और गहरा सामाजिक संपर्क अधिक प्रसन्नता देने वाला व कल्याणकारी होता है (जे. सन इत्यादि, जर्नलऑफ़पर्सनालिटी एंड सोशलसाइकोलॉजी, 119(6): 1478-1496, 2020)।

अब मूल प्रश्न यह रहता है कि कैसे लोगों के साथ मित्रता अधिक आनंददायक होती है। इस विषय पर शोध कम है किंतु आयुर्वेद की संहिताओं में बड़ा रोचक सन्देश मिलता है। सामाजिक विविधता बढ़ाने के साथ यह ध्यान रखना चाहिए कि गलत लोगों के साथ मित्रता नहीं की जाए (च.सू.7.56-57): पापवृत्तवचःसत्त्वाःसूचकाःकलहप्रियाः। मर्मोपहासिनोलुब्धाःपरवृद्धिद्विषःशठाः।। परापवादरतयश्चपलारिपुसेविनः। निर्घृणास्त्यक्तधर्माणःपरिवर्ज्यानराधमाः।। मन, बातचीत और अपने कार्यों से गलत रास्ते में धकेलने वाले, चुगलखोर, झगड़ालू, मर्मप्रहारक उपहास करने वाले, लालची, दूसरे की उन्नित से जलने वाले, धूर्त, दूसरे की निंदा में आनंद लेने वाले, चपल, दुश्मनों का साथ देने वाले, निर्दयी, और अपने नियत कार्यों को छोड़ने वाले लोगों के साथ दोस्ती नहीं करना चाहिये। ऐसे लोग आपका जीवन बर्बाद कर सकते हैं। तब कैसे लोगों से मेलजोल बढ़ाएं? मित्रता उन्ही लोगों के साथ करें जो आपकी सामाजिक पूंजी को बढ़ाने में सक्षम हों (च.सू.7.58-59): बुद्धिविद्यावयःशीलधैर्यस्मृतिसमाधिभिः। वृद्धोपसेविनोवृद्धाःस्वभावज्ञागतव्यथाः।। सुमुखाःसर्वभूतानांप्रशान्ताःशंसितव्रताः। सेव्याःसन्मार्गवक्तारःपुण्यश्रवणदर्शनाः।। बुद्धि, विद्या, आयु, शील, धैर्य, स्मरणशक्ति और समाधि (असंभव या असाध्य कार्य करने के लिये कठिनाइयों में भी धैर्य के साथ लगे रहना) में कुशल, बड़ों की सेवा करने वाले, लोगों के स्वभाव को समझने की क्षमता रखने वाले, शारीरिक एवं मानसिक व्यथा से मुक्त, प्रसन्न मुख वाले, सबको शांत करने वाले, कहना मानने वाले, सही रास्ते में चलने की सलाह देने वाले, सुनने और देखना में कल्याणकारी लोगों का साथ करना ही उचित है।

**परिवार में पत्नी, पति, पिता, माता, भाई, बहन, पुत्र, पुत्री होने और कार्य में कर्मचारी-अधिकारी या स्वयं मालिक होने के कत्तर्व्य का सफल और सम्यक निर्वाह प्रसन्नता देता है। इसी प्रकार समाज के प्रति कत्तर्व्य निर्वाह में सामाजिक सद्वृत्तों का पालन प्रसन्नता देता है। कर्तव्य-विमुख व्यक्ति प्रसन्न नहीं रह सकता।**

यह जान लेने के बाद कि मित्रों के प्रकार में विविधता होनी चाहिए और उस विविधता में कैसे लोग होना चाहिए और कैसे नहीं होना चाहिए, अगला मूल प्रश्न यह उठता है कि इन लोगों के साथ ऐसा क्या किया जाए या कैसा इंटरेक्शन किया जाए कि आनंद और प्रसन्नता में वृद्धि हो? इस प्रश्न का उत्तर भी आयुर्वेद में अधिक सुसंगत और प्रभावी है। मूल रूप से ऐसे लोगों के प्रति हमारे जो भी उचित कर्तव्य हैं, उनका पालन प्रसन्नता देने वाला महत्वपूर्ण कारक है (च.शा.2.41): धर्म्याः क्रिया हर्षनिमित्तमुक्ताः – कत्तर्व्यसंगत, कानूनी रूप से वैध या नियत कर्तव्यों के पालन को हर्ष का निमित्त कहा गया है। व्यक्ति के स्वयं के प्रति, परिवार के प्रति, परिवार में विभिन्न रिश्तों के प्रति और समाज और देश के प्रति कुछ कर्तव्य निर्धारित होते हैं। इन सबका यथार्थ-बोध होना, और तदनुसार आत्म-नियंत्रित रहकर भली-भांति निभाना प्रसन्नता देता है। व्यक्ति का अपने शरीर को स्वस्थ और प्राणवान रखने हेतु निहित कर्तव्यों का निर्वाह प्रसन्नता देता है। परिवार में पत्नी, पति, पिता, माता, भाई, बहन, पुत्र, पुत्री होने और कार्य में कर्मचारी-अधिकारी या स्वयं मालिक होने के कत्तर्व्य का सफल और सम्यक निर्वाह प्रसन्नता देता है। इसी प्रकार समाज के प्रति कत्तर्व्य निर्वाह में सामाजिक सद्वृत्तों का पालन प्रसन्नता देता है। कर्तव्य-विमुख व्यक्ति प्रसन्न नहीं रह सकता। विश्व की सर्वाधिक महत्वपूर्ण जर्नल्स में 1998 से 2023 के बीच प्रकाशित 88 शोधपत्र भी यही सिद्ध करते हैं कि प्रसन्नता देने वाले कारकों में दूसरों के प्रति सद्भावनापूर्ण कत्तर्व्यनिर्वहन, उन्हें समय देना, उनकी मदद में धन खर्च करना और समाजोपयोगी कार्य करना जिसे शोध में प्रोसोशियालिटी शब्द द्वारा स्पष्ट किया गया है, प्रसन्नता देने वाला महत्वपूर्ण कारक है। दीर्घकालीन खुशी सिर्फ विश्व के साथ सार्थक संबंध में निहित है। यहाँ सार्थक का मतलब स्वार्थ नहीं है (उदाहरण के लिये देखें, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ एनवायर्नमेंटल रिसर्च एंड पब्लिक हेल्थ, 17: 1-12, 2020; साइंस, 319:1687-1688, 2008; जर्नल ऑफ़ हैप्पीनेस स्टडीज, 13:347-355, 2012; करेंटडायरेक्शन्स इन साइकोलॉजिकल साइंस, 23:41-47, 2014)। इस रणनीति में बढ़िया शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य, लोगों का कल्याण, लचीलापन, जीवन का सार्थक उद्देश्य, जीवन में स्वास्थ्य संबंधी गुणवत्ता और सामाजिक भागीदारी जैसे कारक समाहित हो जाते हैं जिन्हें शोध में प्रसन्नता के लिये उपयोगी पाया गया है।

जिन लोगों के साथ मेलजोल अधिक प्रसन्नता देता है, यह जान लेने के बाद अब अंत में यह समझना भी आवश्यक है कि आप उन लोगों के जीवन में बेहतरी लाने के लिए क्या कर सकते हैं ताकि प्रसन्नता पारस्परिक हो? स्वयं के लिये सुखकारी और समाज और मित्रों के लिये हितकारी जीवन जीने की साझा युक्ति ही प्रसन्नता देती है (च.सू.30.24): तत्रशारीरमानसाभ्यांरोगाभ्यामनभिद्रुतस्यविशेषेणयौवनवतः समर्थानुगतबलवीर्ययशःपौरुषपराक्रमस्यज्ञानविज्ञानेन्द्रियेन्द्रियार्थबलसमुदयेवर्तमानस्यपरमर्द्धिरुचिरविविधोपभोगस्यसमृद्धसर्वारम्भस्ययथेष्टविचारिणःसुखमायुरुच्यते;असुखमतोविपर्ययेण;हितैषिणःपुनर्भूतानांपरस्वादुपरतस्यसत्यवादिनःशमपरस्यपरीक्ष्यकारिणोऽप्रमत्तस्यत्रिवर्गंपरस्परेणानुपहतमुपसेवमानस्यपूजार्हसम्पूजकस्यज्ञानविज्ञानोपशमशीलस्यवृद्धोपसेविनःसुनियतरागरोषेर्ष्यामदमानवेगस्यसततंविविधप्रदानपरस्यतपोज्ञानप्रशमनित्यस्याध्यात्मविदस्तत्परस्यलोकमिमंचामुंचावेक्षमाणस्यस्मृतिमतिमतोहितमायुरुच्यते; अहितमतोविपर्ययेण।। शारीरिक और मानसिक रोगों से पूरी तरह मुक्त, विशेष रूप से युवावस्था, हर कार्य करने का सामर्थ्य और उसके अनुरूप बल, वीर्य, यश, पराक्रम, ज्ञान, कौशल, इंद्रियों और इंद्रियों के विषयों के बल के समुदाय से युक्त, उत्तम धन-सम्पदा एवं विविध प्रकार के उपभोग में सक्षम, जो कार्य प्रारम्भ किये वे सभी कार्य पूर्ण हो गये हों और स्वयं की इच्छा अनुसार चलने-फिरने वाले व्यक्ति का जीवन सुखी जीवन होता है। इसके उलट दुःखी जीवन होता है। समकालीन शोध के अनुसार भी बढ़िया स्वास्थ्य, उत्तम शारीरिक-मानसिक सामर्थ्य, नियमित व्यायाम, प्राकृतिक स्थलों और बाग़-बगीचों में घूमना-फिरना, उत्तम मित्रों और परिवार के साथ समय बिताना, शिक्षा, कौशल, धन-संपत्ति अर्जित करना, कार्यों में सफलता तथा इच्छा अनुसार आने-जाने के लिये समय, सामर्थ्य और स्वतंत्रता बड़ी प्रसन्नता देते हैं। (देखें, प्रोसीडिंग्स ऑफ़ द नेशनल अकैडमी ऑफ़ साइंसेज ऑफ़ यूएसए, 100:11176-11183, 2003; 107:22463-22468, 2010; 114:8523-8527, 2017; 116:1207-1212, 2019; 117:6463-6468, 2020)।

अपना कल्याण सुनिश्चित करते हुये, सभी प्राणियों के हितचिंतक, दूसरे का धन छीनने से बचने वाले, सत्य बोलने वाले, शांतिप्रिय, कार्यों को सोच विचार कर करने वाले, सावधान, अर्थ, धर्म, काम का सम्यक सेवन करने वाले, श्रेष्ठ व्यक्तियों का सम्मान करने वाले, ज्ञानशील, विज्ञानशील, शांतिशील, बड़े-बूढ़ों की सेवा करने वाले, राग, क्रोध, ईर्ष्या, मद, मान के वेगों पर उच्चकोटि का नियंत्रण रखने वाले, निरंतर दानशील, नित्य आत्म-नियंत्रित, ज्ञान, शांति, विनम्रता, आध्यात्म के जानकार और प्रयोग में लेने वाले, लोक-परलोक का विचार करने वाले, स्मरण-शक्ति और बुद्धि से युक्त व्यक्ति की आयु हितायु कही जाती है। समकालीन शोध में प्रोसोशियालिटी के विविध आयाम यही हैं। सुखायु स्वयं के लिये है और हितायु समाज के लिये है। शोध में भी यही स्थिति स्पष्ट होती है (उदाहरण के लिये देखें, एनुअल रिव्यू ऑफ़ पब्लिक हेल्थ, 40:339-359, 2019)।

उत्तम मित्रों का साथ ठीक है लेकिन आयुर्वेद यह भी चेतावनी देता है कि अकेले खुश मत होइये, हितायु का ध्यान रखते हुये प्रसन्नता साझा कीजिये (च.सू.8.26) नैकः सुखी। अकेले सुखी न हों, सुख को समाज के साथ बांटिये। दीर्घकालिक अध्ययन स्पष्ट करते हैं कि हमारी खुशी उन सबकी खुशी पर निर्भर करती है जिनके साथ हम जुड़े हुये हैं (देखें, ब्रिटिश मेडिकल जर्नल, 338:23-26, 2009)।

निष्कर्ष रूप में, लोगों का समय कीमती और सीमित है, जिससे उनके जीवन में अधिक सामाजिक संपर्क जोड़ना मुश्किल हो जाता है। शोध के निष्कर्षों से संकेत मिलता है कि एक विविध सामाजिक पोर्टफोलियो रहने से किसी का बहुत अधिक समय न लेते हुए भी भलाई में सुधार करने का एक प्रभावी तरीका मिलता है। विभिन्न प्रकार के लोगों के साथ मेल-जोल बनाकर, व्यक्ति अपने समय का कुशलतापूर्वक प्रबंधन करते हुए भी सामाजिक समर्थन का लाभ उठा सकते हैं। ऐसा करने के लिए हमें अपने नियत कर्तव्यों का पालन और अपने जीवन को समर्थ और लोगों के लिए कल्याणकारी बनाना भी आवश्यक है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**( इंडियन फॉरेस्ट सर्विस में वरिष्ठ अधिकारी )**
**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं। )**

# देश की स्वतंत्रता में जैन धर्म एवं जैन धर्मावलम्बियों का योगदान


भागचंद जैन मित्रपुरा

**''दे दी हमें आजादी बिना खड्ग बिना ढाल,**
**साबरमती के संत तूने कर दिया कमाल।''**

यह सर्व विदित है कि 76 वर्ष पूर्व देश को स्वतंत्रता जैन धर्म के अहिंसा व सत्य के सिद्धांत की पालना करने से ही प्राप्त हुई है। गांधीजी पर अहिंसा का प्रभाव बचपन से पड़ गया था। बचपन में ही उनके अंदर जैन संस्कार थे। उनकी माता सूर्यास्त से पूर्व भोजन करती थी। गांधी जी को पढ़ाई के लिए विदेश भेजना था। उनके माता-पिता ने जैन गुरु से पूछा तब जैन गुरु ने उन्हें वहां जाकर नशा, अंडा, मीट व पराई स्त्री से दूर रहने का नियम दिलाया। विदेश में उन्हें लोगों द्वारा काफी भटकाने की कोशिश करने के उपरांत भी वे अपने नियम पर अड़े रहे। उन्हें विदेश में धर्म परिवर्तन करने के लिए भी कहा गया। फिर महात्मा गांधी ने जैन भाई राय चंद जिन्हें जैन धर्म के सिद्धांतों की गहन जानकारी थी, उन्हें समाधान के लिए 50-60 प्रश्न भेजकर उनका उत्तर जानना चाहा। गांधी जी के, उनके उत्तर से, सभी संदेह दूर हो गए तथा धर्म परिवर्तन नहीं किया। गांधी जी जन्म से नहीं कर्म से जैन थे। अंततोगत्वा महात्मा गांधी के अहिंसात्मक आंदोलन के कारण ही अंग्रेजों को भारत छोड़ना पड़ा और स्वतंत्रता की प्राप्ति हुई। अहिंसा के बल पर ही वह आज राष्ट्र पिता के नाम से जाने जाते हैं।

भारत के स्वतंत्रता संग्राम मे देश के सभी धर्मावलंबियों ने जेल की यातनाएं सहकर एवं बलिदान देकर भारत को स्वतंत्रता दिलाने में सहयोग दिया। जैन धर्मावलंबी भी देश की स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी रहे है। जैन धर्मावलंबियों ने भी स्वतंत्रता के इस महायज्ञ में अपना सर्वस्व समर्पण किया है एवम लगभग 20 जैन शहीदों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया। ग्वालियर नरेश के खजांची अमर शहीद अमरचंद जी बांठिया ने खजाना खोलकर स्वतंत्रता के प्रहरियों की सहायता की। बहादुरशाह जफर के दोस्त लाला हुकमचंद जैन व उनके भतीजे फकीरचंद जैन को उन्हीं के मकान के आगे फाँसी पर लटका दिया। इसी तरह मोतीचंद शाह, उदयचंद जैन, साबूलाल जैन, अर्जुनलाल सेठी जैसे अनेक क्रांतिकारी सेनानियों के कारनामों से इतिहास भरा पड़ा है। डॉ. कपूरचंद जैन एवं डॉ. श्रीमती ज्योति जैन ने इस संबंध में खोजबीन की है और उन्होंने भरसक प्रयत्न किया है उन जैन वीरों को खोजने का जिन्होंने स्वतन्त्रता संग्राम में अपनी आहुति दी है। स्वतंत्रता सेनानी पंजाब केसरी लाला लाजपतराय की दादी जैन धर्मावलंबी थी और वह किसी साधु को भोजन कराये बिना स्वयं भोजन नहीं करती थीं।

जैन पत्रकारिता के पितामह बाबू ज्योतिप्रसाद जैन द्वारा 'जैन प्रदीप' में 1930 में 'भगवान महावीर और गांधीजी' नामक उर्दू में छपे लेख से अंग्रेज इतना डर गये थे कि उन्होंने इस समाचार पत्र की सारी प्रतियाँ ही जब्त कर ली थी और इसके प्रकाशन पर रोक लगा दी गई थी। प्रसिद्ध साहित्यकार कल्याण कुमार 'शशि' तथा श्यामलाल पाण्डवीय की पुस्तक और पत्रिका भी जब्त कर ली गई थी। इस तरह अनेक जैन पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से जैन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने आजादी के यज्ञ में तन-मन-धन, साहित्य तथा क्रांतिकारी विचारों से समर्पण भाव से सहयोग दिया।

पं. बंशीधरजी व्याकरणाचार्य, पं. फूलचंद जी सिद्धांत शास्त्री, पं. खुशालचंदजी गोरावाला जैसे प्रसिद्ध विद्वानों ने भी जेल की कठिन यातनाएँ सहन की थी। लगभग 5 हजार से भी अधिक जैन धर्मावलंबी जेल गये और सैकड़ों जैनियों ने जेल से बाहर रहकर तन-मन-धन से बढ़-चढ़कर यथा संभव सहयोग दिया। स्वतंत्रता सेनानी सनावद के कमलचंद जैन एडवोकेट का देवदर्शन बिना भोजन नहीं करने का नियम था। दशलक्षण पर्व के दिनों में वह जेल में थे, उन्होंने अनशन कर दिया तथा जेल में ही प्रतिमाजी लाने की अनुमति मिली। वे प्रतिदिन अभिषेक पूजन के साथ दोपहर को तत्वार्थसूत्र का पाठ करते और संध्या को सामायिक अपने अन्य जैन साथियों के साथ करते थे। भोजन भी अपने हाथों से बनाकर शुद्ध भोजन दिन में एक बार करते थे। इसी तरह 1943 में इन्दौर के सेण्ट्रल जेल में म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री श्री मिश्रीलाल गंगवाल भैयाजी तथा पद्मश्री बाबूलालजी पाटोदी ने भी जेल में ही रहकर सारी दैनिक क्रिया पर्व के अनुसार करते हुए तथा शुद्ध भोजन करते हुए पर्व मनाया। महान क्रांतिकारी अर्जुनलाल सेठी ने बेलूर जेल में 56 दिनों तक निराहार व्रत करते हुए दर्शन-पूजन के लिये जिनेन्द्र प्रतिमा नहीं दिये जाने का विरोध किया। जैन जागृति का शंखनाद करने वाले तथा अनेक जैन पत्र-पत्रिकाओं का संपादन करने वाले श्री अयोध्या प्रसाद गोयलीय के पिता श्री रामशरणदास जी ने भी जेल में रहकर 6 माह तक केवल नमक को पानी में घोलकर रोटी इसलिये खाई, क्योंकि जेल में मिलने वाली सब्जी में प्याज रहता है था, उनके मौन सत्याग्रह की आखिर में विजय हुई तथा बिना प्याज की सब्जी इनके लिये अलग से बनने की जेल अधिकारियों ने मंजूरी दी।

**''अत्याचार कलम मत सहना, तुझे कसम ईमान की''** जैसी क्रांतिकारी रचना के कारण प्रसिद्ध कल्याण कुमार 'शशि' जो कभी विद्यार्थी नहीं रहे, कोई डिग्री जिन्होंने प्राप्त नहीं की, उन पर एक अंग्रेज एस.पी. पर बम फैकने के अपराध में रावलपिण्डी और कश्मीर की जेलों में यातना सहना पड़ी। मध्यभारत के प्रथम मुख्यमंत्री श्री लीलाधरजी जोशी मंत्रिमण्डल में केबिनेट मंत्री रहे इन्दौर के कुसुमकान्त जैन को जब क्रांतिकारियों ने बम ले जाने और आग लगाने के निर्देश दिये तो उन्होंने यह कहकर मना कर दिया कि मैं जैनी हूँ, हिंसा का काम नहीं करूँगा। इसी तरह गोवर्धन दास जी जैन आगरा में रहकर स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जैन संस्कारों का स्वयं पालन किया करते थे। खजुराहो के निकट गाँव में पैदा हुए शहीद छोटेलालजी जैन के साथ जब जेल में खाने पीने की जबरदस्ती की गई तो उन्होंने अनशन करते हुए अपना दृढ़ निश्चय का सिंहनाद किया कि जब तक छना पानी और शुद्ध भोजन नहीं मिलेगा तब तक एक बूँद भी अन्न-जल ग्रहण नहीं करूँगा। अंततः शासन को झुकना पड़ा। जबलपुर के पनागर में जन्मे सिंघई जवाहरलाल जैन का वाक्या भी कुछ ऐसा ही है। दश लक्षण पर्व में वे अपने 40-50 जैन साथियों सहित जेल में थे, उन्होंने जेल में इस बात को लेकर सत्याग्रह किया कि पर्व के दिनों में अपने हाथ से बना शुद्ध भोजन ही ग्रहण करेंगे, जिसमें उन्हें सफलता प्राप्त हुई और दसों दिन पर्व में पूजन भजन के साथ सात्विक भोजन ही किया।

पन्ना दमोह क्षेत्र से सांसद रहे प्रसिद्ध सामाजिक राजनीतिक पदों को सुशोभित करने वाले श्री डालचंद जैन ने स्वतंत्रता आंदोलन में शरीक उन सभी जैन सेनानियों की जेल में शुद्ध भोजनादि की व्यवस्था की। आचार्य नेमिसागर महाराज ने भी गृहस्थ अवस्था में स्वाधीनता आंदोलन में सक्रिय सहयोग दिया था। ग्यारह माह तक लाहौर जेल में रहे, जेल की अशुद्ध रोटी नहीं खाई। कई दिनों तक उपवास किया। अंत में शुद्ध भोजन की व्यवस्था हुई। इसी तरह क्षुल्लक पदमसागर जी महाराज ने भी गृहस्थ अवस्था में स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय सहयोग दिया। उन्हें बड़ौदा में 144 धारा तोड़ने के कारण जेल जाना पड़ा। जैन समाज के प्रख्यात विद्वान पं. परमेष्ठीदास जी भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय रहते हुए जेल गये।

20वीं सदी के अग्रगण्य जैन विद्वानों में पं.फूलचंद जी शास्त्री का नाम आदर से लिया जाता है। वे भी ललितपुर में गिरफ्तार हुए और जेल गये। वे विदेशी वस्त्र एवं सामग्रियों का उग्रतापूर्वक बहिष्कार करते थे स्वयं देशी वस्त्र पहनते थे। जैन दर्शन के उद्भट विद्वान पं.बंशीधर जी व्याकरणाचार्य भी इस मातृभूमि को स्वतंत्रता दिलाने में पीछे नहीं रहे। पद्म श्री बाबूलाल जी पाटोदी समाज के सम्मानित और प्रतिभावान नेता तो रहे ही हैं, स्वतन्त्रता आंदोलन में 1939 से ही सक्रिय हो गये थे और अपने जीवन में अनेक बार जेल की दारुण यातनाएँ सहनी पड़ीं।

इन्दौर के तत्कालीन मध्यभारत के मुख्यमंत्री रहे मालवा के गांधी के नाम से प्रसिद्ध श्री मिश्री लाल जी गंगवाल भैय्याजी ने अनेक आंदोलनों में हिस्सा लिया तथा जेल यात्राएँ भी की। वे आध्यात्मिक भजनों के विनोदी थे। धार्मिक सभाओं के अलावा राजनीतिक सभाओं में भी अपने भजनों से सुनने वालों को मंत्रमुग्ध कर देते थे। उनके जीवन की घटनाओं के अनुसार वे कट्टर शाकाहारी थे। इस नियम का राजनीतिक उच्च पद पर रहकर भी कितनी दृढ़ता से पालन करते थे, वह स्तुत्य एवं अनुकरणीय है।

जैन धर्म के सिद्धांत कितने महान हैं, इसका प्रमाण यह है कि भारतवर्ष के संविधान में जैन धर्म के मूलभूत अहिंसा धर्म के सिद्धांत जीव मात्र के प्रति दया भाव को संविधान में शामिल कर इसे नागरिकों के मूल कर्तव्य के रूप में प्रतिपादित किया गया है, तथा भारत वर्ष का संविधान बनाने वाली संविधान निर्माता समिति में 5 जैन धर्मावलंबियों को शामिल किया गया था। जिनमें श्री रतनलाल जी जैन मालवीय, अजितप्रसाद जी जैन, भवानी अर्जुन खीमजी, बलवंतसिंह मेहता और कुसुमकांत जी जैन शामिल थे। कह सकते है कि अहिंसा भी एक धारदार हथियार है जो किसी को शरीर से नहीं मन से मारता है। मन से मारने में सामने वाले को अपनी बुराई छोड़ने में खुशी का अनुभव होता है, उसकी आत्मा परम पवित्र बन जाती है। चारो ओर निर्भय का वातावरण बन जाता है, स्वतंत्रता का अनुभव होता है। जैन धर्म के सिद्धांत शाश्वत सत्य है, पुराने जमाने से लेकर आज तक इनमे कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। विश्व शांति जैन धर्म के सिद्धांत अपना कर ही प्राप्त की जा सकती है।

**साभार 'सन्मतिवाणी'**
**संकलन : भागचंद जैन मित्रपुरा, अध्यक्ष अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, जयपुर।**

# खिलाड़ियों को ट्रैक्टर-ट्रॉली और लोडिंग पिकअप से खेल मैदान पर लाया जा रहा है

## माण्डलगढ़ के राजकीय महाराणा उच्च माध्यमिक विद्यायल के खेल मैदान पर ग्रामीण ओलम्पिक खेल कूद प्रतियोगिता चल रही हैं

- **ग्राम विकास अधिकारियों ने ओलम्पिक खेल के खिलाड़ियों की जान जोखिम में डाली**
- **खेल मैदान पर आवारा सांड के विचरण से हादसा होने की आशंका भी बनी हुई हैं**

**माण्डलगढ़,** (निसं)। माण्डलगढ़ में आयोजित ब्लॉक स्तरीय राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल प्रतियोगिता में नियम कायदे की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। यहां मानव जीवन को जोखिम में डाल कर खिलाड़ियों को मालवाहक वाहनों में भर कर लाया ले जाया जा रहा है। वही खेल मैदान पर आवारा साँड़ के विचरण से खिलाड़ियों पर हादसे की आशंका बनी हुई है।खिलाड़ियों की सुरक्षा के प्रति गम्भीर लापरवाही सामने आई है।


**राजीव गांधी ग्रामीणा ओलम्पिक खेल में खिलाड़ियों की जान जोखिम में डाल कर ट्रैक्टर ट्रॉलियों, लोडिंग पिकअप से लाया जा रहा है।**

माण्डलगढ़ के राजकीय महाराणा उच्च माध्यमिक विद्यायल के खेल मैदान पर पंचायत समिति माण्डलगढ़ द्वारा ब्लॉक स्तरीय ग्रामीण ओलम्पिक खेल कूद प्रतियोगिता चल रही हैं। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की ग्राम पंचायतों से माण्डलगढ़ के खेल मैदान तक लाने ले जाने की जिम्मेदारी ग्राम विकास अधिकारियों दी गई है। लेकिन ग्राम विकास अधिकारी सस्ता किराया या फ्री के लालच में मोटर व्हीकल एक्ट की अनदेखी कर खिलाड़ियों को ट्रैक्टर ट्रॉलियों, लोडिंग पिकअप गाड़ी में भरकर ला रहे हैं और वापस भी इन्ही वाहनों से ले जाया जा रहा है। जबकि मोटर व्हीकल एक्ट के तहत यह गैर कानूनी परिवहन हैं। इस दौरान हादसा होने पर कितने ही घरों के चिराग गुल हो सकते है।

वहीं यातायात नियमों के तहत हादसे में पीड़ित को कोई भी मुआवजा एवं राहत नहीं मिल सकती हैं।मामले को लेकर प्रशासन के अधिकारी एवं आयोजक से बात करने पर बचते नजर आए। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश हैं कि ग्रामीण खिलाड़ियों को यात्री वाहन में ही खेल मैदान तक लाया और ले जाया जाएगा। दूसरी ओर खेल मैदान पर आवारा सांड के विचरण को लेकर खिलाड़ियों की सुरक्षा के कोई पुख्ता व्यवस्था नजर नही आई है।

## राशिफल रविवार 20 अगस्त, 2023


पंडित अनिल शर्मा

द्वि. सावन मास (शुद्ध), शुक्ल पक्ष, चतुरथी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2080, हस्त नक्षत्र रात्रि 4:22 तक, साध्य योग रात्रि 9:58 तक, वणिज करण दिन 11:22 तक, चन्द्रमा आज कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-कन्या, बुध-सिंह, गुरू-मेष, शुक्र-कर्क, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज अमृत सिद्धि योग सूर्योदय से रात्रि 12:23 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से रात्रि 4:22 तक रहेगा। रवियोग रात्रि 4:22 से आरम्भ होगा। आज भद्रा दिन 11:22 से रात्रि 12:23 तक रहेगी। आज शुक्र उदय पूर्व में प्रातः 9:15 पर होगा। आज वरद विनायक चतुरथी, दूर्वा गणपति व्रत है। श्रवण तपस्या आरम्भ होगी।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 7:41 से 9:17 तक, लाभ-अमृत 9:17 से 12:30 तक, शुभ 2:07 से 3:43 तक।

**राहूकालः** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 6:04, सूर्यास्त 6:56

**मेष**
परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। किसी भी कारण से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। विवादित मामलों से राहत मिलेगी। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

**वृष**
परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। अनावश्यक धन खर्च होगा।

**मिथुन**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में शुभ-धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। आपसी वाद-विवाद से राहत मिलेगी।

**कर्क**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आज नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**सिंह**
आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। मनोरंजन पर धन खर्च हो सकता है। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा।

**वृश्चिक**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में सार्थक सफलता मिलेगी।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

**मकर**
परिवार में शुभ-धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

**कुंभ**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। व्यावसायिक परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा।

**मीन**
परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। परिवार में शुभ-धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**When We Almost Shared The Tiger's Dinner**

Suddenly from the northern side, a metallic dhak, the call of a sambar deer echoed in the jungle.

**Better Smartphone Photos**

The smartphone is now the go-to camera - but how can you take the best smartphone photos?



*आकाश में ड्रोन्स की गतिविधियां बढ़ रही हैं। तस्वीरें खींचने से लेकर फसलों की निगरानी और सामान की डिलीवरी तक, कई काम अब ड्रोन करते हैं। लेकिन एक प्रश्न यह है कि, पक्षी अपनी टैरिटरी में हो रहे इस हस्तक्षेप से कैसे प्रभावित होते हैं। क्वीन्सलैंड के मोरटन बे क्षेत्र में एक प्रयोग के तहत जब पक्षी झुण्डों की तरफ ड्रोन उड़ाए गए तो यह बात सामने आई कि, कई प्रजातियों पर इसका असर नहीं पड़ता है, बशर्ते कि ड्रोन छोटा हो और 60 मीटर की ऊँचाई के ऊपर उड़ रहा हो। तथापि, ईस्टर्न कर्लू चिड़ियाँ इसका एकमात्र अपवाद पाई गईं। गंभीर रुप से संकटग्रस्त ये चिड़ियाँ ड्रोन से चौकन्नी हो गईं और उड़कर दूर चली गईं। यहां तक कि, 120 मीटर ऊपर उड़ रहे छोटे से ड्रोन से भी वे काफी सतर्क होती देखी गईं। जब ईस्टर्न कर्लू ने उड़ान भरी तो आसपास मौजूद अन्य पक्षी भी घबरा गए और सभी एक साथ उड़ गए। इससे स्पष्ट हुआ कि, ड्रोन से पक्षियों के आराम और भोजन में व्यवधान पड़ता है और पक्षी उस जगह को हमेशा के लिए छोड़ भी सकते हैं। अगर पक्षियों को उनके पसंदीदा आवास से इसी प्रकार दूर होना पड़ेगा तो उनकी प्रजनन क्षमता प्रभावित होगी और धीरे-धीरे वे लुप्त हो जाएंगे। यह स्थिति ईस्टर्न कर्लू जैसी प्रजातियों के लिए ज्यादा कष्टप्रद है, जो हजारों किलोमीटर दूर से मोरटन बे क्षेत्र में प्रजनन के लिए आती हैं। विश्व की सबसे बड़ी माइग्रेटरी शोर बर्ड, ईस्टर्न कर्लू, के लिए गत कुछ दशक बेहद खराब रहे हैं। वर्ष 2011 की एक रिसर्च से पता लगा था कि, तीन पीढ़ियों में इस प्रजाति की आबादी 80 प्रतिशत तक घटी है। हालांकि अभी तक शोर बड्र्स की आबादी कम होने में ड्रोन की कोई बड़ी भूमिका सामने नहीं आई है पर इन नतीजों से संकेत मिला है कि, अन्य खतरों के साथ- साथ कोस्ट लाइन पर ड्रोन की मौजूदगी पक्षियों के लिए बड़ी मुसीबत बन सकती है। मोरटन बे फाउण्डेशन द्वारा करवाए गए इस शोध में शोधकर्ताओं ने स्पष्ट मानदंड तय किए हैं कि, पक्षियों को कितनी स्पेस दी जाए जिससे उन्हें ड्रोन्स से न्यूनतम परेशानी हो। शोधकर्ताओं ने कहा है कि ड्रोन 250 मीटर ऊपर संचालित किए जाने चाहिए।*

# 'राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ेंगे और प्रियंका वाराणसी से'

## सवाल यह है कि, यू.पी. में कांग्रेस की तरफ से इन दिनों अक्सर ऐसे दावे क्यों किए जा रहे हैं

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 अगस्त। क्या राहुल गांधी वर्ष 2024 का लोकसभा चुनाव अमेठी से लड़ेंगे और क्या प्रियंका गांधी वाड्रा वाराणसी से चुनाव मैदान में उतरेंगी? कांग्रेस खेमे की ओर से इन दिनों ऐसे विचारों को क्यों प्रचारित किया जा रहा है?

- **पहले तो राहुल गांधी के लिए, उत्तर प्रदेश कांग्रेस के नए अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि, अमेठी की जनता चाहती है कि, राहुल अमेठी से चुनाव लड़ें। बाद में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हरीश रावत ने इस दावे को यह कह कर मजबूती दी कि, राहुल अमेठी और वायनाड़ दोनों जगहों से चुनाव लड़ेंगे।**
- **प्रियंका के लिए उनके पति रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि, वे जल्दी ही चुनावी राजनीति में कदम रखेंगी। अजय राय ने भी प्रियंका के वाराणसी से चुनाव लड़ने की बात कही। आश्चर्य की बात है कि, शिव सेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने भी कहा कि, प्रियंका गांधी अगर वाराणसी से चुनाव लड़ती हैं तो अवश्य जीतेंगी।**
- **इधर रायबरेली से सोनिया गांधी के चुनाव लड़ने पर अनिश्चितता है, क्योंकि उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है। चर्चा है कि, सोनिया चुनावी दौड़ से हट सकती हैं। ऐसा हुआ तो रायबरेली सीट बचाने की जिम्मेवारी भी राहुल व प्रियंका पर आ जाएगी।**

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि राहुल अमेठी से चुनाव लड़ेंगे, लेकिन बाद में उन्होंने अपने बयान में संशोधन करते हुए कहा कि अमेठी की जनता चाहती है कि राहुल वहां से चुनाव लड़ें। कांग्रेस के सीनियर नेता हरीश रावत ने आज इन अफवाहों को और बल दिया, जब उन्होंने कहा कि राहुल अमेठी और वायनाड, दोनों जगहों से चुनाव लड़ेंगे।

जहां तक प्रियंका की बात है तो उनके पति रॉबर्ट वाड्रा ने हाल ही कहा था कि प्रियंका जल्दी ही चुनावी राजनीति में उतरेंगी। अजय राय ने कहा है कि प्रियंका कहीं से भी चुनाव लड़ने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन इसके लिए यदि वह वाराणसी का चयन करती है तो पार्टी कार्यकर्ता उनके लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा देंगे।

आश्चर्यजनक बात यह है कि शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने भी यह कहते हुए इस विचार का समर्थन किया है कि प्रियंका यदि वाराणसी से चुनाव लड़ती हैं तो वहां से उनका जीतना तय है।

राहुल का अमेठी से चुनाव लड़ना थोड़ा-बहुत तर्कसंगत प्रतीत होता है क्योंकि जो सीट वह वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में स्मृति ईरानी के हाथों 55 हजार वोटों से हार गए थे, उसे पुनः जीतने का प्रयास कर वह यह मैसेज दे सकते हैं कि लोकसभा में 80 सांसद भेजने वाले उत्तर प्रदेश को कांग्रेस ने अभी त्यागा नहीं है।

दूसरा यह कि अमेठी का चुनावी मुकाबला राहुल गांधी को एक ऐसे समय में अपनी भारत जोड़ो यात्रा को भुनाने का मौका देगा, जबकि अल्पसंख्यक मुस्लिम कांग्रेस के पक्ष में लामबंद हो रहे हैं। तीसरा यह कि राहुल गांधी को अमेठी से चुनाव मैदान में उतारने का निर्णय अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी के साथ कांग्रेस की सीट शेयरिंग संभावनाओं में तेजी ला सकता है।

इसके साथ ही सोनिया गांधी के चुनाव लड़ने के प्रश्न पर अनिश्चितता बरकरार है कि खराब स्वास्थ्य से जूझ रहीं सोनिया गांधी क्या उत्तर प्रदेश की रायबरेली सीट से चुनाव लड़ेंगी। यदि सोनिया वर्ष 2024 का लोकसभा चुनाव ना लड़ने का विकल्प चुनती हैं तो उत्तर प्रदेश में पार्टी और परिवार की विरासत रही इस सीट को बचाने की जिम्मेवारी राहुल और प्रियंका पर होगी। उम्मीद है कि कांग्रेस के यू.पी.2 प्लान का खाका आगामी हफ्तों में तैयार कर लिया जाएगा।

# राहुल अपनी बाइक के.टी.एम. 390 से लद्दाख रवाना

## 20 अगस्त को पैगोंग लेक पर वे अपने पिता राजीव गांधी की जयंती मनाएंगे

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 अगस्त। "भारत की खोज" के अपने अभियान के तहत कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज लद्दाख की पैंगोंग लेक के लिए बाइक पर रवाना हुए जहां कल वह अपने पिता एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती मनाएंगे।

- **राहुल ने इन्स्टाग्राम पर बाइक चलाते हुए तस्वीरें साझा कीं, जिनमें वे बाइकिंग के लिए आवश्यक सभी चीजों के साथ नजर आ रहे हैं।**
- **बाइक राइडिंग की तस्वीरें और विडियो निस्संदेह युवा वर्ग में राहुल गांधी की लोकप्रियता बढ़ाने में सहायक होंगे।**
- **राहुल कारगिल भी जाएंगे, जहां संभवतया वे उमर अब्दुल्लाह के साथ मिलकर एक रैली को भी संबोधित करेंगे। ज्ञातव्य है कि, सितम्बर में लद्दाख ऑटोनॉमस हिल डवलपमैंट काउन्सिल के चुनाव हैं।**

लद्दाख का कार्यक्रम मूलतः दो दिन के लिए था, लेकिन 10 सितंबर को होने जा रहे लद्दाख ऑटोनोमस हिल डवलपमैंट काउन्सिल (एल.ए.एच.डी.सी.) कारगिल के चुनावों को देखते हुए उन्होंने अपने कार्यक्रम में बदलाव कर दिया। वह 24 अगस्त को कारगिल जा रहे हैं, जो लेह से 200 कि.मी. दूर है। उम्मीद है कि वह चुनावी गतिविधियों के लिए अपने पार्टी कार्यकर्ताओं को सक्रिय करेंगे।

पार्टी सूत्रों ने बताया कि नैशनल कॉन्फ्रैंस (एन.सी.) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला 25 अगस्त की सुबह हो रही एक सार्वजनिक रैली में राहुल गांधी के साथ मौजूद रह सकते हैं।

कांग्रेस व एन.सी. ने एल.ए.एच.डी.सी. चुनावों के लिए एक गठबंधन बनाने का निर्णय लिया है। हम उम्मीद करते हैं कि अब्दुल्लाह यहां धर्मनिरपेक्ष ताकतों की आवाज को बुलंद करेंगे। कारगिल में भाजपा मुख्य विपक्षी पार्टी बनी हुई है और उक्त दोनों पार्टियां भाजपा को आगे नहीं निकलने देना चाहती।

इस बीच, राहुल गांधी ने अपने ऑफीशियल इन्स्टाग्राम हैण्डिल के जरिए जो तस्वीरें साझा की हैं, उसमें उन्हें के.टी.एम. 390 एडवेंचर बाइक चलाते हुए देखा जा सकता है और अन्य बाइक सवार उनके पीछे चल रहे हैं।

राहुल को बाइक चलाने के दौरान पहने जाने वाले सभी साधनों सहित देखा जा सकता है, जैसे कि हैलमैट, दस्ताने, राइडिंग बूट्स और जैकिट। वह लद्दाख के मनोरम पहाड़ों के बीच बाइक चलाने का आनंद ले रहे हैं।

उनके इन्स्टाग्राम हैण्डिल के कैप्शन में लिखा है-"पैंगोंग लेक की ओर प्रस्थान, जिसके लिए मेरे पिता कहा करते थे कि यह दुनिया के सबसे खूबसूरत स्थानों में से एक है।"

राहुल गांधी ने अपनी यात्रा की कुछ तस्वीरें एक्स पर भी यानी कि पूर्ववर्ती

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

क्या आपको कम सुनाई देता है।?
ऑटोमेटिक कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
कॉकलियर इम्पलांट, ऑटिज्म
डिले स्पीच, हकलाना, तुतलाना
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
सम्पर्क- 94602 07080

# एक और सिंधिया समर्थक ने भाजपा छोड़ी

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 अगस्त। मध्य प्रदेश के सत्तारूढ़ भाजपा को एक और आघात लगा है, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निष्ठावान रहे समन्दर पटेल कल मध्य प्रदेश कांग्रेस

- **ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थक समंदर पटेल कांग्रेस में लौट आए हैं। इससे पहले बैजनाथ सिंह, राकेश गुप्ता भी भाजपा को छोड़कर कांग्रेस में वापसी कर चुके हैं।**

कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ की उपस्थिति में कांग्रेस में शामिल हो गये।

पार्टी नेताओं के अनुसार, पटेल अपने गृह नगर जवाड़, जो नीमच जिले मे है, से अपने समर्थकों के 1000 से अधिक वाहनों के काफिले के साथ राज्य की राजधानी भोपाल में कांग्रेस पार्टी कार्यालय पहुँचे। पी.सी.सी. प्रमुख कमलनाथ ने कहा, पटेल कांग्रेस की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तेलंगाना में क्या बी.आर.एस. और भाजपा के बीच अंदरूनी सांठगांठ है?

## तेलंगाना के राजनैतिक हल्कों में यह सवाल काफी चर्चित है

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 अगस्त। तेलंगाना अब पूरी तरह चुनावी "मोड़" में आ चुका है। सत्ता के तीनों प्रतिद्वंदियों- बी.आर.एस. (भारत राष्ट्र समिति), कांग्रेस और भाजपा की तैयारियाँ जोरों पर है। जहाँ कांग्रेस अपने पुनर्स्थापन के लिये मेहनत कर रही है, वहीं भाजपा, सत्तारूढ़ बी.आर.एस. को चुनौती दे रही है।

- **तेलंगाना के मुख्यमंत्री और बी.आर.एस. प्रमुख, के. चन्द्रशेखर राव, उनके पुत्र के.टी. रामाराव व पुत्री कविता, जिस तरह से कांग्रेस पर तीखे हमले कर रहे हैं, उससे इन अफवाहों को बल मिल रहा है कि, बी.आर.एस. और भाजपा में गुप्त समझौता हो गया है।**
- **चर्चा है कि, दिल्ली शराब घोटाले में कविता पर ई.डी. का शिकंजा कसने की वजह से बी.आर.एस. का रूख भाजपा के प्रति नर्म पड़ गया है।**
- **इसी बीच राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेस के पक्ष में जो माहौल बना था वह दिनों दिन बढ़ रहा है और बी.आर.एस. व भाजपा के नेताओं का कांग्रेस में आने का सिलसिला बना हुआ है।**

सत्तारूढ़ बी.आर.एस. की सबसे बड़ी चिन्ता कांग्रेस को लेकर है। इसका साफ संकेत इस बात से मिल रहा है कि इसके तीनों बड़े मंत्री के.टी. रामाराव तथा पुत्री कविता भाजपा की अनदेखी करते हुये, कांग्रेस पर मोर्चाबंदी के साथ हमले बोल रहे हैं। इससे बी.आर.एस. और भाजपा के बीच अन्तर्निहित समझबूझ की अफवाहों को बल मिल रहा है। यह समझबुझ उस समय शुरु हुई प्रतीत हो रही है, जब कविता के दिल्ली शराब घोटाले से जुड़ाव को लेकर वे ई.डी. के शिकंजे में फँसी थीं। लेकिन सत्तारूढ़ बी.आर.एस. के लिये, कांग्रेस के अलावा, एक बहुत बड़ा खतरा पार्टी के असंतुष्ट तत्व एवं बागी बने हुये हैं क्योंकि चुनावी लड़ाई त्रिकोणात्मक होने के नाते, जीत का अन्तर कम रहने की उम्मीद है।

वर्तमान संकेतों के चलते, बी.आर.एस. यह महसूस कर रही है कि कम से कम 25 विधायकों के लिये

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# प्रिविलेज पैनल ने 30 अगस्त को अधीर को तलब किया

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 अगस्त। लोकसभा प्रीविलेज कमेटी ने कांग्रेस ग्रुप नेता अधीर रंजन चौधरी से कहा है कि वे 11 अगस्त को सदन से मिले गये निलंबन पर अपना स्पष्टीकरण देने के लिये 30

- **अधीर रंजन चौधरी से 11 अगस्त के व्यवहार के बारे में सफाई मांगी जाएगी। सूत्रों का कहना है कि, पैनल निलम्बन को वापस लेने के मूड में है।**

अगस्त को कमेटी के समक्ष उपस्थित हों। ज्ञातव्य है कि मानसून सत्र के अंतिम दिन कथित "दुराचरण" के कारण वे निलम्बित कर दिये गये थे।

भाजपा सदस्य सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता वाली यह कमेटी, मामले

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'आगामी विधानसभा चुनावों में टिकट मैरिट के आधार पर दिया जाएगा'

## निर्णय इस बात पर आधारित होगा कि, विधायक ने अपने क्षेत्र में क्या काम कराया और कैसे कराया तथा कितनी ख्याति (अख्याति) प्राप्त की

जयपुर, 19 अगस्त (का.प्र.)। राजस्थान कांग्रेस चुनाव समिति की पहली बैठक शनिवार को जयपुर में संपन्न हुई। इस बैठक के बाद में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जो बयान दिया है उससे ऐसा लगता है कि उदयपुर में हुए चिंतन शिविर में कांग्रेस ने युवाओं को टिकट देने में प्राथमिकता देने का जो संकल्प लिया था, उस पर राजस्थान विधानसभा चुनावों में अमल नहीं होगा।

मुख्यमंत्री ने राजस्थान में टिकट वितरण के फार्मूले को लेकर कहा कि सिर्फ जीतने वाले उम्मीदवार को ही टिकट दिया जाएगा, फिर चाहे वह 90 साल का हो या दो बार हारा हुआ हो। एक तरह से यह कहकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने युवाओं को आगे लाने के कांग्रेस के संकल्प पर पानी फेरने का काम कर दिया है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा है कि चाहे कोई पार्षद हो, चाहे कोई प्रधान हो, चाहे कोई जिला प्रमुख हो, या फिर कोई और, यदि जनता उसके प्रति विश्वास जता रही है तो वह भी उम्मीदवार हो सकता है। मुख्यमंत्री के बयान को लेकर यह भी कहा जा रहा है कि वर्तमान विधायकों के टिकट काटने की जो बात उठी थी, वह पूरी तरह से निराधार साबित हो सकती है और अधिकांश विधायक फिर से टिकट प्राप्त कर सकते हैं।

- **कांग्रेस की प्रदेश चुनाव समिति की पहली बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए गहलोत ने कहा कि, कर्नाटक चुनाव में 90 साल के प्रत्याशी को भी टिकट दिया गया और वह जीत कर आया, यहां भी उसी रणनीति पर अमल होगा।**
- **शनिवार को कांग्रेस की प्रदेश चुनाव समिति की पहली बैठक हुई, बाद में मीडिया से बात करते हुए गहलोत ने जो कुछ भी कहा, उससे ऐसा लगता है कि, उदयपुर चिंतन शिविर में युवाओं को टिकट देने के संकल्प पर राजस्थान विधानसभा चुनावों में अमल नहीं किया जाएगा।**

शनिवार को कांग्रेस की प्रदेश चुनाव समिति की पहली बैठक के बाद गहलोत ने मीडिया से बात करते हुए विधानसभा चुनाव में युवाओं को अहमियत दिए जाने और बुजुर्गों को टिकट नहीं दिए जाने के सवाल पर कहा कि टिकट वितरण में केवल जिताऊ को ही देखा जाएगा। यही सबसे बड़ा क्राइटेरिया होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्नाटक चुनाव में आपने देखा होगा, 90 साल के प्रत्याशी को भी टिकट दिया गया था, वह चुनाव जीतकर आया। इसलिए जो जीत सकता है, उसको ही टिकट दिया जाएगा। गहलोत के इस बयान से साफ है कि राजस्थान के विधानसभा चुनाव टिकट वितरण में उदयपुर घोषणापत्र का पालन नहीं होगा।

गहलोत ने कहा कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी और जिला कांग्रेस कमेटी के माध्यम से कार्यकर्ता की भावना नेतृत्व तक पहुंच जाती है। राहुल गांधी बार-बार कहते हैं कि जहां संभव हो, वहां पर स्थानीय निकाय और पंचायती राज के प्रधान, प्रमुख, जिला परिषद मेंबर, पंचायत समिति मेंबर या पार्षद हैं, वे भी टिकट के लिए क्लेम कर सकते हैं। उनको अवसर मिलेंगे। जिनके जीतने की संभावना होगी, उसको प्रायोरिटी दी जाएगी, जो राहुल गांधी ने कहा है, वही भावना चुनाव में आगे बढ़ेगी।

बैठक में बायाडेटा लेने से लेकर पैनल तैयार करने के कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अमूल भारत का सबसे बड़ा एफ.एम.सी.जी. ब्राण्ड बना

आणंद, 19 अगस्त (वार्ता)। दूध उत्पादन एवं वितरण के क्षेत्र में दुनियाभर में जाने-माने ब्रांड 'अमूल' ब्रांड ने 72,000 करोड़ रुपये

- **अमूल का मार्केट कैपिटलाइज़ेशन 72 हजार करोड़ रु. के पार पहुँच गया है**

(यू.एस.डी. नौ बिलियन) का समूह कारोबार हासिल किया है।

गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (जी.सी.एम.एम.एफ.) की ओर से शनिवार को यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार गुजरात के सभी डेयरी सहकारी संघों की सर्वोच्च संस्था तथा अमूल ब्रांड के मार्केटर्स, गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन इस वर्ष अपनी स्वर्ण जयंती मना रहा है। 1973 में केवल छह सदस्य यूनियनों और 121 करोड़ रुपये के कारोबार के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'छह राज्यों से आये 200 भाजपा विधायक अपने अनुभव बांटेंगे'

## सभी विधानसभा क्षेत्र का रिपोर्ट कार्ड तैयार कर केंद्रीय नेतृत्व को सौंपेंगे : राजेन्द्र राठौड़



**भाजपा के आठ दिवसीय अल्प प्रवासी योजना के तहत शनिवार को जयपुर में प्रवासी विधायकों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, भाजपा संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, विधायक वासुदेव देवनानी सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।**

**जयपुर**। भाजपा के आठ दिवसीय अल्प प्रवासी योजना के तहत शनिवार को जयपुर में प्रवासी विधायकों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, भाजपा संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, विधायक वासुदेव देवनानी सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

इस दौरान पत्रकारों से बात करते हुए नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि 6 राज्यों से विधायक बैठक में पहुंचे हैं। ये विधायक सभी विधानसभाओं में जाकर अपने अनुभव और उनके राज्यों में हुए नवाचारों के सबंध में स्थानीय लोगों से चर्चा करेंगे। जिस प्रकार यूपी में कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है, गुजरात में बजट घोषणाओं को तय समय पर धरातल पर उतारा गया। वहीं दूसरी ओर हमारे प्रदेश में कानून व्यवस्था और पेपर लीक जैसे प्रकरणों से हमारे प्रदेश की प्रतिष्ठा धूमिल हुई है। नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि अल्प प्रवासी विधायक जमीनी कार्यकर्ता के तौर पर भाजपा के बूथ कार्यकर्ताओं, पन्ना प्रमुख और शक्ति केन्द्र प्रभारियों सहित पदाधिकारियों से मिलकर चर्चा करेंगे। सभी विधायक विधानसभा क्षेत्रों में प्रवास के साथ ही बैठकों में भाग लेंगे, जिसमें वे अपने अनुभव साझा करने के साथ प्रदेश की मौजूदा हालातों की समीक्षा करेंगे। गुजरात के विकास मॉडल की चर्चा आज पूरे देश में है। वहीं जनसंख्या और भोगोलिक स्थितियां विपरीत होने के बावजूद यूपी में आज कानून व्यवस्था बेहद सुदृढ़ है। योगी सरकार के भय से अपराधी यूपी से भागकर अन्य राज्यों में शिफ्ट हो रहे हैं।

गौरतलब है कि ये विधायक सभी विधानसभा क्षेत्रों में जाकर विधायक का रिपोर्ट कार्ड बनाएंगे। वही विधानसभा में नाराज नेताओं की क्षेत्र में कितनी वजनदारी है? उनकी नाराजगी से कितना नुकसान हो सकता है? इस बार उम्मीदवारों का चयन बहुत ही गंभीरता से किया जाएगा। कुल मिलाकर बात ये है कि जिताऊ उम्मीदवार को ही टिकट मिलेगा। यदि यह फॉर्मूला लागू होता है तो कुछ पुराने विधायकों की टिकट कटने की आशंका है। ऐसे में जिसे टिकट मिलेगा उसके विरोध में बगावत के आसार बन सकते हैं। इन परिस्थितियों से निपटने की तैयारी की जाएगी। ऐसे हालात से पार्टी को कैसे डील करना है, ये सभी पहलू इन विधायकों की सूची में शामिल किया है।



**राजधानी जयपुर में तीज माता की शाही सवारी सिटी पैलेस की जनाना ड्योढ़ी से शाही लवाजमें के साथ शनिवार को निकली। चांदी की पालकी में विराजमान तीज माता के दर्शन करने के लिये हजारों लोगों और पर्यटकों की भीड़ उमड़ी। सजे धजे हाथी-घोड़े और ऊँटगाड़ी तथा लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां देखने लोग छतों पर चढ़ गये।**

## महिलाओं का सम्मेलन संवर्धिनी आज

**जयपुर**। जयपुर में महिलाओं का एक विशाल महासम्मेलन होने जा रहा है। जिसमें 2000 से अधिक महिलाओं के सम्मिलित होने की सम्भावना है। महासम्मेलन मानसरोवर के दीप सभागार में आयोजित होगा। समन्वय संयोजिका डॉ. मंजु शर्मा ने कहा कि महासम्मेलन को सर्वस्पर्शी बनाने का प्रयास किया गया है। इसमें समाज के हर वर्ग-व्यवसायी, चिकित्सक, सामाजिक संगठन चलाने वाली, शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी व विभिन्न जाति-बिरादरियों का नेतृत्व करने वाली महिलाएं भाग लेंगी।

# मानहानि केस में सीएम गहलोत को वीसी से पेश होने की राहत बरकरार

**जयपुर**, (का.सं.)। दिल्ली की राउज एवेन्यू की विशेष कोर्ट ने संजीवनी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी घोटाले मामले में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह व उनके परिवारजनों के खिलाफ की गई बयानबाजी के आपराधिक मानहानि मामले में सीएम अशोक गहलोत को व्यक्तिगत उपस्थिति से दी गई छूट को 16 सितंबर तक बढ़ा दिया है। अदालत ने यह आदेश सीएम गहलोत की रिवीजन याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान सीएम गहलोत की ओर से उनके अधिवक्ता ने व्यक्तिगत उपस्थिति से मिली छूट को बरकरार रखते हुए मामले की सुनवाई 16 सितंबर तक टालने की गुहार की। वहीं केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह के अधिवक्ता ने अगली पेशी पर वीसी के जरिए उपस्थिति का विरोध किया और मामले की सुनवाई अगले सप्ताह रखने की गुहार की। दोनों पक्षों को सुनकर अदालत ने मामले की सुनवाई 16 सितंबर को तय की है।

रिवीजन में सीएम ने निचली कोर्ट के 6 जुलाई के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें उन्हें समन के जरिए कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया था। रिवीजन अर्जी में सीएम की ओर से कहा गया कि मामले में दायर मानहानि के परिवाद में आपराधिक मानहानि के कोई साक्ष्य ही नहीं हैं। अखबार में छपी खबरों के आधार पर परिवाद दायर किया है जो सही नहीं माना जा सकता। सीएम ने जो बयान दिया था वह गृह मंत्री के तौर पर और एसओजी की रिपोर्ट के आधार पर दिया था। एसओजी ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट में परिवादी शेखावत को आरोपी माना है। इसलिए उनके खिलाफ समन पर रोक लगाई जाए। पूर्व में अदालत ने समन पर रोक से इनकार करते हुए उन्हें निचली अदालत में वीसी के जरिए पेश होने को कहा था। जिसकी पालना में गहलोत गत 7 अगस्त को निचली अदालत में वीसी के जरिए पेश हुए। निचली अदालत मामले में 21 अगस्त को सुनवाई करेगी।

गौरतलब है कि केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह ने दिल्ली की निचली अदालत में संजीवनी घोटाले मामले में सीएम गहलोत के ओर से उनके खिलाफ बयानबाजी करने पर गहलोत पर आपराधिक मानहानि का परिवाद पेश किया है।


**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/1675 दिनांक-18.08.2023
जाहिर आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 69/384, मानसरोवर, जयपुर क्षेत्रफल 120.00 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्री सतीश कुमार पुत्र श्री धर्मपाल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 806 दिनांक 11-6-1996 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 490 दिनांक 18-6-2002 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 25-6-1997 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात श्री सतीश कुमार की मृत्यु दिनांक 17-8-2014 को हो जाने के कारण इनकी पुत्र/पत्नी श्री चन्द्रजीत सिंह पुत्र स्व. श्री सतीश कुमार एवं श्रीमती कृष्णा पत्नी स्व. श्री सतीश कुमार ने मृत्यु पश्चात् नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं वसीयतनामा प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदन श्री चन्द्रजीत सिंह एवं श्रीमती कृष्णा के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर


# छात्रसंघ चुनाव रोक के खिलाफ यह पब्लिक इंटरेस्ट पिटीशन नहीं पब्लिसिटी इंटरेस्ट पिटीशन है : हाईकोर्ट

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रदेश के विश्वविद्यालय और कॉलेजों में इस शैक्षिणक सत्र में छात्रसंघ चुनाव नहीं कराने के खिलाफ दायर जनहित याचिका को याचिकाकर्ता की ओर से वापस लेने के आधार पर खारिज कर दिया। सीजे एजी मसीह और जस्टिस समीर जैन की खंडपीठ ने यह आदेश अधिवक्ता शांतनु पारीक की पीआईएल को खारिज करते हुए दिए। अदालत ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि यह पब्लिक इंटरेस्ट पिटीशन नहीं पब्लिसिटी इंटरेस्ट पिटीशन है।

सुनवाई के दौरान अदालत ने इस मुद्दे पर जनहित याचिका पेश करने पर नाराजगी जताते हुए याचिकाकर्ता से पूछा कि प्रकरण में जनहित याचिका पेश करने के क्या आधार हैं। जिसका याचिकाकर्ता कोई ठोस जवाब नहीं दे सका। अदालत के पूछने पर याचिकाकर्ता ने कहा कि वह पेशे से अधिवक्ता है और सोशल मीडिया पर निशुल्क विधिक जागरूकता देने का काम करता है। इस पर अदालत ने कहा कि आपके साथ ये ही तो दिक्कत है कि आप इस मुद्दे को पब्लिसिटी के लिए कर रहे हैं। अदालत ने याचिकाकर्ता को चेतावनी देते हुए कहा कि या तो वे पीआईएल को वापस लें वरना कोर्ट उसे हर्जाने के साथ खारिज करेगा। इस पर याचिकाकर्ता ने पीआईएल को वापस ले लिया। याचिकाकर्ता की ओर से छात्रसंघ चुनाव का मौलिक अधिकार होने की बात कहने पर अदालत ने कहा

> ■ **अदालत ने याचिकाकर्ता को चेतावनी देते हुए कहा कि या तो वे पीआईएल को वापस लें वरना कोर्ट उसे हर्जाने के साथ खारिज करेगा।**

कि छात्र अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हैं। उनको लगेगा तो हाईकोर्ट में याचिका पेश कर देंगे। इसके अलावा राज्य सरकार चुनाव कराने को लेकर परिस्थितियों के आधार पर निर्णय करती है। सरकार ने चुनाव बैन भी नहीं किए हैं, सिर्फ इस बार चुनाव नहीं कराने का निर्णय लिया है। अदालत ने कहा कि आप वकील है तो इसका अर्थ यह नहीं है कि आप कुछ भी करने के लिए स्वतंत्र हैं।

जनहित याचिका में कहा गया था कि छात्रसंघ चुनाव के जरिए छात्रों को उनका प्रतिनिधि चुनने का मौलिक अधिकार है। यह अधिकार उन्हें संविधान के अनुच्छेद 19(1)(अ) व अनुच्छेद 21 से मिला हुआ है। राज्य सरकार ने गत 12 अगस्त को एक परिपत्र के जरिए तर्कहीन व असंवैधानिक कारणों से छात्रसंघ चुनावों को नहीं कराने का निर्णय लिया है, जो गलत है। इस परिपत्र में कहा है कि उच्च शिक्षा नीति की क्रियान्विति, कई विश्वविद्यालयों के परीक्षा परिणाम में देरी और मौजूदा शैक्षिणक सत्र में देरी से प्रवेश के कारण अध्यापन कार्य चुनौतीपूर्ण हो गया है। ऐसे में छात्रसंघ चुनाव नहीं कराए जाने का निर्णय लिया है। इसके अलावा लिंगदोह कमेटी की सिफारिशों की पालना भी नहीं हो पा रही है। याचिका में कहा गया कि इन सिफारिशों की पालना करवाने की जिम्मेदारी राज्य सरकार, विवि और कॉलेज प्रशासन की है। हर विवि ने लिंगदोह कमेटी की सिफारिशों पर एक कोड ऑफ कंडक्ट के नियम बना रखे हैं और यदि इन नियमों की अवहेलना होती है तो नियमानुसार कार्रवाई का प्रावधान है। ऐसे में प्रदेश के विवि और कॉलेजों में छात्रसंघ चुनाव कराए जाए।

## सतीश पूनिया ने ओपन जिम का किया उद्घाटन

**जयपुर**। विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने आमेर विधानसभा क्षेत्र के खोराबीसल में ओपन जिम एवं विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस दौरान सतीश पूनियां ने ओपन जिम में शारीरिक व्यायाम भी किया और उन्होंने युवाओं को स्वस्थ रहने के लिए शारीरिक व्यायाम और योग को दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। डॉ. पूनियां ने आमेर के जालसू क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया, जिनमें राजकीय विद्यालय, खपरिया में दो कक्षा कक्ष मय बरामदा का लोकार्पण, राजकीय विद्यालय, कल्याणपुरा में कक्षा कक्ष मय बरामदा के निर्माण कार्य का शिलान्यास, ग्राम मुंडिया में सामुदायिक भवन का शिलान्यास, दुर्गा का बास में सीसी ब्लॉक निर्माण कार्य का लोकार्पण, दुर्गा का बास में श्री तेजाजी मंदिर के पास सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। डॉ.पूनिया ने कहा कि 2023 में राजस्थान में भाजपा की सरकार बनेगी।


**खोया पाया**

मेरे मकान 13/846FF मालवीय नगर जयपुर के मूल दस्तावेज आवंटन पत्र तथा डिक्लेरेशन मालवीय नगर जयपुर में गिर गये है। मिलने पर सूचित करे- राजीव गुप्ता 7357347443

मेरे प्लॉट नं. 11-बी, इन्द्रपुरी कॉलोनी चौथ माता की बगीची, ब्रह्मपुरी, जयपुर के ओरिजनल रजिस्ट्री एवं दस्तावेज बोलेश्वर मन्दिर, गणगौरी बाजार मैन मार्केट में कहीं गिर गये है। मिलने पर सूचित करें। किशनलाल 9351660935

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम हबीबा (Habeeba) से बदलकर हबीबा बानो (Habeeba Bano) पत्नी मोहम्मद शोएब निवासी 56, कृष्णा कॉलोनी, बेनीवाल कांटा, रामगढ मोड, जयपुर रख लिया है, भविष्य में मुझे हबीबा बानो के नाम से जाना जाए।

मैं Savita Vikas Patil W/o आर्मी नंबर- JC-281250H सूबेदार, Vikas Devidas Patil Unit-199 मीडियम रेजिमेंट, मेरे पति के सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम Kumari Savita Tulsiram Chaudhary गलत दर्ज है मेरा वास्तविक नाम Savita Vikas Patil है सैन्य दस्तावेज में मेरी जन्मतिथि 26.06.1983 गलत दर्ज है, सही जन्मतिथि 09.05.1983 है।

मैने मेरा नाम शफीक अहमद से बदलकर मोहम्मद शफीक पुत्र श्री हबीब खाँ निवासी प्लाट न.- 297, ईदगाह, कच्ची बस्ती, रोड नं. 2, दिल्ली बाईपास रोड, जयपुर (राजस्थान) रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से ही जाना जावे।

I, Ritu Devi W/o Shri Kailash Chand Sain in my son (Yogesh Kumar Sain) educational records my name Kusum Devi wrongly mentioned but my correct name is Ritu Devi for all future purposes.

**उत्तर पश्चिम रेलवे**
**खुली ई– निविदा सूचना**
मण्डल रेल प्रबन्धक (बिजली) जयपुर द्वारा, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **क्रसं.1 एनआईटी संख्या:** ईएल/जेपी/13/2023–24; **कार्य का नाम:** JP Div.-Electrical work in connection with Provision of adequate lighting arrangement at SAS & JOB; **अनुमानित लागत:** 4017955/-; **बयाना राशि:** 80400/–; **निविदा खोलने की तिथि:** 11.09.2023; **2. एनआईटी संख्या:** ईएल/जेपी/14/ 2023–24; **कार्य का नाम:** JP Div.-Electrical work in connection with Provision of adequate lighting arrangement at MADA, BAGA, JILO, NIP; **अनुमानित लागत:** 7086510/–; ; **बयाना राशि:** 141700/–; **निविदा खोलने की तिथि:** 11.09.2023; **नोट: ई–निविदा की अंतिम तिथि एवं समय:** निविदा खोलने की तिथि को 15:00 बजे तक; **ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** निविदा खोलने की तिथि को 15:00 बजे के बाद; **सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता:** http://www.ireps.gov.in 870-AN/23
हमें /NWRailways पर फॉलो करें


# एक सप्ताह से लापता वकील की तलाश के लिए क्या प्रयास किए?

**जयपुर**। हाईकोर्ट ने गृह सचिव, जयपुर पुलिस कमिश्नर और डीसीपी दक्षिण सहित अन्य से पूछा है कि 12 अगस्त से लापता वकील की तलाश के लिए क्या किया गया है। अदालत ने सरकारी अधिवक्ता को कहा है कि वह प्रकरण में दर्ज गुमशुदगी का रिकॉर्ड अदालत में पेश करे। जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस भुवन गोयल की खंडपीठ ने यह आदेश माला शर्मा की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता विजय दत्त शर्मा ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता के पति नरेन्द्र शर्मा गत 12 अगस्त को घर के पास स्थित मंदिर से लापता हो गए थे। काफी तलाश करने के बाद भी पति का पता नहीं चला। ऐसे में याचिकाकर्ता की ओर से 13 अगस्त को मुहाना थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई। एक सप्ताह बीतने के बाद भी अब तक पुलिस उसके पति को तलाशने ने कामयाब नहीं हो सकी है। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता के पति ने अपनी कृषि भूमि के अवैध बेचान को लेकर कुछ लोगों के खिलाफ अजमेर के अराई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। ये आरोपी उसके पति को जान से मारने की धमकी दे रहे थे। ऐसे में उसे अंदेशा है कि आरोपियों ने उसके पति का अपहरण कर बंधक बना लिया है। पुलिस को इस तथ्य की जानकारी देने के बावजूद भी पुलिस प्रकरण में कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रही है। ऐसे में पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए जाए कि वह उसके पति को बरामद कर अदालत में पेश करें। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने संबंधित अधिकारियों व अन्य से जवाब मांगते हुए प्रकरण का रिकॉर्ड पेश करने को कहा है। गौरतलब है कि प्रकरण में दी बार एसोसिएशन, जयपुर की ओर से भी पुलिस कमिश्नर को पत्र भेजकर लापता वकील की तलाश करने के लिए उच्च स्तरीय कमेटी गठित करने मांग की है।

## सफाईकर्मी भर्ती मामले में हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने स्वायत्त शासन विभाग की ओर से आयोजित सफाई कर्मचारी भर्ती-2023 में नगरीय निकाय में सफाई करने का न्यूनतम एक साल का अनुभव रखने वालों को प्रथम वरीयता देने का प्रावधान करने पर प्रमुख स्वायत्त शासन सचिव अन्य से जवाब मांगा है। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश गोपी कृष्ण मीणा व अन्य की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

# कांग्रेस ने सत्ता के लिए जिसका चेहरा आगे किया, उसको बाद में अलग-थलग किया : सी.पी. जोशी

## 'भाजपा ने गुर्जर समाज को केंद्र और प्रदेश में सत्ता एवं संगठन, दोनों जगह उचित प्रतिनिधित्व दिया'

**जयपुर**। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने आज तोतुका भवन में गुर्जर समाज के आभार और अभिनंदन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर समाज के व्यक्तियों और जन प्रतिनिधियों से संवाद किया तथा पत्रकारों से बात की। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने गुर्जर समाज को केंद्र और प्रदेश में सत्ता एवं संगठन, दोनों जगह उचित प्रतिनिधित्व दिया। गुर्जर समाज के आराध्य भगवान देवनारायण का कमल के फूल पर ही उदय हुआ था, जिनकी 1111वीं जयंती पर जन्मस्थली मालासेरी डूंगरी पर आज़ादी के बाद नरेंद्र मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं, जो उन्हें नमन करने आए। उससे पूर्व वहां भाजपा शासन में ही पैनोरमा बना तथा विकास कार्य हुए। मैं आशा करता हूं जैसा सहयोग गुर्जर समाज का भारतीय जनता पार्टी को आज तक प्राप्त हुआ, 2023 के चुनाव में भी वही समर्थन प्राप्त होगा।





जोशी ने कार्यक्रम के बाद पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री के आज के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि यह उनकी घबराहट और अपने विधायकों को जैसे तैसे जोड़े रखने की कवायद मात्र है। अब तक हुए इनके आंतरिक सर्वे ने इनकी नींदें उड़ा दी है। इनका कुनबा टूट चुका है, इनका साथ छोड़ रहा है। सरकार ने अपने कुनबे को साथ रखने के लिए उनके फोन टेप कराए, पर वो कब तक। इनका जहाज डूबने वाला है। इसलिए कुनबे के लोग छोड़-छोड़ कर जा रहे हैं। भाजपा ने कभी किसी समाज के नेता को केवल चुनाव में इस्तेमाल नहीं किया, लेकिन कांग्रेस ने सत्ता के लिए जिसका चेहरा आगे किया, उनको बाद में नाकारा, निकम्मा और गद्दार कहकर अलग थलग कर दिया। जो ऐसा करते हैं या कहते हैं वे समाज का सिर्फ इस्तेमाल कर रहे हैं।


भारतीय जानता पार्टी द्वारा गुर्जर समाज का पार्टी में प्रतिनिधित्व बढ़ाने पर सर्व गुर्जर समाज के नेताओ ने पार्टी का अभिनंदन किया।

तोतुका भवन जयपुर में गुर्जर समाज की ओर से आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में भारतीय जानता पार्टी के सभी गुर्जर नेताओं ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी का आभार और अभिनंदन किया। भाजपा राष्ट्रीय मंत्री डॉ अलका गुर्जर ने कहा कि भाजपा ही ऐसी पार्टी है जिसने गुर्जर समाज को प्रतिनिधित्व देने का कार्य किया है। मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता को राष्ट्रीय टीम में मौक़ा दिया और प्रदेश में भी महत्वपूर्ण पदो पर गुर्जर समाज के कार्यकर्ताओं को ज़िम्मेदारी देने का कार्य भारतीय जनता पार्टी ने किया है। डॉ अलका ने कहा कि गुर्जरों का तो जन्म ही कमल में हुआ है,स्वयं देवनारायण भगवान ने कमल पर ही अवतरण लिया था। हम सभी को यहाँ से संकल्प लेकर जाना है कि आगामी चुनाव में हमे कमल के फूल को अपना समर्थन देना है। डॉ अलका ने कांग्रेस पार्टी को आड़े हाथो लेते हुए कहा कि गुर्जर समाज के नाम पर वोट माँग कर गुर्जर समाज के साथ धोखा करने का काम कांग्रेस पार्टी ने किया है। हमे धोखा देने वालों के साथ नहीं संगठन में मौक़ा देने वालो के साथ रहना है। हमें 2023 और 2024 के चुनाव में कही भटकना नहीं है और इस कमल के फूल को याद रखते हुए इसके साथ चलना है।

> ■ **कांग्रेस पार्टी ने गुर्जर समाज के नाम पर वोट माँग कर समाज को धोखा देने का काम किया है : डॉ अलका गुर्जर**

कार्यक्रम में महंत हेमराज पोसवाल, टोंक-सवाई माधोपुर सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया, राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर, महापौर सौम्या गुर्जर, गुर्जर आरक्षण समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला, पूर्व मंत्री हेमसिंह बढ़ाना, पूर्व विधायक कालू लाल गुर्जर, अनिता गुर्जर, ओबीसी मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश बढ़ाना, प्रदेश मंत्री नीलम गुर्जर, भाजयुमो अध्यक्ष अंकित चेची, पूर्व महापौर शील धाबाई, रामलाल गुर्जर एवं समाज के अन्य नेताओं ने सम्बोधित किया तथा उपस्थित रहे।


**नम्बर मिलाइए**
**9587884433**



**सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत कालाडेरा**
क्रमांक-713/ग्रा.प.का./2023 प्रारूप 22 दिनांक-18.08.2023
**रा.प.रा.नि.1996 के नियम 173 क (5) के अन्तर्गत आवासीय भूमिका वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भूमि उपयोग संपरविर्तन करने के संबंध मं आक्षेप आमंत्रित करने का नोटिस**

| क्र.सं. | | भूखण्ड की नाप |
|---|---|---|
| 1 | श्री अब्दुल सत्तार पुत्र इस्लामुद्दीन मणियार | 110.50 वर्गगज |

**नोट**-उपरोक्त व्यक्तियों द्वारा ग्राम पंचायत कालाडेरा में अपने आवासीय उपयोग की भूमि का वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भूमि उपयोग संपरिवर्तन करने हेतु ग्राम पंचायत में आवेदन किया गया है जिस किसी भी व्यक्ति आक्षेप (एतराज) हो तो वह ग्राम पंचायत कालाडेरा में नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस की समयावधि में अपना आक्षेप मय दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद ग्राम पंचायत द्वारा उक्त आवेदनों/आवेदन पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी तथा कोई भी आपत्ति/वाद स्वीकार नहीं किया जायेगा। आवेदन पत्रों में वर्णित भूमि व दस्तावेज का अवलोकन अन्दर मियाद किसी भी कार्यालय दिवस में आकर ग्राम पंचायत कार्यालय में किया जा सकता है।

**ग्राम विकास अधिकारी** / **ग्राम पंचायत कालाडेरा** / **पं.स.गोविन्दगढ (जयपुर)**
**सरंपच** / **ग्राम पंचायत कालाडेरा** / **पं.स.गोविन्दगढ (जयपुर)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत कालाडेरा**
क्रमांक-712/ग्रा.प.का./2023 प्रारूप 22 दिनांक-18.08.2023
**रा.प.रा.नि.1996 के नियम 173 क (5) के अन्तर्गत आवासीय भूमिका वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भूमि उपयोग संपरविर्तन करने के संबंध मं आक्षेप आमंत्रित करने का नोटिस**

| क्र.सं. | | भूखण्ड की नाप |
|---|---|---|
| 1 | श्री सुभाष चन्द सैन पुत्र श्री बंशीधर सैन | 295.60 वर्गगज |
| 2 | श्री श्यामलाल सैन पुत्र श्री बंशीधर सैन | 295.60 वर्गगज |

**नोट**-उपरोक्त व्यक्तियों द्वारा ग्राम पंचायत कालाडेरा में अपने आवासीय उपयोग की भूमि का वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भूमि उपयोग संपरिवर्तन करने हेतु ग्राम पंचायत में आवेदन किया गया है जिस किसी भी व्यक्ति आक्षेप (एतराज) हो तो वह ग्राम पंचायत कालाडेरा में नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस की समयावधि में अपना आक्षेप मय दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद ग्राम पंचायत द्वारा उक्त आवेदनों/आवेदन पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी तथा कोई भी आपत्ति/वाद स्वीकार नहीं किया जायेगा। आवेदन पत्रों में वर्णित भूमि व दस्तावेज का अवलोकन अन्दर मियाद किसी भी कार्यालय दिवस में आकर ग्राम पंचायत कार्यालय में किया जा सकता है।

**ग्राम विकास अधिकारी** / **ग्राम पंचायत कालाडेरा** / **पं.स.गोविन्दगढ (जयपुर)**
**सरंपच** / **ग्राम पंचायत कालाडेरा** / **पं.स.गोविन्दगढ (जयपुर)**

# न्याय का लक्ष्य समुदायों को सशक्त-आत्मनिर्भर बनाना और अधिकार दिलाना है : पूर्व न्यायमूर्ति

## निम्स यूनिवर्सिटी में नेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता शुरू, 21 अगस्त को होगा समापन समारोह

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** निम्स यूनिवर्सिटी जयपुर में नेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता का शनिवार का आगाज हुआ। केन्द्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी, नेता प्रतिपक्ष राजस्थान राजेंद्र राठौड़ ने इसका उद्घाटन किया। यह प्रतियोगिता 21 अगस्त तक जारी रहेगी, जिसमें देशभर से 60 से अधिक विश्वविद्यालय और लॉ स्कूलों ने भाग लिया है।

समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता एवं बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा ने की। अतिथियों में वरिष्ठ अधिवक्ता एस. प्रभाकरन, बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सचिव श्रीमंतो सेन, बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष घनश्याम सिंह राठौड़, बीसीआई के सह-अध्यक्ष सुरेश चंद्र श्रीमाली, बी.सी.आई.टी-पी.एफ के प्रबंध ट्रस्टी डॉ. अमित वैद, ए.रामी रेड्डी, सदस्य बी.सी.आई, कार्यकारी-उपाध्यक्ष, बी.सी.आई.टी-पी.एफ, अपूर्व कुमार शर्मा-अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष, बी.सी.आई.टी-पी.एफ व राजस्थान हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता व निम्स यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर प्रो. डॉ.संदीप मिश्रा, डॉ. संदीप त्रिपाठी, रजिस्ट्रा शामिल रहे।

निम्स यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर प्रो. संदीप मिश्रा ने अतिथियों, सीनियर एडवोकेट्स और भारत से आए लॉ संस्थानों के प्रतिभागियों का स्वागत किया।

केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने पथप्रदर्शक के रूप में कानूनी पेशेवरों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा, भारत में लोकतांत्रिक परंपराओं का इतिहास रहा है जैसा कि गौतम बुद्ध के समय में "सभाओं" में देखा गया था और आज़ादी के वर्षों में कैसे वकालत होती थी, कैसे भारतीय वकीलों ने भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि आज इस प्रतियोगिता में आपकी उपस्थिति आपकी प्रोफेशनल जर्नी को आगे बढ़ाने में सहायक होगी।



निम्स यूनिवर्सिटी जयपुर में नेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता का शनिवार को उद्घाटन केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी, नेता प्रतिपक्ष राजस्थान राजेंद्र राठौड़ ने किया।

मेघवाल ने लॉ स्टूडेंट्स को बताया कि पश्चिमी दार्शनिकों के अनुसार, मैग्ना कार्टा से पहले, "कानून के शासन और मनुष्य के शासन के बीच संघर्ष" था। मेघवाल ने कहा, मैग्ना कार्टा की धारा 35 में प्रावधान है कि भविष्य में कानून का शासन होगा, जो लोकतंत्र की नींव है। उन्होंने संसदीय करवाई की व्याख्या करते हुए कहा कि लॉजिकल एनालिसिस कैसे आपकी जिंदगी में काम करेगी और अगर आप वकालत के क्षेत्र में हैं तो आपको ये जरुर सीखना होगा।

नेता प्रतिपक्ष राजस्थान राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि मूट कोर्ट प्रतियोगिता एक आधारशिला है, आपके जिंदगी में पहला स्टेप है जो कानून की परख, कानून व्यवस्था सीखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। डिजिटल इंडिया और पर्दार्शितन ने कोर्ट कार्यवाई में एक महत्पूर्ण भूमिका निभाई है और आने वाले समय में सभी कोर्ट इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से चलेंगे, जिससे आप आसानी से सभी कार्यवाई देख सकते है।

- **'लॉजिकल एनालिसिस कानून और न्याय की मूलभूत अनिवार्यता, यश-कीर्ति के लिए वकालत करें अधिवक्ता'**
- **किस मुद्दे पर कितना और कहां बोलना है, कहां पर नहीं बोलना है और किस जगह चुप रहना है, ये कुछ बिंदु हैं, जो अच्छा वकील बनाते हैं : मिश्रा**

सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी ने कहा कि भारत के नागरिक और वकील के रूप में, यह सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है कि जो भी निर्णय लिए जा रहे हैं, वो पूरी निष्ठा के साथ लिए जायें। न्याय का लक्ष्य समुदायों को सशक्त बनाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और वे सभी अधिकार प्राप्त करना है जिनके वे हकदार हैं। जज, वकीलों के लिए उनका एफ्फोर्ट्स, कमिटमेंट और कानून की सेवा ही न्याय है।

निम्स यूनिवर्सिटी के चांसलर, प्रो. (डॉ.) बलवीर एस तोमर ने सभी प्रतिभागियों और विशेष अतिथियों का निम्स यूनिवर्सिटी में स्वागत करते हुए कहा कि आप भविष्य के भावी लॉ एक्सपर्ट्स हैं, अपनी लीगल नॉलेज को समाज के उत्थान के लिए काम में लायें, जीवन में कभी हार न माने और चुनोतियों का डटकर सामना करें, जो भी अपने बनना सोचा है उस पर फोकस करे और आगे बढ़ें।

वरिष्ठ अधिवक्ता एवं बार काउंसिल ऑफ़ इंडिया ट्रस्ट (पर्ल फर्स्ट) के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा ने मूट कोर्ट की विशेषता बताई और कहा कि ये निम्स और बार काउंसिल के लिए लिए गर्व की बात है उन्होंने बार काउंसिल ऑफ़ इंडिया ट्रस्ट ट्रस्ट की कार्यप्रणाली का व्याख्यान भी किया। आपको कितना और कहां बोलना है, किस मुद्दे पर नहीं बोलना है और किस जगह चुप रहना है, ये कुछ बिंदु हैं जो आपको एक अच्छा वकील बनाते हैं।

मूट कोर्ट कम्पटीशन में कुल 50 टीम ने भाग लिया। समारोह के उद्घाटन के बाद मूट कोर्ट राउंड -1, घनश्याम सिंह राठौड़, चेयरमैन, राजस्थान बार काउंसिल द्वारा शुरू करने की घोषणा की गयी। मूट कोर्ट कम्पटीशन में सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट ऑफ़ पार्टिसिपेशन दिया जायेगा, और विनर, रनर-उप यूनिवर्सिटी को बार काउंसिल ऑफ़ इंडिया ट्रस्ट की ओर से पुरस्कारित किया जायेगा। प्रतियोगिता राउंड के 2 राउंड्स के बाद 19 और 20 अगस्त में विश्वविदालय परिसर में कल्चरल फेस्ट का में आयोजन भी किया जायेगा जिसमे जाने माने गायक रविन्द्र उपाध्याय की गायन प्रस्तुति शामिल होगी।

प्रतियोगिता का समापन समारोह 21 अगस्त को होगा, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर गृह राज्य मंत्री राजेंद्र यादव, इलाहाबाद हाई कोर्ट के पूर्व न्यायमूर्ति, आर.एन पाण्डेय, पटना हाई कोर्ट के पूर्व न्यायमूर्ति अंजना मिश्रा, वाईस चांसलर व पटना हाई कोर्ट की पूर्व न्यायमूर्ति मृदुला मिश्रा व अतिथि के तौर पर राजस्थान हाईकोर्ट के अधिवक्ता हेमन्त नहाटा, एस एस होरा, सीनियर अधिवक्ता, राजस्थान हाई कोर्ट और इंडिया इंटरनेशनल लीगल रिसर्च यूनिवर्सिटी, गोवा के वाईस चांसलर प्रो. आर. वेंताता राव के साथ साथ राजस्थान हाई कोर्ट के सीनियर एडवोकेट्स मौजूद रहेंगे।

## सार-समाचार

### जनाना अस्पताल में नर्सेज का प्रदर्शन



**जयपुर।** राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले नर्सेज की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर राज्यव्यापी आंदोलन के तहत पिछले दिनों 18 जुलाई से लगातार सरकारी अस्पतालों में धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। वहीं 16 अगस्त से राज्य भर में दो घंटे का कार्य बहिष्कार भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को जनाना अस्पताल में दो घंटे कार्यबहिष्कार कर प्रदर्शन किया गया।संघर्ष समिति के प्यारेलाल चौधरी, राजेंद्र राणा व रमेश सैनी ने बताया की राज्य सरकार द्वारा 24 अगस्त तक मांगों पर संज्ञान नही लिए जाने पर 25 अगस्त को जयपुर में महारैली की जाएगी। एसएमएस मेडिकल कॉलेज से संबंद्व अस्पतालों में भी मांगों को लेकर नर्सेज लामबंद है। इसी के तहत जनाना अस्पताल में राकेश यादव, विकाश चौधरी, अभिषेक शर्मा के नेतृत्व में सभी नर्सेज द्वारा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की आरती कर जल्द मांगों को पूरा करने का आग्रह किया गया। प्रतिदिन दो घंटे की टोकन स्ट्राइक के चौथे दिन शनिवार को महावीर शर्मा, देवेन्द्र पंत, जितेन्द्र कटारा, प्रमिला कुमारी, श्रीनारायण कुमावत, रमेश टांक, किरण प्रजापत, सूजा वर्गीस, विनिता शेखावत, कमलेश शर्मा, सीजी वर्गीस, राजकुमार मेहला, रवि सैनी, पीयूष खराड़िया, डिंपल प्रजापत सहित सैकड़ों नर्सिंग ऑफिसर्स ने जोरदार प्रदर्शन किया।

### दीपक मंडावत राज्य स्तर पर सम्मानित



**जयपुर।** स्वास्थ्य निदेशालय में 15 अगस्त को 77 वें स्वतंत्रता दिवस पर नर्सिंग ऑफिसर दीपक मंडावत नर्सिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। मंडावत राजकीय महिला हॉस्पिटल जयपुर में कार्यरत है। समारोह में जन स्वास्थ्य निदेशक डॉ. रवि प्रकाश माथुर व आरसीएच निदेशक डॉ. लोकेश चतुर्वेदी ने प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया। नर्सिंग ऑफिसर दीपक मंडावत पिछले 10 वर्ष से महिला चिकित्सालय में उत्कृष्ट नर्सिंग कार्य, कोविड-19 महामारी में बेहतर नर्सिंग सेवा के साथ रक्तदान अन्य सामाजिक कार्यों में योगदान देने पर सम्मानित किए गए हैं।

### वायुसेना विद्यालय में नाटक का मंचन

**जयपुर, (का.सं.)।** वायुसेना विद्यालय में आज हिंदी विभाग की ओर से लघु नाटिका पृथ्वी को बुखार आ गया है का मंच पर मंचन किया गया। स्कूल मीडिया प्रभारी घनश्याम भारद्वाज ने बताया कि सी.बी.एस.ई. द्वारा निर्देशित एक्टिविटियों में पृथ्वी बचाओ के तहत इस नाटिका का मंचन किया गया। इस नाटिका में बढ़ते प्रदूषण , जल का अधिक दोहन, तथा वृक्षों के काटने जैसी समस्याओं को उजागर कर वृक्षारोपण, जलसंरक्षण एवं प्रदूषण को कम करने के उपायों की जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। इसके साथ ही अन्तर्दसदनीय संगीत प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इस अवसर विद्यालय इंचार्ज राजेन्द्र सिंह ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की तथा प्रत्येक बच्चे से एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण के लिए प्रेरित किया।

### सदाबहार गीतों की महफ़िल आज

**जयपुर, (का.सं.)।** अरूणाज गीत गाता चल की ओर से यहाँ जवाहर कला केंद्र के रंगायन सभागार में रविवार 20 अगस्त को शाम 5.30 बजे "गा मेरे मन गा" कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। हिंदी सिने जगत के सदाबहार गानों से सजी इस महफ़िल में गीत गाता चल से जुड़े 32 कलाकार एकल और युगल गीतों की प्रस्तुति देंगे। अरूणाज गीत गाता चल कि संस्थापक अरुणा जैन ने बताया की कार्यक्रम में मुख्यत: 1950 से 1980 के दशक के दिल को छू लेने वाले गीतों को शामिल किया गया है। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध ध्रुपद गायिका डॉ. मधु भट्ट तैलंग होंगी। देवरञ्जनी म्यूजिक स्कूल की संस्थापक सरिता द्विवेदी के अलावा रंजू जैन और श्री यतेन्द्र ओसवाल कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे। अरुणा जैन ने विश्वास व्यक्त किया की कार्यक्रम में शामिल गीतों के चयन और गायक-गायिकाओं की तैयारी को देखते हुए सभागार में उपस्थित दर्शक झूमने को विवश हो जाएंगे। कार्यक्रम में संगीत संयोजन कपिल बालोदिया और उनकी टीम का होगा। कार्यक्रम में प्रवेश नि:शुल्क रहेगा।

### फर्जी कागजों से भूखंड बेचने वाला पकड़ा

**जयपुर।** एयरपोर्ट थाना पुलिस ने फर्जी दस्तावेज बनाकर किसी दूसरे के प्लाट को बेचकर रुपए हड़पने के मामले में भू माफिया को गिरफ्तार किया है। डीसीपी पूर्व ज्ञानचन्द यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सुनील शर्मा पुत्र दामोदर लाल शर्मा निवासी बी सरस्वती नगर, गैटोर रोड जगतपुरा हाल जनकपुरी सांगानेर है। पीड़ित डॉ. मोहन सिंह मीना ने अपने दोस्त संदीप कुमार के नाम शंकर विहार सिद्वार्थ नगर में एक प्लाट खरीदा था। आरोपी सुनील शर्मा ने अनीता जैन व कमल चन्द जैन का सयुंक्त प्लाट बताकर फर्जी दस्तोवज व कूटरचित इकरारनामा देकर संदीप 35 लाख रूपए चैक से व 24 लाख रूपए नगद ले लिए। जबकि यह प्लट शिव शंकर सोसायटी व जेडीए के रिकार्ड में प्रिया पत्नी आलोक व उषा फतेपुरिया पत्नी किशन के नाम है। आरोपी ने 500 रूपए के स्टाम्प पेपर पर इकरारनामा कर सितंबर 2022 में 1 करोड 7 लाख में सौदा तय किया था।

### दो माह से फरार सौतेला पिता गिरफ्तार

**जयपुर।** अशोकनगर थाना पुलिस ने पोक्सो एक्ट में दो माह से फरार सौतेले पिता को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद हुसैन पुत्र अनवर उल-हक 40 निवासी हरिशचन्द्रपुर जिला मालदा प.बंगाल हाल नफीसा का मकान हम्मीद नगर, जालूपुरा जयपुर है। आरोपी ने पीडिता के साथ दुष्कर्म का प्रयास व छेडछाड की थी।

# लिव-इन-रिलेशन में रखकर युवती से देहशोषण किया

**जयपुर।** करधनी में इलाके में दोस्त के साथ लिव इन रिलेशन में रहने वाले युवती से देहशोषण का मामला सामने आया है। वहीं शिवदासपुरा इलाके में एक युवती के साथ अपहरण कर जबरन दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने दोनों ही प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की पडताल शुरू कर दी है।

एसीपी झोटवाडा सुरेन्द्र सिंह राणावत ने बताया कि 21 वर्षीया युवती मूलत: सवाईमाधोपुर की रहने वाली है। वह झोटवाडा में किराए से रहती थी और एक साल पहले नीरज आंजना के संपर्क में आई तो दोस्ती हो गई। आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया जिसका विरोध करने पर आरोपी ने शादी का झांसा दिया और विश्वास दिलाने के लिए लिव इन रिलेशन में रहा। करीब नौ माह तक साथ रहकर वह देहशोषण करता और बाद में शादी करने से मना कर दिया। आरोप है कि उसके पास आरोपी के खिलाफ मोबाइल में पूरे सबूत थे जिन्हें उसके परिजनों ने जबरन डिलीट कर नष्ट कर दिया। शिवदासपुरा थानाप्रभारी दौलतराम ने बताया कि 29 वर्षीया दुष्कर्म पीड़िता मूलत: शिवदासपुरा की रहने वाली है। करीब 3 साल पहले पति की मौत बाद आरोपी कालू उसका पीछा कर बुरी नजर डालने लगा। आरोप है कि मई-2023 में आरोपी कालू उसे डरा-धमका कर जबरन गाड़ी में डालकर अपहरण कर ले गया। वह पीड़िता को सुनसान जगह पर बने कमरे पर ले गया जहां जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म किया। पीड़िता ने उसका विरोध किया तो परिवार की हत्या करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। पुलिस अब जांच कर आरोपी की तलाश कर रही है।

- **करधनी थाने में पीड़िता ने दर्ज कराया मुकदमा**
- **शिवदासपुरा क्षेत्र में अगवा कर युवती से दुष्कर्म किया**

# जयपुर में नर्सेज की महारैली 23 अगस्त को

**जयपुर।** राजस्थान नर्सेज संघर्ष समिति के प्रांतीय आव्हान पर 11 सूत्री मांगों को लेकर प्रदेश भर के नर्सेज 23 अगस्त को जयपुर में महारैली का आयोजन करेंगे। इसके लिए शनिवार को समिति के सदस्यों ने विभिन्न अस्पतालों में पीले चावल बांटकर नर्सेज को रैली के लिए आमंत्रित किया। गौरतलब है कि नर्सेज अपनी मांगों को लेकर 17 जुलाई से लगातार गांधीवादी तरीके से आंदोलन कर रहे है। पिछले कई दिनों से राज्य सरकार की तरफ से कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं किए जाने पर अब नर्सेज जयपुर में 23 अगस्त को महारैली कर आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे। संघर्ष समिति के प्रदेश संयोजक चंद्रकांत शर्मा, देवाराम चौधरी, खुशी राम मीणा ने संयुक्त बयान जारी कर बताया कि विगत कई वर्षों से नर्सेज की न्याय संगत लंबित मांगों पर सरकार द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है, जिससे नर्सेज में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। करोना के दौरान राजस्थान को रोल मॉडल बनाने में नर्सेज ने पूरी निष्ठा से काम किया था।

# विदेशी युवा महिला किसानों ने ली ऑर्गेनिक खेती की ट्रेनिंग

**जयपुर।** जैविक व औषधीय खेती का क्रेज न केवल भारत के किसानों में लगातार बढ रहा है बल्कि विदेशों में भी इसे लेकर उत्साह है। खासकर भारतीय जैविक किसान उत्पादक संघ के सौजन्य में आईआईएएएसडी के तत्वावधान में हर माह आयोजित किए जा रहे ट्रेनिंग प्रोग्राम में इस बार विदेशों से युवा किसानों ने हिस्सा लिया। श्री पिंजरापोल गोशाला के सनराइज पार्क में आयोजित दो दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम में कैलिफॉर्निया (अमेरिका) से मलई फ्रे मेनेलिक ने जैविक व औषधीय खेती की बारीकियों को समझा।

अंतराष्ट्रीय कृषि कौशल विकास संस्थान के संस्थापक डॉ. अतुल गुप्ता ने औषधीय फसलों की जैविक कृषि की व्यवसयिक कृषि का प्रशिक्षण दिया। डॉ. अतुल गुप्ता ने विशेष कर मोरिंगा की पत्तियों की फसलें बाढ़ के कारण कम हो जाने पर बाजार भाव अत्यंत बढ़ जाने पर किसानों को कैसे राहत मिले इस पर चर्चा की। इस दौरान देश के पांच राज्यों- पंजाब, राजस्थान, पश्चिमी बंगाल, तेलगांना व दिल्ली के युवा किसानों ने मोरिंगा, एलोवीरा, स्टीविया, सफेद मूसली, काली हल्दी, तुलसी, शतावरी, कालमेघ, किनोआ, चिया की खेती का प्रशिक्षण लिया। इस मौके पर विभिन्न गौशालाओं के प्रतिनिधियों ने गोबर से बनने वाले उत्पादों के बारे में जानकारी हासिल की। राजस्थान स्टेट मेडिसिनल प्लांट बोर्ड, राजस्थान सरकार की सदस्य संगीता गौड़ ने औषधि फसलों में विशेष रूप से स्टीविया की कृषि की विशेषता व उपलब्धता पर प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में हैनिमन चैरिटेबल मिशन सोसाइटी की सचिव मोनिका गुप्ता ने गाय के गोबर की विशेषता व उत्पादों की उद्यमिता पर चर्चा की। अंत में सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रशिस्त पत्र देकर सम्मानित किया गया।



श्री पिंजरापोल गौशाला में जैविक व औषधीय खेती की ट्रेनिंग लेने वाले किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# युवक का अपहरण कर बदमाशों ने मांगी 11 लाख रु. फिरौती

**जयपुर।** एयरपोर्ट थाना इलाके में कार सवार तीन बदमाश जिम जा रहे एक युवक का अपहरण कर ले गए और मारपीट करते हुए 11 लाख रुपए की मांग की। काफी देर घूमाने के बाद आरोपी युवक को छोड़कर फरार हो गए। आरोपियों के चुंगल से मुक्त होने के बाद पीडित ने थाने पहुंच कार नम्बरों के आधार पर मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

- **कार सवार 3 बदमाशों ने एयरपोर्ट क्षेत्र से युवक को अगवा किया था**

पुलिस के अनुसार उतमेश मीणा 21 पुत्र दयाराम मीना सवाई माधोपुर हाल तारा की कुट, सांगानेर निवासी का आरोप है कि वह 80 फीट रोड तारों की कुट के पास स्थित जिम में जा रहा था।

करीब पौने 12 बजे चार अज्ञात बदमाश फोर्ड गाड़ी में आए। तभी एक युवक ने उसे लात मार कर गाडी में पटक लिया और कोलाडा गांव ले गए। वहां पर बदमाशों ने मारपीट करते हुए कहा या तो 11 लाख रुपए मंगवा ले नहीं तो तुझे रेप केश में फंसा देगे। इस पर पीड़ित ने मामलें की जानकारी अपने दोस्त बबलू को दी और फोन-पे पर पैसे डालने को कहा। कार में बातचीत के दौरान बदमाश एक दूसरे का नाम लेकर बात कर रहे थे। इस पर पीड़ित ने सुनील, संजय, विक्रम व सुमित के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। काफी देर बाद आरोपी उसे सीकर रोड पर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात कार सवार बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार नम्बरों व सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

### वाहन चोर पकड़ा

**जयपुर।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने वाहन चोरों के खिलाफ प्रताप नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए एक शातिर वाहन चोर महेन्द्र बैरवा को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रानू शर्मा ने बताया कि सीएसटी ने वाहन चोरों के खिलाफ प्रताप नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए एक वाहन चोर निवासी मित्रपुरा जिला सवाई माधोपुर को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की मोटरसाइकिल जब्त की गई है।

# अवैध होर्डिंग व पोस्टर लगाने वालों के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज कराएगा ग्रेटर निगम प्रशासन

## जी-20 सम्मेलन की तैयारियां जांचने निकले आयुक्त महेन्द्र सोनी ने निर्देश दिए



**जयपुर (कासं)।** जयपुर में जी-20 अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारियों को देखने ग्रेटर निगम आयुक्त महेंद्र सोनी ने शहर का औचक निरीक्षण किया। करीब दो घंटे तक आयुक्त फील्ड में रहे। मालवीय नगर और जगतपुरा जोन की सफाई व्यवस्था को देखा। अवैध होर्डिंग और बैनर खड़े होकर उतरवाए। इतना ही नहीं, उन्होंने जोन उपायुक्तों को निर्देश दिए कि जो भी अवैध तरीके से होर्डिंग-बैनर लगाता है, उसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाई जाए। आयुक्त ने बताया कि 21 से 25 अगस्त तक जी-20 सम्मेलन हो रहा है। औचक निरीक्षण में जो भी खामियां मिलीं, उनको दुरुस्त करवाया गया है। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था दुरुस्त रहे, इसके प्रयास किए जा रहे हैं। यदि किसी ने लापरवाही बरती तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त आयुक्त सोहन राम चौधरी, उपायुक्त महेश मान और ममता नागर, वरिष्ठ उद्यानविज्ञ रविन्द्र सिंह, एक्सईएन मुख्यालय महेश मिश्रा, एक्सईएन एन.के.अग्रवाल मौजूद रहे।

- **करीब दो घंटे तक फील्ड में घूमकर आयुक्त ने सड़कों से अवैध होर्डिंग व पोस्टर हटवाए**
- **सफाई व्यवस्था से जुड़े अफसरों को हिदायत दी "काम में लापरवाही हुई तो कार्रवाई होगी"**

आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान डिवाइडर के आस-पास पड़े कचरे को उठवाया। सडक़ों पर कुछ जगह गड्ढे मिले, उनको भरवाया गया। मुख्य मार्गों पर पेड़ों की छंटाई भी करवाई।

दरअसल महेन्द्र सोनी ने जवाहर सर्कल से दौरा शुरू किया था। इसके बाद वे एयरपोर्ट टर्मिनल-1, टर्मिनल-2 से होते हुए जगतपुरा पहुंचे। जेएलएन मार्ग, गांधी सर्किल, जेडीए सर्किल, रामबाग सर्किल, अंबेडकर सर्किल होते हुए 22 गोदाम, टोंक रोड, लक्ष्मी मंदिर तिराहा, दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन, गांधीनगर रेलवे स्टेशन के बाहर जाकर भी व्यवस्थाओं को देखा। आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान नाइट स्वीपिंग पर जोर दिया। अतिक्रमण हटाने के भी निर्देश सतर्कता शाखा उपायुक्त को दिए।

# पूर्व छात्रसंघ अध्यक्षों से गुहार लगाने पहुंचे कई छात्रनेता

## हरीश चौधरी ने सी.एम. से की पुनर्विचार की अपील

**जयपुर।** प्रदेश में छात्रसंघ चुनाव के आयोजन की मांग को लेकर आम छात्रों का विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। शनिवार को विश्वविद्यालय के छात्र नेताओं ने राजस्थान विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष रहे सरकार के मंत्री और विधायकों से मुलाकात कर छात्र संघ चुनाव कराने की अपील की।

इस पर मंत्री और विधायकों ने भी छात्रों की मांग का समर्थन कर मुख्यमंत्री से इस मुद्दे पर पुनर्विचार की मांग की। छात्र नेताओं से मुलाकात के बाद पूर्व मंत्री और विधायक हरीश चौधरी ने छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग की।

उन्होंने ट्वीट कर लिखा कि 'मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मेरा आग्रह है कि छात्र संघ चुनाव के फैसले पर पुनर्विचार कर चुनाव कराने का निर्णय लेकर युवा नेतृत्व को मजबूती प्रदान करें'। वहीं मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने भी छात्र संघ चुनाव कराने की मांग को लेकर छात्र नेताओं की मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात करने का वादा किया। मंत्री महेश जोशी ने छात्रसंघ चुनाव के आयोजन को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से बातचीत का वादा किया।

- **मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने सीएम से मिलवाने का वादा किया**

राजस्थान विश्वविद्यालय के छात्र नेता महेश चौधरी ने बताया कि मंत्री महेश जोशी, प्रताप सिंह खाचरियावास राजस्थान यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष रह चुके हैं। वहीं हरीश चौधरी जोधपुर यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष रहे हैं। तीनों छात्र राजनीति से ही आज इस मुकाम पर पहुंचे हैं। ऐसे में हम यूनिवर्सिटी के आम छात्रों की मांग को लेकर तीनों के पास पहुंचे थे, जहां तीनों ने हमें विश्वास दिलाया है कि वह मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तक हमारी बात पहुंचाएंगे। राजस्थान विश्वविद्यालय के पूर्व शोध छात्रसंघ अध्यक्ष रामसिंह सामोता ने बताया कि हम छात्र राजनीति से मुख्य धारा की राजनीति में पहुंचने वाले सभी राजनेताओं से मुलाकात कर छात्र संघ चुनाव कराने की मांग करेंगे, ताकि सरकार तक सही तरीके से आम छात्रों की मांग पहुंच सके। अगर इसके बाद भी सरकार नहीं जागी तो राजस्थान के युवा सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन करेंगे।



## World Mosquito Day

You may be wondering why we have a World Mosquito Day when these animals are responsible for the transmission of malaria. Well, that is what this day is all about; raising awareness regarding this, so that more people will be safe and protected..World Mosquito Day was created in order to honour the discovery made of the link between humans, malaria, and mosquitoes. This is something that has changed the health industry considerably, ensuring that humans can be protected.

#TIPS & TRICKS

# Better Smartphone Photos

The smartphone is now the go-to camera - but how can you take the best smartphone photos?





Over the past decade or so, we've seen the compact camera market crash, photo sharing explode and smartphones evolve into the most important cameras around.

At the same time, camera performance has evolved into the most important aspect of those phones. It's not about call clarity, it's about photo quality.

We're not saying there's no space for real cameras any more - far from it - but for the everyday user, the smartphone has become the go-to camera.

Whether you have the most expensive flagship iPhone or the cheapest entry-level Android, we've rounded up some top tips to ensure that you're getting the most out of your phone's camera.

### Clean The Lens

Photos looking a little milky? This is the biggest problem we see on smartphone cameras. Because the lens is so small, it's very easy for it to get dirty while you're using your phone for other things.

You spend the whole day groping your phone, so make sure you wipe away those smeary marks before you start snapping.

### Focusing

Focus makes a photo. Cameras have become a lot better at focusing on the subject in the past few years, but don't just point and press the button. Take time to make sure that what you want to take a picture of is in focus.

### Composition

Think about what you're looking at and what your picture is trying to show. You can very easily change the shape of your photo afterwards, but if it's full of distracting background elements or it's not clear what you're taking a photo of then it's never going to look great.

Stop and think about the photo you actually want to show people and what you want them to feel when they look at it.

Photographers often use the rule of thirds to get the subject into an ideal position. Imagine the scene with a tic-tac-toe grid over the top.

The important things should be aligned along those lines, or at the intersection of those lines, for the greatest impact. It's simple and it works.

### Watch The Sun

Sunny conditions are great for taking beautiful pictures with rich blue skies and luscious greens, but think about where the sun is when you pull out your phone.

Shoot too close to the sun - i.e. pointing towards it - and you might find that a giant lens flare dominates the scene or that subjects are massacred by blown highlights with no detail in those areas.

The sun presents a lot of opportunities and using a low sun to create silhouettes and long shadows is a great way to get something slightly different.

### Consider The Flash

The flash on your phone isn't great and, in many cases, you'll get much better results without using the flash on the back. With increasing performance in low light conditions, turning off the flash can be the best thing you do. Shooting at a concert in dark conditions? The flash isn't going to reach the stage anyway, so turn it off. At a zoo shooting through glass? You're not only taking a bad photo, but you're scaring the animals. Don't scare the animals.






Within 5 minutes the sambar called again but this was certainly a panic call. Two more bleak muffing calls and then all silence. Perhaps the animal was killed by the tigress. Or it might have escaped from the clutches of the tigress and the jungle had become all silent. The old forest guard with us pleaded to move ahead fast lest it started raining again making our movement impossible. It was already 8 pm. Even at normal pace, in this hour of the night with light drizzle, it was impossible for us to reach Kalighati before 10 pm. I consented. We were again in single file.



#TREKKING

# When We Almost Shared The Tiger's Dinner




Sunayan Sharma
*IFS (Retd.), Ex field director project tiger Sariska & keoladeo national park, Bharatpur*


From the latter half of October in Sariska, days are warm but the mornings and evenings are cold. The weather is ideal for long walks in the forest. On one such day, while inspecting the grasslands of Doraka valley and sloping hills full of Anogeissus pendula, I decided to check further upwards crossing the circle boundary of Kalighati naka. After crossing the middle slope along the nullah, the dense growth of bamboo made our trek rather tough. Crossing the hill we reached the plateau of Bhensota. It is about 6 km long but is a narrow plateau with rich grass, bamboo and several patches of Dhak (Buteamonosperma) trees. The entire water of this beautiful plateau drains towards its southern slope beyond which are located the villages of Ghevar and Nadu. These villages have a sizeable human and livestock population. It was only after this visit that I realised the importance of this area from the point of view of wildlife as well as the potential threat it faced here. As a result, patrolling along this area was intensified.

Sariska Tiger Reserve is in the Northern Aravalli region and has many valleys and plateaus. In the 1990s, there was no check-post in this sensitive plateau. After an exhaustive tour of the area in the evening at around 5 PM, we decided to return to Kalighati check-post which was about 8 kilometers away. We anticipated, we'd reach there by 8 in the night. We had hardly covered a kilometer when suddenly the sky became cloudy. It could rain any moment. We quickened our steps but nature had some other plans. It was so overcast that with dimmed sky light it was becoming difficult to walk through grasses and shrubs at normal pace after a while. The Kalighati forester accompanying us handed out a small torch from his haversack but it was insufficient. We had to be on our guards. After all, we were passing through an important tiger area. The topography and vegetation of Bhensota plateau supports a mentionable population of rodents and birds which in turn have supported a sizeable population of reptiles. The forester cautioned the party to be alert against encountering poisonous snakes like cobras. As a precaution we started moving in a single file. We were yet to begin the down slope march when it began to drizzle. It made our movement more difficult because the animal tracks we were using were devoid of grass and were becoming slippery as the water from both the sides was collecting and draining on this track. We could not take the risk of walking through grass. It was barely a 15-minute walk but we were fully drenched. To add to our woes, wind had started blowing north to south and we were heading towards north. The entire scene had changed so abruptly just within an hour that it was becoming difficult to cope with. Under such conditions, we were left with no option other than waiting for the rains to stop. There were bamboo clumps all around us. We decided to take shelter under one such dense clump. An old forest guard was carrying a match box in his pant pocket but it was fully soaked in water. It was really frustrating but smile returned on every face of the contingent when the guard lit fire from this box. It was nothing short of magic. Enough dry-wet bamboo leaves and some twigs from shrubs had been stocked to light sufficient fire. After all, we had to dry our clothes and also ensure protection against wild creatures in this tiger country.

> After a kilometer's walk, we found the route to Kalighati. It is an animal track which goes along the nullah draining from Bhensota plateau to Doraka valley. The slope is highly undulating and full of rocks. The herbivore animals like chital, sambar, bluebull, wild pigs use this route commonly and as a result several shallow-deep pits have developed which are overflowing with water making the track highly slippery. The small torch was of some help but was insufficient to guide us through safe passage. Also, the water that collected on the plateau had started flowing down the slope. We had not forgotten the tigress .We were cautiously moving down. We had covered hardly one-third of the slope when along a turn, we heard a low growling of the tiger.

Suddenly from the northern side, a metallic dhak, the call of a sambar deer echoed in the jungle. It repeated twice within a minute's gap. Then again with a slight pause, series of these calls marked the presence of some large carnivore, probably a tiger. Ram Prasad, the forester of Kalighati told us that for the last two days, an adult tigress was roaming in Doraka-Bhensota jungle. Two days back she had made a kill in Bhensota jungle but yesterday early morning had moved towards Tehla nullah passing through the savannah forest of Doraka and the Kalighati watchtower. Maybe now she was returning to the kill, which might have been finished by hyena, jackals and wild pigs. Rain had now slowed down but not stopped. The sambar call had subsided and no other call followed. Signal was clear that the tigress had sat down. We decided to start but again the sambar emitted a call. Though the lady tiger was comparatively a shy animal and was not likely to attack us but I could not take a chance. I did not want to meet the tigress in this darkness face-to-face. A little more waiting was advisable. Within 5 minutes the sambar called again but this was certainly a panic call. Two more bleak muffing calls and then all silence. Perhaps the animal was killed by the tigress. Or it might have escaped from the clutches of the tigress and the jungle had become all silent. The old forest guard with us pleaded to move ahead fast lest it started raining again making our movement impossible. It was already 8 pm. Even at normal pace, in this hour of the night with light drizzle, it was impossible for us to reach Kalighati before 10 pm. I consented. We were again in single file.

After a kilometer's walk, we found the route to Kalighati. It is an animal track which goes along the nullah draining from Bhensota plateau to Doraka valley. The slope is highly undulating and full of rocks. The herbivore animals like chital, sambar, bluebull, wild pigs use this route commonly and as a result several shallow-deep pits have developed which are overflowing with water making the track highly slippery. The small torch was of some help but was insufficient to guide us through safe passage. Also, the water that collected on the plateau had started flowing down the slope. We had not forgotten the tigress .We were cautiously moving down. We had covered hardly one-third of the slope when along a turn, we heard a low growling of the tiger.

Ram Prasad cautioned us that may be she had succeeded in killing the sambar and is sitting close to the track. It was very risky to move ahead in this situation as tigers are very possessive about their kills. It was a panicky situation. We were all tired and hungry after the day-long excursion. All the trees and shrubs were so wet that we could not prepare even a vegetative torch from these, for our safety. And in this darkness, movement towards the animal was highly risky. What could be done? I decided to go by the advice of the forest guard of the beat who was most experienced among all of us. As per his suggestion we decided to move ahead under the cover of that small torch light but reciting Jai Bajrangbali Ki at the top of our voice. Though every step taken forward was scary but somehow or the other, we reached the next turn after covering about 300 meter. We had reached a huge platform made of red and white rocks. We could see a bit of light from far. Fortunately, drizzling had also stopped at least for the time being.

The experienced forester said that we had passed the tigress and since the tough part of the slope had been covered therefore now we could move a bit faster but the problem was not over yet as more vegetative cover in the form of Gular (Ficusglomerata), trees and bamboo clumps had darkened the track covered by light grass. The main risk was that a little tumbling or slip could throw us in to the nullah. The beat guard was leading us as he was best conversant with this track. After another thirty minutes we reached the ground. Except few, light to hard bruises from shrubs, we were more or less safe. Another one hour and we reached Kalighati naka. We did a bonfire to dry our clothes. The fire provided heavenly pleasure. The tikkad (roti) baked on chulha and open fire with garlic chatni (paste) was one of the most delicious dishes I ever had.

On the second day, early morning, the beat guard found the sambar kill. The tigress was still sitting by the kill. It was about 15 meter from the track we covered last night. I very much wished to visit the site myself but could not make it as I had already fixed a plan to visit Kankawadi that very morning.


*rajeshsharma1049@gmail.com*








#NOSTALGIA

# Revisit The History & Origins Of Traditional Indian Games

The charm of these games lies in their simplicity and the joy they bring, making them an integral part of our diverse cultural heritage.

Yearning follows when we look back at the times we spent during the breaks we used to get at school - running out to spend those precious minutes, gathering our friends, and rushing to the field.

This nostalgia of the old days is a reminder of the excitement we used to feel when the bell rang, soaring through our bodies.

Not to say, however, that this childlike essence of those days cannot be returned. All we need to do is remember and safely nestle in the feeling of physical agility, excitement, speed, and pure bliss that is carried within it.

Today, living in the era of the digital age, there is a slight dread of the many games we played in our childhood leaving our minds - abandoned and disregarded, with none of it being passed down to the children of today.

To prevent such an affair in the smallest capacity, we are going down a lane that will rekindle the deepest parts of our childhood.

Especially intriguing are the traditional games that have etched themselves into our lives - carrying with them a rich heritage and a sense of cultural identity.



### Pithu, 7 Stones, or Languri

Pittu, a personal favourite that has defined a significant part of many of our childhood memories. Typically played outside the school premises, it entailed collecting flat stones and using tennis balls to hit each other.

Due to its spirited nature, playing Pittu within the school playground was deemed a bit aggressive.

Also known as the game of Seven Stones, it is an ancient sport that traces its history back to the BhagwataPurana, a Hindu religious text written 5000 years ago.

Lord Krishna is mentioned to have played this traditional game with his friends. Originating in the southern parts of the Indian subcontinent, it was a popular outdoor sport in India and Pakistan during the 1990s but has now become less known among urban crowds.

### Dog and the Bone: A Classic

RumalJhapatta, also known as the Dog and the Bone game, is a beloved outdoor team game that originated from the rural parts of Rajasthan. For years, Rumal Jhapatta has been a common game played in schools all over India. This simple game requires nothing more than a handkerchief or Rumal. Although, this item can be replaced by anything that is small in size and quick to pick and run.

### Kho Kho: Mythological Origins

Kho-Kho is believed to have been inspired by the Hindu sacred text of Mahabharata. The legend goes that the tactic used by Abhimanyu to fight the defensive circle in the war of Mahabharata is frequently put to use in the game of Kho-Kho.

It was also played using chariots during ancient periods and was popularly known as Rathera.

The modern form of Kho Kho was invented in 1914 by Pune's Deccan Gymkhana club, which provided formalized rules and structure for the game.

### GilliDanda: The Indian Cricket

Gilli-Danda is an amateur sport widely played in rural areas and small towns in Bangladesh, India, Nepal, Pakistan, and even in some parts of Cambodia and Italy. The game involves two sticks: a large one called a danda used to hit a smaller one, known as the gilli.

This ancient Indian sport possibly dates back over 2500 years and is believed to have influenced Western games like cricket, baseball, and softball.

### Kabaddi

Kabaddi, a sport with its roots centred on Jallikattu, was once common among the Ayar tribal people living in the Mullai region of ancient Tamil Nadu.

In this game, a player going against the opposition is treated like a bull, reminiscent of taming a bull without physical contact.

With a rich history, kabaddi traces its origins back over 4,000 years in Tamil Nadu. India played a pivotal role in popularizing kabaddi as a competitive sport, witnessing organized competitions in the 1920s and its inclusion in the Indian Olympic Games in 1938.


In every nook and corner of India, a plethora of traditional games exists, each with its own unique name and variations.

Notably, we have Marbles, also known as MaramPitti, where players try to eliminate each other by skillfully throwing a ball. Indian games involving marbles are known as Kancha/Kanche or GolliGundu, with players flicking marbles to capture as many as possible and emerge victorious.

Additionally, we have the game of Lock and Key, also called Vish-Amrit, akin to the Western freeze tag, where players freeze opponents by tagging them, and their teammates can unfreeze them by tagging them back. As we rediscover these traditional Indian games, we are not only preserving our past but also ensuring that future generations can embrace the same sense of excitement and camaraderie that once filled our own childhoods.



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman




# पानी के कुंड में डूबने से दो दोस्तों की दर्दनाक मौत

## दोस्त को कुंड में डूबता देख दूसरा साथी भी उसको बचाने के लिए कुंड में कूद पड़ा

- एक बच्चा ब्लॉक स्तरीय खेल खेलने व दूसरा खेल देखने आया था
- गत एक अगस्त को भी इसी कुंड में एक बालिका की डूबने से मौत हो गई थी

**पावटा,** (निसं)। विराटनगर के प्राचीन गणेश मंदिर में दर्दनाक हादसा सामने आया है। हादसे में पानी के कुंड में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई है। जिसमें एक बच्चा ब्लॉक स्तरीय खेल खेलने व दूसरा खेल देखने आया था। एक-मृतक बच्चे की उम्र 17 साल व जबकि दूसरे की उम्र एक 19 साल है।

विराटनगर थानाधिकारी प्रकाश सिंह राठौड़ ने बताया कि कृष्ण कुमार उम्र 19 साल निवासी पायलों की ढाणी हरिकिशनपुरा व राजेश गुर्जर उम्र 17 साल निवासी दहियों की ढाणी मनोहरपुर खेल के बाद दोस्तों के साथ घूमने निकले थे। इसी दौरान वो विराटनगर के प्राचीन गणेश मंदिर दर्शनों के लिए पहुंचे जहां दर्शन कर पहाड़ी पर घूमने चले गए। जहां कुंड के पास खड़े-खड़े पैर फिसलने से युवक कुंड में जा गिरा। वहीं दोस्त को कुंड में डूबता देख दूसरा साथी भी उसको बचाने के लिए कुंड में कूद पड़ा। काफी देर तक दोनों के कुंड में पानी से बाहर नही आने पर लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। लोगों ने विराट



घटना स्थल पर शव तलाशते लोग।

नगर थाना पुलिस को सूचित किया।

जिस पर विराटनगर थानाधिकारी प्रकाश सिंह राठौड मय जाप्ता घटना स्थल पर पहुंचे व लोगों की मदद से दोनों युवकों की कुंड में तलाश करते हुए बड़ी मेहनत व मशक्कत के बाद एक युवक का शव मिला। वहीं कुछ घंटों की मशक्कत के बाद दूसरे युवक का शव कुंड में एक पत्थर के नीचे फंसा मिला। वहीं विराटनगर थाना पुलिस दोनों युवकों के शवों को विराटनगर सीएचसी ले गई। पुलिस द्वारा दोनों युवकों के परिजनों को सूचित किया गया। सूचना पाकर आये परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। वहीं विराटनगर थाना पुलिस दोनों युवकों के शवों का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया।

गौरतलब है कि गत एक अगस्त मंगलवार की रात विराटनगर नगरपालिका क्षेत्र के प्राचीन गणेश मंदिर परिसर क्षेत्र में बने तालाब में परिवार के साथ घूमने आई एक बालिका की भी कुंड में डूबने से मृत्यु हो गई थी। वहीं तालाब पर किसी प्रकार का कोई जाल या किसी तरह की कोई सुरक्षा का पुता इंतजाम नहीं है। जिसके कारण पूर्व में भी तालाब में कई हादसे हो चुके हैं। ग्रामीणों ने तालाब पर जाल गिराने के लिए कई बार नगरपालिका को सूचित किया था। लेकिन नगरपालिका की लापरवाही के कारण एक ही महीने में दो बड़े हादसे घटित हो गये व एक बच्ची व दो बच्चों ने अपनी जान गवा दी। वहीं विराटनगर थाना पुलिस में मामले की मृग दर्ज करवाई गई है।

# फिल्म अभिनेत्री एकता कपूर ने दरगाह जियारत की



फिल्म अभिनेत्री व प्रोड्यूसर एकता कपूर ने ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में हाजरी दी।

- ख्वाजा गरीब नवाज की मजार पर चढ़ाई चादर, मांगी मन्नत

**अजमेर,** (कासं)। फिल्म अभिनेत्री और प्रोड्यूसर एकता कपूर ने शनिवार को अजमेर की ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह की जियारत की और वहां मखमली चादर पेश की एवं मन्नत मांगी। एकता कपूर ने अपनी आने वाली फिल्म ड्रीम गर्ल-2 की कामयाबी को लेकर दुआ मांगी। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि वे हर साल ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह पर आती हैं। यहां दुआ करती हैं और मन्नत मांगती हैं। उन्हें सुकून मिलता है।

प्रोड्यूसर एकता कपूर के दरगाह में पहुंचने के बाद उनके चाहने वालों की फोटो खिंचवाने के लिए भीड़ लग गई। दरगाह के खादिमों ने उनका स्वागत किया। एकता कपूर ने चादर पेश कर अपनी आने वाली फिल्म ड्रीम गर्ल 2 की कामयाबी को लेकर दुआ मांगी। जियारत के बाद खादिमों ने उनकी दस्तारबंदी कर उन्हें तबर्रुक भेंट किया। मीडिया से बातचीत में एकता कपूर ने कहा कि हर साल ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में दुआ मांगने के लिए आती हैं। इस बार भी उन्हें दरगाह में आने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि दरगाह में आने वाले सभी लोगों की दुआएं पूरी होती हैं।

# छात्रा का गला काटने की घटना का खुलासा

- मामले को लेकर छात्रा के पति को गिरफ्तार किया
- छात्रा के पति व उसकी प्रेमिका निकले आरोपी

**बौंली,** (निसं)। क्षेत्र के मलारना डूंगर थाना अंतर्गत भारजा नदी गांव के एक विद्यालय में कक्षा 9 में अध्ययनरत 16 वर्षीय छात्रा ज्योति धोबी का ब्लेड से गला काटने की घटना का मलारना डूंगर पुलिस ने मात्र 24 घंटे में ही खुलासा कर दिया। इस मामले को लेकर छात्रा के पति को गिरफ्तार किया गया है एवं उसकी प्रेमिका को नाबालिग होने के कारण भरतपुर बाल संप्रेषण गृह में भेजा गया है।

मलारना डूंगर थाना प्रभारी लखन सिंह खटाणा ने बताया कि पीड़ित छात्रा का विवाह राकेश धौबी निवासी सीमेंट फैक्ट्री सवाई माधोपुर के साथ तय था। इसी दौरान आरोपी राकेश तथा गला काटने वाली लड़की का तीन चार वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों विवाह करना चाहते थे। लेकिन ज्योति से राकेश की पूर्व में शादी हो चुकी थी इस कारण विवाह इनके प्रेम प्रसंग में रोडा बन रही थी। इसको रास्ते से हटाने के लिए दोनों ने एक प्लान तैयार किया एवं आरोपी किशोरी ने छात्रा के गले पर ब्लेड चला दिया। इस दौरान आरोपी किशोरी व छात्रा के बीच हुई छीनाझपटी में आरोपी किशोरी के हाथ में भी ब्लेड लग गया। इन दोनों ने छात्रा को मौत के घाट उतार कर उसे आत्महत्या करार देने के लिए एक सुसाइड नोट भी तैयार कर लिया था। जिसे पुलिस ने गला रेतने वाली आरोपी किशोरी से बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी राकेश को गिरफ्तार कर लिया है एवं किशोरी के नाबालिग होने के कारण उसे भरतपुर बाल संप्रेषण गृह में भेजा गया है।

# केंद्रीय वि.वि. के सिक्योरिटी इंचार्ज पर मुकदमा दर्ज

- जयपुर निवासी छात्रा ने मामला दर्ज कराया कि हॉस्टल के सिक्योरिटी इंचार्ज राजपाल सिंह रेवाड़ ने केबिन में कैमरा लगा रखा है

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)। बांदरसिंदरी थाना अंतर्गत केंद्रीय विश्वविद्यालय में पिछले दो दिन पूर्व हंगामा होने के बाद पीड़ित छात्रा ने हॉस्टल के सिक्योरिटी ऑफिसर के खिलाफ फोटो वायरल करने का मामला दर्ज कराया है।

पुलिस के अनुसार जयपुर निवासी छात्रा ने मामला दर्ज कराया कि हॉस्टल के सिक्योरिटी इंचार्ज राजपाल सिंह रेवाड़ ने केबिन में कैमरा लगा रखा है, पिछले दिनों आधुनिक कपड़े पहनी छात्रा का गुपचुप रूप से पिछे से फोटो खींच वायरल कर दी गई। साथ ही फोटो खींचने के बाद आरोपी छात्रा के बारे में व्यक्तिगत जानकारी जुटाने में लग गया कि छात्रा के पास वायरल फोटो पहुंची तो वह डरी तो नहीं, इसकी क्या प्रतिक्रिया रही, ताकि ब्लैकमेल किया जा सके, किंतु स्टॉफ सहित छात्र छात्राओं के मोबाइल पर फोटो आने के पश्चात पीड़िता ने इसको सबक सिखाने की ठान ली और हंगामा कर इसके कथित कारनामो का खुलासा कर दिया। जिसके चलते इसके मंसूबे सफल नहीं हो सके।

यूनिवर्सिटी में मामले का खुलासा होने पर छात्र छात्राओं ने सिक्योरिटी इंचार्ज की कैबीन में तोड़फोड़ कर बाइक को आग के हवाले कर दिया। इनका कहना है इससे पहले सलोनी नामक छात्रा सहित अन्य छात्रा ने सुसाईड क्यों किया, इसकी सही तरीके से जांच होती तो निश्चित तौर पर सब कुछ सामने आ जाता। पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट ने यूनिवर्सिटी का दौरा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। देर रात्रि को पीड़ित छात्रा ने आरोपी राजपाल सिंह के खिलाफ नामजद रपट देकर मुकदमा दर्ज कराया। मामले की जांच पुलिस उपअधीक्षक जनरेल सिंह कर रहे हैं।

# चोरी के जेवर खरीदने का आरोपी गिरफ्तार

**सांभरझील,** (निसं)। स्थानीय पुलिस ने चोरी का माल खरीदने व बेचने के आरोप में सुनार का काम करने वाले गिरीराज प्रसाद सोनी पुत्र द्वारकाप्रसाद सोनी उम्र 39 निवासी शनिचरजी मंदिर के पास बडा बाजार कस्बा सांभर जिला जयपुर ग्रामीण को गिरफ्तार किया है। करीब तीन माह पहले यहां की लंबी गली के रहने वाले कन्हैयालाल नामा पुत्र मांगीलाल नामा के घर से करीब डेढ़ लाख रुपए के सोने चांदी के गहने चोरी हो गए थे। सांभर थानाधिकारी राजेंद्र कुमार यादव ने बताया कि इस मामले में परिवादी ने अपने पुत्र प्रभात नामा के खिलाफ उक्त आशय की रिपोर्ट सांभर थाना में दर्ज कराई थी तथा आभूषण सांभर में सुनार का काम करने वाले गिरीराज सोनी, सब्जी मंडी को बेचना बताया था। डिप्टी लक्ष्मी सुथार के सुपरविजन में घटना की जांच हैड कांस्टेबल रमेश कुमार को सौंपी गई थी जिसमें तफ्तीश के बाद पुलिस ने उक्त आरोपी को गिरफ्तार किया।

# बदमाशों ने दो युवकों का अपहरण किया

**उदयपुर,** (कासं)। हिरणमगरी थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने एक बोलेरो सवार चार युवकों के खिलाफ उसके दो दोस्तों का अपहरण करने का मामला दर्ज कराया।

पुलिस के अनुसार विकास पुत्र छितरमल बंजारा ने मामला दर्ज करवाया कि 17 अगस्त को रात्रि करीब 12 बजे वह अपने मित्र खेम सिह निवासी राजसमंद व विनोद महेर निवासी झालावाड चोमेला तीनो रेती स्टेण्ट पर होटल से खाना खाकर पैदल-पैदल परशुराम चौराहा की तरफ आ रहे थे। जैसे ही ये सबसिटी सेन्टर गेट से आगे निकले कि पीछे से एक बोलेरो आई, जिसमे तीन-चार व्यक्ति बेठे थे। उसमे से एक व्यक्ति ने चित्तौड जाने वाला रास्ता पूछा तो खेम सिंह बोलेरो के पास रास्ता बताने गया तो बोलेरो मे बेठे व्यक्ति ने खेम सिंह को फाटक खोलकर दो-चार थप्पड मारी और जबरन गाडी में बैठा दिया। विनोद को भी पकड कर गाडी में बिठा दिया। एक व्यक्ति उसे पकडने भागा तो वह वहां से भाग गया। इस दौरान दो राहगीर व्यक्ति कासीम अखतर व दर्पण आ गए तो बोलेरो चालक बोलेरा भगाकर ले गया। आरोपी खेम सिंह ओर विनोद का अपहरण कर ले गए।

# विवाहिता ने फांसी लगाई

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)। किशनगढ़ सिटी थाना अंतर्गत कचहरी चौक हरियाणा मोहल्ला में एक विवाहिता ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। आत्महत्या किन कारणों से की फिलहाल खुलासा नहीं हो पाया। पुलिस के अनुसार हरियाणा मोहल्ला निवासी रिंकू कहार (35) ने संदिग्ध हालात में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम की कार्यवाही के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

# नशे में कार चालक ने दो गायों को मारी टक्कर, एक गाय की मौत

- बैलगाड़ी को भी लिया चपेट में, एक महिला गम्भीर घायल

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के पंडेर थाना क्षेत्र के शाहपुरा रोड पर नशे की हालत में कार चालक ने दो गाय एवं एक बैलगाड़ी को चपेट में लिया जिसमें एक गाय की मौके पर ही मौत हो गई और एक गाय को गम्भीर हालत में हास्पीटल लेकर ग्रामीण पहुंचे। वहीं कार चालक ने नशे में बैलगाडी सवार दो महिलाओं को टक्कर मार दी जिसमे एक गम्भीर घायल व एक महिला ने बैलगाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई।

पण्डेर थाना के दीवान द्वारका प्रसाद ने बताया की पण्डेर निवासी लेखराज पिता रामप्रसाद मेघवंशी नशे की हालत में कार लेकर पण्डेर बस स्टैंड से शाहपुरा रोड की तरफ जा रहा था, जहां स्थानीय दो गायों को टक्कर मारी जिससे एक गाय की मौके पर मौत हो गई। वहीं दूसरी घायल हुई। इसी दौरान वहीं युवक नशे की हालत में कार लेकर



क्षतिग्रस्त कार।

पंडेर गांव की तरफ निकला जहां लालोलाई तालाब के रास्ते पर एक बैलगाड़ी को टक्कर मारी, बेलगाड़ी में बैठी दो महिला में से लाली पति सुरेश जाट को चोटें आई, वहीं दूसरी महिला अनीता पति सीताराम जाट हादसा होते देख बैलगाड़ी से कूद गई।

स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया जहां उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया गया। वहीं पडेर सरपंच प्रतिनिधि मुकेश कुमार जाट को सूचना दी सरपंच प्रतिनिधि जाट व पुलिस मौके पर पहुंचे, गाड़ी को जप्त कर थाने मे खडी करवाया गया। वहीं गोपालक राधेश्याम वैष्णव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। कार चालक युवक लेखराज मेघवंशी को गिरफ्तार कर एक्सीडेंटली मामला दर्ज किया, ग्रामीणों ने घटना पर रोष जताया है।

# 14 क्विंटल डोडा पोस्त जब्त, तस्कर गिरफ्तार

केकड़ी/जयपुर। केकड़ी के भिनाय थाना पुलिस ने नेशनल हाईवे पर नाकाबंदी में एक ट्रक से 14 क्विंटल 70 किलो अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त बरामद कर ट्रक चालक चंद्र प्रकाश जाट पुत्र मगना राम निवासी भुरटिया, बाड़मेर को गिरफ्तार किया है।

एसपी राजकुमार गुप्ता ने बताया कि डीएसटी के कांस्टेबल नवल सिंह को मुखबिर से मिली तस्करी की सूचना पर एएसपी नितेश आर्य व सीओ संजय सिंह के सुपरविजन व एसएचओ नाहर सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने बांदनवाड़ा से आगे नसीराबाद रोड नेशनल हाईवे पर नाकाबंदी कर जोधपुर नंबर के एक ट्रक को रुकवा कर चेक किया। जिसमें सोलर पैनल के पाट्‌र्स की आड़ में 74 कट्टों में 14 क्विंटल 70 किलो अवैध डोडा पोस्त मिला। आरोपी ट्रक ड्राइवर को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया गया है।

# हिमाचल में बारिश से घग्घर नदी में फिर आया पानी

## दो दिन में बढ़ा 382 क्यूसेक पानी, गंगानगर की नाली बेल्ट से सटे किसानों को फायदा

**सूरतगढ़,** (निसं)। हिमाचल प्रदेश में हो रही बारिश की वजह से पंजाब और हरियाणा के बांधों में फिर से बाढ़ का पानी बढ़ने लगा है। ऐसे में हरियाणा के सिरसा स्थित ओटू हेड से घग्घर नदी में पानी की आवक ने भी रफ्तार पकड़ ली है। जानकारी के अनुसार 16 अगस्त की शाम 4 बजे मिले गेज के मुताबिक पंजाब के गुहलाचिका हेड पर 41448 क्यूसेक पानी की मात्रा दर्ज की गई थी। तो हरियाणा के ओटू हेड पर 4200 क्यूसेक। इसका असर यह हुआ कि नाली बेड में एरिया में 16 अगस्त की शाम को ही 1482 क्यूसेक पानी रिलीज किया गया। 17 अगस्त को नाली बेड में पानी की मात्रा बढ़ाकर 3000 क्यूसेक कर दी गई। 17 और 18 अगस्त को यह गेज यथावत रहा। शनिवार को लिए गए गेज के मुताबिक नाली बेड एरिया में यह मात्रा थोड़ी और बढ़ोतरी के साथ 3382 क्यूसेक दर्ज की गई है।

इसे लेकर फ्लड अधिकारी भी फिर से सक्रिय हो गए हैं और लगातार अपडेट ली जा रही है। हालांकि नाली बेड में पानी बढ़ने के साथ ही पीछे गुहलाचिका हेड पर पानी उतार पर है। सरकारी सूत्रों की माने तो गुहलाचिका और ओटू हेड पर आने वाले दिनों में पानी नहीं बढ़ता है तो नाली बेड में छोड़े गए पानी की मात्रा में भी गिरावट आएगी और अगर हिमाचल समेत पंजाब हरियाणा में बारिश का दौर जारी रहता है तो फिर इसकी आवक में भी बढ़ोतरी हो सकती है। दूसरी और पानी की फिर से हो रही आवक को लेकर सूरतगढ़ के सहायक कृषि अधिकारी महेंद्र कुलडिया का कहना है कि घग्घर नदी में फिर से आ रहा पानी आगे भी किसानों के लिए अमृत के समान है। हालांकि इससे नदी के बहाव क्षेत्र में रोपाई किए गए धान को नुकसान हो सकता है, मगर नाली बेड एरिया से सटे खेतों में किसानों को बेहद फायदेमंद साबित होगा। उन्होंने बताया कि धान की रोपाई से लेकर दाना पड़ने के करीब 100 दिन तक इसे लगातार पानी का सहारा चाहिए।

# हनीट्रैप मामले में दो जने गिरफ्तार

- आरोपी से नगदी व एक बाइक बरामद
- परिवादी के वीडियो बना लिये फिर धमकी देकर दो लाख की मांग की

**टोंक,** (निसं)। मालपुरा थाना क्षेत्र में एक दुकानदार के साथ गत 3 अगस्त को आरोपी खुशीराम प्रजापत व आरोपिया संजना रेगर द्वारा कुछ सामान खरीदा गया था, जिसके भुगतान हेतु आरोपियो ने फोन-पे की बात करते हुए परिवादी से फोन नम्बर ले लिये। उसके बाद आरोपी भुगतान के मामले में बहाने व ठालमटोल करते रहे, जब परिवादी ने अधिक दबाव डाला तो आरोपी टोक आ गये और परिवादी से लगातार चेटिंग कर उसको टोंक बुला लिया, जहां उसको अपनी बातों में फंसाकर अपने घर पर परिवादी के वीडियो बना लिये फिर उसे ब्लेकमेल करने की धमकी देकर दो लाख रूपये की मांग की।

जिस पर परिवादी ने अपनी इज्जत के डर से 170000 रूपये देकर चला गया लेकिन आरोपियों द्वारा पुनः दबाव बनाने व धमकियों से पुलिस की शरण ली। जहां पुलिस ने जाल बिछाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिस समय परिवादी द्वारा आरोपियों को दूसरे किस्त के भुगतान के रूप में 50 हजार रूपये दिये जा रहे थे। उक्त राशि 500-500 के कुल 100 नोटो को जप्त किया जाकर अनुसंधान दोनों मुल्जिमो को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के सम्बन्ध में पुलिस द्वारा यह भी बताया गया है कि खुशीराम पुत्र नाथूलाल कुम्हार निवासी थाना मेहन्दवास तथा सन्जना पत्नी खुशीराम प्रजापत उम्र 20 साल निवासी मेहन्दवास जिला टोक जो पुत्री कन्हैयालाल रेगर निवासी रेगरो का मोहल्ला निन्दड थाना हरमाडा जिला जयपुर जिनके विरूद्ध पूर्व भी विभिन्न थानो में 8 प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

# सूर्यदेव की तपन से खेतों में खड़ी फसलें झुलसने लगीं

## दूसरा सावन माह लगभग समापन पर है लेकिन सूखा ही गुजर रहा है

- ग्वार, बाजरा, मूगंफली, मूंग, मोठ, तिलहन आदि फसलें झुलसने लगी हैं
- उमस भरी चिलचिलाती धूप से लोग परेशान

**सांभरझील,** (निसं)। सावन माह में हर साल लगने वाली बरसात की झड़ी ने अबकी बार लोगों को तरसा दिया है। 19 साल में पहली बार दुर्लभ सहयोग से अधिमास होने के कारण इस बार सावन के दो महीने मनाए जा रहे हैं। दूसरा माह लगभग समापन पर है लेकिन सूखा ही गुजर रहा है।

इधर सूर्यदेव के रौद्र रूप से खेतों में खड़ी फसलें झुलसने लगी हैं। पिछले करीब पंद्रह दिन से आसमान में बादल गायब हैं। जिससे उमस भरी चिलचिलाती धूप ने कृषकों की नींद उड़ा रखी है। भीषण गर्मी ने लोगों को बेहाल कर रखा है। वहीं विधुत विभाग कि ओर से कभी रात को तो कभी दिन में शटडाउन, फॉल्ट या अघोषित बिजली कटौती से आमजन भी परेशान है।

मौसम की इस बेरूखी का असर सबसे ज्यादा कृषि कार्यों पर पड़ रहा है। चिलचिलाती गर्मी के कारण ग्वार, बाजरा, मूगंफली, मूंग, मोठ, तिलहन आदि फसलें झुलसने लगी हैं। खेतों में नमी खत्म होने से बोई हुई फसलों पर अकाल पड़ने का भय मंडरा रहा है। झुलसती फसलों को देख किसानों के चेहरे की रोनक उड़ने लगी है। कृषक भागचंद जाट और रामकुमार लोरा का कहना है कि शुरूआत में अच्छी बारिश से खुशी छाई हुई थी। लेकिन अब आसमान से बरसात होने की टकटकी लगाए बेठै हैं। कृषकों का मानना है कि एक सप्ताह बरसात नहीं हुई तो अधिकतर खरीफ की फसले प्रभावित होगी। जिसे काफी नुकसान हो सकता हो सकता है।



तेज धूप से खेतों में खड़ी फसल पीली पड़ने लगी है।

**सर्वाधिक नुकसान बाजरे की फसल में :-** पिछले दो सप्ताह से तेज धूप के चलते अधिकतम तापमान भी 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। बारिश थमने के बाद तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। जिले में पिछले एक सप्ताह से भी अधिक समय से अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के आसपास चल रहा है। वहीं रात में न्यूनतम तापमान भी गिरकर 25 डिग्री सेल्सियस चल रहा है। इसकी वजह से सुबह के समय नमी अधिक रहती है तथा दिन के समय तेज धूप के असर की वजह से फसलों में मौसमी बीमारियां भी फैलने लगी हैं।

**चारे की मांग और भावों में बढ़ोतरी संभव :-** ग्रामीणों ने बताया कि अबकी बार बरसात जल्दी हो जाने से लोगों ने धान की फसलों की अधिक बुआई की है। जिस कारण खेतों में चारा कम होने का आसार लग रहा है। गत वर्ष पांच सौ रूपए प्रति मण विक्रय हुआ था। परंतु इस बार चारे की मांग और भावों में बढोतरी देखने को मिलेगी। लेकिन बारिश नहीं हुई तो जानवरों के लिए चारे का भी अभाव रहेगा। फसलों की ग्रोथ भी कम हुई। लट, कीटों का प्रकोप भी बढ रहा है। कई खेतों में बाजरे की सिटटीयां पकने लगी है। ऐसे में बारिश की बहुत अधिक आवश्यकता है।

# निजी बस ने रामदेवरा जातरूओं को कुचला, तीन महिलाओं की मौत

## चार घायलों को उपचार के लिए बिलाड़ा अस्पताल में भर्ती करवाया

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर जिले के बिलाड़ा तहसील क्षेत्र नेशनल हाइवे बाइपास रोड खारिया-मीठापुर में एक स्लीपर बस ने रामदेवरा की तरफ जा रहे पैदल जातरूओं के जत्थे का चपेट में ले लिया। इस हादसे में तीन महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई जबकि चार अन्य जातरू घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए बिलाड़ा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

- **बस का चालक घटना के बाद फरार हो गया जिसकी पहचान के साथ तलाश की जा रही है**

जहां हालत सामान्य बनी हुई है। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर बिलाड़ा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।

थानाधिकारी घेवरसिंह ने बताया कि तड़के बाबा रामदेवजी के जातरू धोक के लिए रामदेवरा पैदल जा रहे थे। तब नेशनल हाईवे बाइपास खारिया मीठापुर के समीप एक निजी बस ने उन्हें चपेट में ले लिया। इससे पैदल तीन लोगों की मौत हो गई। चार अन्य घायल हुए है। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान बाद में बूंदी जिले के नैनवां की रहने वाली 40 साल की आशा पत्नी भोमा, राजनगर टोंक देवली की 35 साल की बादाम देवी पत्नी राजेश एवं यहीं की 50 वर्षीय प्रेमदेवी पत्नी रमेश के रूप में हुई है जबकि हादसे में बूंदी के हिंडोली निवासी मनभर देवी, टोंक के सीतापुर के हेमराज, टोंक की मीना और बूंदी नैनवां की नेराजी देवी को घायल हो गए। इन्हें बिलाड़ा चिकित्सालय में लाकर भर्ती करवाया गया है। सभी का उपचार जारी है। हालत सामान्य बनी है। बस का चालक घटना के बाद फरार हो गया जिसकी पहचान के साथ तलाश की जा रही है। बस को जब्त कर थाने में रखवाया गया है। घटनास्थल पर पुलिस के साथ प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंचे।

# अज्ञात वाहन ने दो बाइकों को मारी टक्कर, मां-बेटे की मौत

## बेटी और एक अन्य रिश्तेदार घायल, अस्पताल में भर्ती कराया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के बड़लियास थाना क्षेत्र में बीती देर रात कालीरडिया ग्राम के पास दो बाईकों को एक तेज रफ्तार अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और वह फरार हो गया। हादसे में बाइक सवार बेटे और मां की मौत हो गई, जबकि बेटी और एक अन्य रिश्तेदार घायल हो गए। घायलों को महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना प्रभारी शिवचरण ने बताया की शुक्रवार रात को करीब 9 बजे कालिरडिया चौराहे के पास दो बाइक के एक्सीडेंट की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। हादसे में तीन महिला सहित पांच लोग घायल हुए थे। सभी को महात्मा गांधी हॉस्पिटल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने एक महिला व एक युवक




मृतक मां-बेटे।

को मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्त बड़ी हरनी निवासी रतनी (45) पत्नी नंदराम बलाई व उसके बेटे रितेश (25) पुत्र नंदराम बलाई के रूप में हुई। वहीं बाइक पर सवार सीता पत्नी प्रहलाद बलाई व लीला पुत्री बनवारी लाल सालवी घायल हो गए। सभी का उपचार एमजी हॉस्पिटल में चल रहा है। वहीं दोनों शव का आज शनिवार की सुबह पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

- **परिजनों ने बताया कि मृतक मां-बेटे व घायल सभी एक ही परिवार के लोग हैं**

मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक मां-बेटे व घायल सभी एक ही परिवार के लोग है। यह सभी मांडलगढ़ के पास मोहनपुरा गांव में रिश्तेदारों की शोकसभा में गए थे। रात को बाइक पर लौटते समय अज्ञात वाहन ने इन दोनों की बाइक को टक्कर मार दी। पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मध्यप्रदेश की नारकोटिक्स टीम की तस्करों से मुठभेड़

## फायरिंग से दहला नेशनल हाइवे 758, चावण्डिया चौराहे पर हुई मुठभेड़

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के बडलियास थाना क्षेत्र से गुजर रहे नेशनल हाइवे 758 पर चावण्डिया चौराहे के पास शनिवार की दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब क्षेत्र में गोलीबारी की आवाज सुनाई दी।

- **इस गहमागहमी के बीच दो जनों के भाग जाने व दो को डिटेन करने की बात सामने आई है**
- **पुलिस भी पूरे मामले को लेकर अभी तक अनभिज्ञ नजर आ रही है सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं**

मध्यप्रदेश की नारकोटिक्स टीम के द्वारा कार्यवाही करने की प्रथमदृष्टया जानकारी सामने आई है। नारकोटिक्स टीम की कार्यवाही में स्थानीय पुलिस को सूचना नहीं देना और नेशनल हाईवे पर सरेआम फायरिंग होना कहीं न कहीं नारकोटिक्स विभाग की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़े करती है।

जानकारी के अनुसार नेशनल हाइवे पर तस्करों के पीछे लगी नारकोटिक्स विभाग की टीम ने जब तस्करों के वाहन को रुकवाना चाहा तो उन्होंने फायरिंग कर दी। सूत्रों के मुताबिक टीम ने भी जवाबी फायरिंग की। इस गहमागहमी के बीच दो जनों के भाग जाने व दो को डिटेन करने की बात सामने आई है। फायरिंग की सूचना मिलते ही बडलियास थाना प्रभारी शिवचरण मय जाब्ता मौके पर पहुंचे और घटना के हालात उच्च अधिकारियों को बताए जिसके बाद जिले में नाकाबंदी भी कराई गई। तत्पश्चात पुलिस को जानकारी मिली कि नारकोटिक्स विभाग की टीम ने कार्यवाही की थी, उधर पुलिस भी पूरे मामले को लेकर अभी तक अनभिज्ञ ही नजर आ रही है। पुलिस अधिकारियों द्वारा आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे है ताकि घटना की वास्तविकता का पता लगाया जा सके। वहीं सरेराह हुई इस घटना से आमजन में भय व्याप्त है।

# मुठभेड़ में डकैत लुक्का का भाई साथी समेत गिरफ्तार

**जयपुर/धौलपुर, (निसं)।** कुख्यात डकैत धर्मेन्द उर्फ लुक्का गिरोह से हुई मुठभेड़ में धौलपुर पुलिस की 29 सदस्यों की तीन टीमों ने डकैत रवि उर्फ रविन्द्र सहित एक अन्य बदमाश अशोक को गिरफ्तार किया है। मुठभेड में दोनों बदमाश घायल हो गए, जिनका इलाज जारी है। एसपी मनोज कुमार ने बताया कि डकैत रवि उर्फ रविंद्र कुख्यात डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का का भाई है। इस पर 15000 का इनाम भी घोषित था। दोनों के पास से पुलिस ने एक पचफेरा, 19 राउण्ड जिन्दा 7 एमएम माउजर बरामद किए हैं।

साईबर सैल प्रभारी हेड कांस्टेबल राजकुमार की तकनीकी सूचना के आधार पर आईजी भरतपुर रेन्ज रुपिन्दर सिंघ के दिशा निर्देश में एएसपी ओमप्रकाश मीणा, देवेन्द्र सिहं राजावत, सीओ रविराज सिह के सुपरवीजन व सीओ शहर सुरेश सांखला के नेतृत्व में डीएसटी व एडीएफ के 29 सदस्यों की तीन

- **एक पचफेरा, 19 कारतूस व बोलेरो बरामद, मुठभेड़ में दोनों बदमाश हुए घायल**

टीमें गठित की गई। टीम ने करते हुए आंगई थाना इलाके में बांध के पास शुक्रवार देर रात डकैत धर्मेन्द्र उर्फ लुक्का गैंग से हुई पुलिस मुठभेड में 15000 रुपए के ईनामी बदमाश रवि उर्फ रविन्द्र व साथी बदमाश अशोक को हथियार समेत दबोच लिया। दोनों ही बदमाश रवि उर्फ रविन्द्र व अशोक पुलिस मुठभेड मे घायल हो गए। बदमाशों की बोलेरो को जब्त किया है। फरार हुए बदमाशों की पहचान कुख्यात डकैत धर्मेन्द्र उर्फ लुक्का, तहसीला पुत्र दीवान सिंह निवासी देव का पुरा मोरोली, बन्टू निवासी टुन्डे का पुरा, योगी उर्फ योगेन्द्र निवासी तिलोदा थाना सरायछौला के रुप मे हुई है।

# वृद्धा को बंधक बना 40 तोला सोना व दो किलो चांदी के गहने लूटे

**भीलवाड़ा, (निसं)।** रायपुर थाना क्षेत्र के भीटा गांव में रात को घर में सो रही महिला को बंधक बनाकर जमीन में गढ़ी तिजोरी में रखे करीब 40 तोला सोना व 2 किलो चांदी के गहने लूट लिये।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, रायपुर थाने के भीटा गांव में रात 12 से 1 बजे के बीच तीन से चार बदमाशों ने किशन कंवर पत्नी गोपालसिंह राजपूत के मकान पर धावा बोला। इस दौरान किशन कंवर अकेली ही घर में सो रही थी। पति दूसरे बाड़े में सोये हुये थे। महिला का बेटा काम-धंधे के लिए बाहर रहता है। दीवार फांदकर घर में घुसे बदमाशों ने किशन कंवर का मुहं दबाकर उसे बंधक बना लिया। बदमाशों ने उसे धमकी दी कि ज्यादा हल्ला किया तो जान से मार देंगे। बदमाश के बाकी साथियों ने कमरे का ताला तोड़ दिया। दो बदमाश अंदर घुसे।

कमरे में बनी भूमिगत तिजोरी को मशीन से तोड़कर तिजोरी की तलाशी ली।

- **बदमाशों ने महिला का मुंह दबाकर बंधक बना लिया और धमकी दी**

तिजोरी में रखे 5 तोला सोना के 2 बाजु, 6 तोला सोने की एक आड, 4 तोला सोने की एक और आड, 3 तोला सोना कान की जोडी, 3 तोला की चेन, 2 तोला की पुनसिया 2 , 1.50 तोला की बंगडी, 6 तोला के चार पेंडल, 1 तोला की 2 अंगुठी, 2 तोला का के 2 झेले , 1 तोला की चेन व अंगुठी, 1 तोला की नथ , 3 तोला ब्रॉसलेट, 2 किलो चांदी के पायजेब, कमर का, बिटी, चुड़ियां आदि आभुषण सहित अन्य जेवर बदमाशों के हाथ लग गये, जिन्हें बदमाशों ने लूट लिये। ये गहने किशन कंवर व उसकी पुत्रवधु के थे। किशन कंवर का कहना है कि वह वृद्ध होने से चोरों का सामना नहीं कर पायी। पुलिस ने किशन कंवर की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

# मुस्लिम युवती ने हिंदू युवक से प्रेम विवाह किया

**टोंक, (निसं)।** उनियारा ब्लॉक के देवली ग्राम की एक मुस्लिम लड़की ने झुंडवा गांव के हिंदू लड़के से भागकर प्रेम विवाह कर लिया। जिन्हें उनियारा पुलिस द्वारा मुहाना मंडी से बरामद कर बालिग होने के कारण स्वतंत्र कर दिया गया।

उनियारा थाना पुलिस ने बताया कि लड़के के पिता राम प्रसाद योगी झुंडवा ने अपने पुत्र रामवतार के गुमशुदगी की रिपोर्ट 15 अगस्त को दर्ज करवाई थी, जिस पर उसकी तलाश की जा रही थी। इसी बीच 17 अगस्त को मुहाना पुलिस से रामप्रसाद के जयपुर में होने की सूचना मिली इस पर जयपुर पहुंचे, वहां



युवक-युवती।

रामवतार के साथ मोबिना भी थी। पूछताछ में दोनों का 25 जुलाई को प्रेम विवाह करना पाया गया। रामवतार द्वारा भी स्वेच्छा घर से मोबिना के साथ आना

- **दोनों ने प्रशासन से लगाई सुरक्षा की गुहार**

बताया गया।

मोबिना ने बताया कि अब हम जिंदगी भर साथ रहेंगे। इस पर उन्हें उनियारा लाकर उनके माता पिता को बुलाया गया जहां दोनों के माता पिता ने उन्हें अपनाने और दोनों ने उनके साथ जाने के लिए मना कर दिया। इस पर बालिग होने के कारण उन्हें स्वतंत्र कर दिया गया है। प्रेमी युगल ने घर वालों के द्वारा अपनी जान का खतरा बताते हुए प्रशासन से सुरक्षा की मांग की है।

# गैंगस्टर आनंदपाल सिंह की जमीन कुर्क मामले में दो पुलिसकर्मी सहित थानाधिकारी निलंबित

**डीडवाना, (निसं)।** जिले के लाडनूं कस्बे में गैंगस्टर आनंदपाल से जुड़ी एक बेनामी जमीन के प्रकरण में पुलिस की बड़ी लापरवाही और कथित मिलीभगत का मामला सामने आया है। करोड़ों रुपए की जिस जमीन को पुलिस ने सात साल पहले कुर्क किया था, उसे कुर्क से मुक्त कर दिया गया, इस मामले में प्रथम दृष्टया जिला पुलिस अधीक्षक ने लाडनूं थाना अधिकारी और दो कांस्टेबलों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए तीनों को निलंबित कर दिया है। वहीं दूसरी ओर कार्यवाहक उपखंड अधिकारी जीतू कुलहरी ने उक्त जमीन को वापस कुर्क करने के आदेश जारी कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार गैंगस्टर आनंदपाल की बेनामी संपत्तियों पर वर्ष 2016 में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए इन संपत्तियों को कुर्क किया था, इसके तहत लाडनू में 190 बीघा बेशकीमती जमीन को भी आनंदपाल की बेनामी संपत्ति मानते हुए 26 जुलाई 2016 को पुलिस ने कुर्क किया था। साथ ही उक्त जमीन के लिए लाडनूं थानाधिकारी को रिसीवर नियुक्त किया गया था। इस मामले को लेकर जमीन से जुड़े पक्ष ने कुर्क के आदेश को चुनौती

- **पुलिस ने खानपुर स्थित 190 बीघा जमीन को किया था कुर्क**
- **कार्यवाहक उपखंड अधिकारी जमीन को वापस कुर्क के आदेश जारी किए**

देते हुए हाईकोर्ट में अपील की थी, जिस पर हाईकोर्ट ने लाडनूं उपखंड अधिकारी को इस मामले में जल्द निर्णय पारित करने के आदेश दिए थे। जिसके पश्चात लाडनू एसडएम ने पांच बार लाडनूं थाना अधिकारी को नोटिस देकर उक्त प्रकरण के संबंध में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा, मगर लाडनूं थाना अधिकारी ने ना तो कोई रिपोर्ट प्रस्तुत की, ना ही खुद उपस्थित हुए। बार-बार नोटिस के बावजूद जब लाडनू थानाधिकारी की ओर से कोई जवाब प्रस्तुत नहीं हुआ, तो लाडनू उपखंड अधिकारी ने 21 अप्रैल 2023 को 190 बीघा जमीन की कुर्की आदेश को निरस्त कर उसे कुर्क से मुक्त कर दिया।

इस मामले की जानकारी जब पुलिस महकमे को मिली, तो हड़कंप मच गया और तत्काल डीडवाना पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार नूनावत ने जांच के लिए कमेटी बनाई, जिसमें प्रथम दृष्टया लाडनूं थाना अधिकारी शंभूसिंह, हेड कांस्टेबल इकबाल खान और नारायण पुरी की लापरवाही सामने आई, जिस पर तीनों पुलिसकर्मियों को एसपी ने निलंबित कर दिया। वहीं इस मामले में दोबारा उपखंड न्यायालय में याचिका दायर की गई, जिस पर कार्यवाहक उपखंड अधिकारी जीतू कुलहरी ने उक्त जमीन को दोबारा कुर्क करने के आदेश जारी किए। इसके पश्चात कल देर रात लाडनूं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जमीन को अपने कब्जे में ले लिया।

डीडवाना-कुचामन जिला पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नुनावत का कहना है कि गैंगस्टर आनंदपाल से जुड़ी एक जमीन का यह मामला है, जिसमें पुलिस विभाग के कुछ पुलिसकर्मियों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। इसलिए लाडनूं थाना अधिकारी सहित दो पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है और उक्त जमीन को पुनः कुर्क करने की कार्रवाई की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# घर में घुसकर महिला से सामूहिक दुष्कर्म किया

**अनूपगढ़, (निसं)।** थाना क्षेत्र की एक महिला ने इस्तगासे के जरिए अनूपगढ़ पुलिस थाने में तीन व्यक्तियों पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है।

अनूपगढ़ पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार महिला ने बताया कि 30 जुलाई को वह घर पर अकेली थी और उसे समय उसके घर पर खेराज दो अन्य व्यक्तियों के साथ आया। घर में घुसकर खेराज ने कहा कि तेरा पति कहां है, तुम्हारा जो जमीन का विवाद चल रहा है उसमें मैं राजीनामा करवा देता हूं। महिला के द्वारा खेराज को उसका पति घर पर नहीं होने की बात कही गई।

महिला ने बताया कि उसके मना करने पर भी खेराज और अन्य दो

- **जमीनी विवाद में राजीनामा करवाने के बहाने आए थे**

व्यक्तियों ने उसका हाथ पकड़ लिया और उससे छेड़छाड़ करने लग गए। महिला ने आरोप लगाया है कि काफी मना करने के बाद भी तीनों ने जबरदस्ती उसके साथ दुष्कर्म किया और जब उसने शोर मचाया तो आसपास के घरों की कुछ महिलाएं मौके पर पहुंची। महिलाओं के पहुंचने पर तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस उपाधीक्षक रामेश्वर लाल ने बताया कि विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर मामले में अनुसंधान शुरू कर दिया है।

# चोरी की ग्यारह बाइक सहित दो आरोपी गिरफ्तार



भीनमाल पुलिस ने बाइक बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**जालोर, (कासं)।** जालोर जिले के भीनमाल पुलिस ने शनिवार को चोरी की 11 मोटरसाईकिल बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जालोर पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन के निर्देशानुसार जिले में वांछित अपराधियों की धरपकड़ व गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के दौरान रामेश्वर भाटी पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी भीनमाल के नेतृत्व में कस्बा भीनमाल में हुई मोटरसाईकिल चोरी का पर्दाफाश करने हेतु गठित टीम द्वारा प्रयास कर मुखबीर तंत्र के आधार पर आरोपी अमृत कुमार पुत्र छगनाराम दर्जी निवासी गजीपुरा व करण पुत्र प्रभुराम बागरी निवासी गुणीनाडा भीनमाल पुलिस थाना भीनमाल को दस्तयाब कर भीनमाल, जालोर शहर, बालोतरा, धानेरा से अलग-अलग जगह से चोरी की ग्यारह मोटरसाईकिल बरामद की गयी। मुलजिमानों के कब्जे से बरामद के सम्बन्ध में पुलिस थाना पर प्रकरण दर्ज है।

जालोर जिलेभर सहित गुजरात व बालोतरा जिले के पुलिस थानों में उक्त आरोपियों के खिलाफ तीन प्रकरण पुलिस थाना भीनमाल, चार प्रकरण पुलिस थाना जालोर, तीन प्रकरण धानेरा गुजरात, एक प्रकरण बालोतरा पुलिस थाने में दर्ज हैं।

# अजमेर में तीन मिनट में तीन हजार पौधे रोपकर विश्व रिकॉर्ड बनाया

## एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज कराया नाम, पर्यावरण बचाव का दिया संदेश

**अजमेर, (निसं)।** ग्रीन आर्मी की पहल पर शहर की विभिन्न संस्थाओं द्वारा पर्यावरण बचाव का संदेश देते हुए शनिवार तीन मिनट में तीन हजार पौधे रोप कर विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में अजमेर का नाम दर्ज हुआ। पौधारोपण के तहत माकड़वाली रोड पर 3.7 किलोमीटर में पौधे लगाए गए। इस अवसर पर इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। एक माह पश्चात स्थाई सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा।

ग्रीन आर्मी के संयोजक कुलदीप सिंह गहलोत ने बताया कि ग्रीन आर्मी संस्था की पहल पर ग्रीन गृहिणी, राज्य और जिला विधिक प्राधिकरण, एडीए, नगर निगम, चिकित्सा एवं स्वास्थ विभाग सहित 42 से अधिक संस्थाओं ने शनिवार को वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित कर तीन मिनट में माकड़वाली रोड पर 3.7 किलोमीटर क्षेत्र में 3 हजार




अजमेर में ग्रीन आर्मी की पहल पर शहर की विभिन्न संस्थाओं द्वारा तीन मिनट में तीन हजार पौधे रोपे।

पौधे लगाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया। इस अवसर पर इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड के प्रतिनिधि मौजूद रहे। शहर के करीब 4 हजार लोग जुटे कार्यक्रम में जुटे जिन्होंने पौधारोपण में 2600 कनेर के पौधे डिवाइडर पर लगाये, 400 पौधे

- **पौधारोपण के तहत अजमेर के माकड़वाली रोड पर 3.7 किलोमीटर में पौधे लगाए**

नीम और गुलमोहर के सड़क के दोनों ओर लगाए हैं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला एवं सेशन जज संगीता शर्मा सहित जिला विधिक प्राधिकरण सचिव रामपाल जाट, एसपी चूनाराम जाट आदि मौजूद रहे। इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड के प्रतिनिधि नेपाल निवासी रॉबिन चंद्र ने इसकी मॉनिटर की। नगर निगम ने भी दो हजार पौधे उपलब्ध कराए हैं। पौधरोपण करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को गिफ्ट में पौधा और एक किलो वर्मी कम्पोस्ट खाद का पैकेट प्रदान किया गया। संस्थाओं ने 1700 किलो वर्मी कम्पोस्ट तैयार किया।

## संक्षिप्त

### महिला मंडल का तीज महोत्सव आज

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** अग्रवाल समाज भवन में तीज महोत्सव की तैयारियों को लेकर अग्रवाल समाज महिला मंडल की बैठक का आयोजन महिला मंडल अध्यक्ष कनक गुप्ता की अध्यक्षता में हुर्आ। बैठक में तीज महोत्सव की तैयारियां तथा कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर चर्चा की गई। महिला मंडल अध्यक्ष गुप्ता ने बताया कि समाज भवन में महिला मंडल की ओर से धूमधाम से तीज महोत्सव मनाया जाएगा जिसमें अग्रवाल समाज की महिलाएं शामिल होंगीं। इस दौरान बैठक में दीपा गोयल, रेणु गोकुलका, प्रीति बजाज सरिता कयाल ,स्वेता बजाज, प्रियंका बजाज ,पायल अग्रवाल, खुशबू अग्रवाल सहित महिला मंडल की अन्य महिला सदस्य मौजूद रही।

### 25 हजार नए सदस्य बनाने का लक्ष्य

**चाकसू, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के भाजपाइयों एवं दक्षिण बीजेपी पदाधिकारियों ने भाजपा विशेष सदस्यता अभियान शुरू किया है। अभियान के अंतर्गत भाजपाई 12 दिन में 25 हजार से ज्यादा नए वोटर को पार्टी की सदस्यता देगी। प्रत्येक बूथ पर ग्रामीण क्षेत्र में 100 व शहरी क्षेत्र 200 नए वोटर जोड़ने का लक्ष्य दिया गया है। टोल फ्री नम्बर पर मिस्ड कॉल से पार्टी नए सदस्य बनाएगी। कस्बे में भाजपा दक्षिण के सहसंयोजक सत्यनारायण चौधरी ने नव मतदाताओं एवं नए सदस्यों का सम्मान कर अभियान की शुरुआत की।

### फसल खराबे की रिपोर्ट के निर्देश

**दूदू, (निसं)।** उपखण्ड अधिकारी कार्यालय सभागार में जिला कलेक्टर अर्तिका शुक्ला ने कृषि व राजस्व विभाग तथा बीमा कम्पनी प्रतिनिधियों की बैठक लेकर फसल खराबे की रिपोर्ट तत्काल सर्वे कर पेश करने के निर्देश दिए। शुक्ला ने मौजूद कृषि व राजस्व कमियों को निर्देश दिए कि फील्ड में जाकर नियमानुसार पात्र कृषकों का चयन कर वास्तविक रिपोर्ट पेश का उन्हें लाभान्वित करवाने का प्रयास करें इस कार्य में लापरवाही नहीं की जावे।

### आज पानी सप्लाई बाधित रहेगी

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण रविवार को दशहरा मैदान व नगर पालिका क्षेत्र की टंकी से होने वाली सप्लाई नहीं हो सकेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता प्रदीप शर्मा ने दी।

# राव रत्नाजी जयंती व राव रत्नाजी भवन का उद्घाटन समारोह आयोजित

- भव्य भगवा बाइक रैली निकाली, राजपूत समाज को एकजुट होने का आव्हान
- आज तलवार का नहीं ज्ञान का युग है : राठौड़

**पावटा, (निसां)।** श्रीशेखावत राजपूत सेवा संस्थान सत्ताईशा क्षेत्र के तत्वावधान में पावटा कस्बे के राव रत्नाजी राजपूत सभा भवन पावटा पर शनिवार को राव रत्नाजी जयन्ती व राव रत्नाजी भवन का उद्घाटन समारोह जयपुर ग्रमीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के मुख्य आतिथ्य व पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राव राजेंद्र सिंह शाहपुरा की अध्यक्षता एवं यशवर्धन सिंह झेरली, प्रवीण सिंह राठौड़ पूर्व उपकुलपति, मान सिंह पीथलपुर युवाम, देवी सिंह ज्ञानपुरा पूर्व यूईटी चेयरमैन, राजकुमार देवायुष सिंह, रानी रत्नाकुमारी, बिग्रेडियर जयपान सिंह, विक्रम सिंह तंवर पूर्व प्रधान कोटपूतली, भागीरथ सिंह पूर्व उप जिला उपप्रमुख महेन्द्रगढ के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित हुआ।

वहीं आगंतुक अतिथियों का स्वागत संस्था संरक्षक हरि सिंह खेलना व संस्था अध्यक्ष दशरथ सिंह द्वारा माला व साफा पहनाकर किया गया। इससे पूर्व राजपूत समाज के युवाओं व लोगों द्वारा शनिवार को विशाल व भव्य भगवा बाइक रैली निकाली गई।

इसमें बाइक पर भगवा ध्वज थामे युवाओं ने जय भवानी-जय शिवाजी, भारत माता की जय व वंदे मातरम के नारे लगाए। रैली किले वाले हनुमान मंदिर से शुरू हुई। रैली नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए समारोह स्थल राव रत्नाजी भवन पर समाप्त हुई।



समारोह को सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने संबोधित किया।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभा सम्मान समारोह का अयोजन भी किया गया। जिसमें समाज के माध्यमिक व उच्च माध्यमिक में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले, ग्रेजुएशन में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले, प्रोफेशनल कोर्स में प्रवेश पाया हो या पास हुआ हो, सरकारी या कोर्पोरेट विभाग में नियुक्त हुआ हो, खेल में उपलब्धि हासिल की हो ऐसे होनहार व प्रतिभावान विद्यार्थियों सहित भवन में अंशदान करने वाले प्रमुख व्यक्तियों का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया।

इस दौरान जयपुर ग्रमीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि राव रत्ना धार्मिक व सामाजिक व्यक्तित्व के धनी थे। उनकी सेना में 36 बिरादरी के सैनिक शामिल थे। उन्होंने युवाओं से राव रत्ना के आदर्शों को जीवन में धारण कर आगे बढ़ने का आव्हान किया। सांसद ने कहा कि आज तलवार का नहीं ज्ञान का युग है।

युवा पढाई लिखाई कर अपने भविष्य को संवारे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राव राजेन्द्र सिंह ने राजपूत समाज को एक होने का आव्हान करते हुऐ कहा की आज हमारे समाज के लोगों ने देश के लिए जो कुर्बानी दी है उस कुर्बानी का जाया नहीं जाने देने की बात कहते हुए एकजूट होकर इनके बताए गए मार्ग पर चलने की बात कहीं । मंच संचालन रघुवीर सिंह खेलना ने किया ।

इस मौके पर महामंत्री जगजीत सिंह, पूर्व अध्यक्ष रामोतार सिंह, कल्याण सिंह, भगवान सिंह, वाइस चेयरमैन नरपत सिंह, सरपंच धीर सिंह मंडा, निर्मल सिंह पाछुडाला, उदयवीर सिंह कैरोडी, श्रवण सिंह कारोली, उप प्रधान राजेन्द्र सिंह टीटू, घीसा सिंह, बिसन सिंह, करण सिंह सहित मौजूद लोगों ने कहा की समाज में व्याप्त विभिन्न कुरूतियो को दूर करना होगा तब जाकर ही समाज उत्थान कर सकेगा।

## भाजपा पार्षद राजकार्य में बाधा के आरोपों से बरी

**मालपुरा, (निसं)।** अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने पूर्व जिला चिकित्सा अधिकारी अशोक कुमार यादव द्वारा दर्ज मामले में सुनवाई करते हुए पालिका अध्यक्ष पति सहित पूर्व पालिका अध्यक्ष व चार भाजपा पार्षदों को राजकार्य में बाधा के आरोपों से बरी किया है।

मामले के अनुसार 19 मार्च 2021 को राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मालपुरा के औचक निरीक्षण के लिए मालपुरा पहुंचे तत्कालीन जिला चिकित्सा अधिकारी अशोक कुमार यादव से खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में मालपुरा अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर मिलने पहुंचे पूर्व पालिका अध्यक्ष सुभाष गालव, पूर्व पार्षद व वर्तमान पालिका अध्यक्ष के पति मनीष सोनी, भाजपा पार्षद युधिष्टर सिंधी, पार्षद सौरभ कनोजिया, पार्षद श्योजीराम शर्मा, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष व वर्तमान पार्षद पति दिनेश विजय सहित अन्य लोगों द्वारा अस्पताल की अव्यवस्थाओं को लेकर शिकायत करते हुए सीएमएचओ का घेराव किया गया था।

घेराव के बाद सीएमएचओ ने उक्त लोगों के विरूद्ध मालपुरा थाने में दी रिपोर्ट में गाली-गलोच करने व राजकार्य में बाधा डालने सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज करवाया गया था।

## मुआवजा नहीं मिलने से आक्रोश

**रामगढ़ पचवारा, (निसं)।** भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत चल रहे सिक्स लेन हाईवे की रेस्ट एरिया में सुधार भूमि में लगे पेड़ों का मुआवजा नहीं मिलने से नाराज किसानों में आक्रोश पनपने के कारण जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। जिन किसानों का पेड़ों का मुआवजा नहीं मिला है उन किसानों द्वारा रेस्ट एरिया में चल रहे कार्य को बंद करवा कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत अमराबाद स्थानी लोगों को नौकरी दी जाए व रेस्ट एरिया में और जिन किसानों का पेड़ा का मुआवजा अभी तक नहीं मिला है और कुछ जमीन का मुआवजा बनने से रह गया है उसको लेकर ग्रामीणों में गुस्सा फूटा और रेस्ट एरिया में जाकर काम को बंद करवा दिया गया।

ग्रामीण किसानों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि एसडीएम को कई बार अवगत भी करवा चुके हैं पर अभी तक किसानों को मुआवजा नहीं मिला है और किसान रोज रोज एसडीएम कार्यालय के चक्कर काट परेशान हो चुके हैं पर कोई इनकी सुनवाई नहीं हो रही है। इस मामले को लेकर पेडो के मुआवजे से वंचित ग्रामीण किसान गांव वाले रेस्ट एरिया में जाकर काम को बंद करवा दिया।

# हरसोरा थाना क्षेत्र में मारपीट के बाद युवक की मौत का मामला गहराया

- परिजनों ने एएसपी को ज्ञापन सौंपा
- एसपी ने मॉब लिंचिंग से मौत की अफवाह का खंडन किया

**कोटपूतली, (निसं)।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले के हरसौरा थाना क्षेत्र के गांव नारोल में गुरुवार देर रात वन विभाग के कुछ कर्मचारियों द्वारा एक युवक के साथ मारपीट के बाद हुई मौत का मामला शनिवार को भी गरमाता रहा। शनिवार को मृतक के परिजनों सहित समाज के लोग हरसोरा थाने पर एकत्रित हो गए और मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग की।

सूचना पर कोटपूतली अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विधा प्रकाश मौके पर पहुंचे व परिजनों को शीघ्र ही निष्पक्ष जांच करवाकर उचित करवाई करने का आश्वासन देकर समझाइश की। इस दौरान मृतक के परिजनों व समाज के लोगों ने एएसपी विद्या प्रकाश को ज्ञापन भी सौंपा।

मृतक के परिजनों ने बताया कि वसीम पुत्र तैयब निवासी मुसारी (टपूकडा) काम के लिए हरसौरा क्षेत्र में आया हुआ था तभी गांव नारोल में वन विभाग के कुछ कर्मचारियों ने जेसीबी से रास्ता रोककर बिना किसी कारण मृतक व उसके साथियों के साथ मारपीट कर उसे मौत के घाट उतार दिया। आपको बता दें कि शुक्रवार सुबह से ही यह घटना सोशल मीडिया व मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर मॉब लिंचिंग के समाचार के रूप में प्रसारित होती रही तो वहीं मृतक के परिजनों ने भी अज्ञात लोगों के द्वारा भीड़ के रूप में युवक की हत्या करने के आरोप लगाये।

परिजनों ने बताया कि मृतक 30 वर्षीय वसीम अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला था, मृतक वसीम के तीन लड़के व एक लड़की है जिसमें एक लड़का विकलांग है। वसीम के वृद्ध माता-पिता व 4 भाई है। वसीम की मौत के बाद पूरे परिवार में मातम छा गया । ग्रामीणों ने मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

**परिजनों की प्रमुख मांगें :-** मृतक वसीम के परिवार को मुख्यमंत्री राहत कोष से एक करोड़ की सहायता राशि दी जाए, मृतक वसीम के परिवार में एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए, मुकदमें की निष्पक्ष जांच करवाई जाए, वसीम की मौत मॉब लिंचिंग से की गई है इसलिए रिपोर्ट मॉब लिंचिंग के तहत कार्यवाही की जाए, घटना में शामिल सभी आरोपियों की तुरन्त गिरफ्तारी हो और जल्द से जल्द फास्ट्रेक अदालत में सुनवाई करवाकर हत्यारों को फांसी की सजा दी जाए व वसीम के बच्चों को सरकार की और से अच्छी शिक्षा की व्यवस्था करने की मांग की है।

वहीं उक्त मामले को लेकर कोटपुतली बहरोड़ एसपी रंजिता शर्मा ने कोटपुतली में पत्रकारों से वार्ता करते हुए मॉब लिंचिंग की खबरों को खारिज करते हुए बताया कि मृतक युवक के शरीर पर किसी धार-दार हथियार के चोट के निशान हैं जिनका खुलासा पोस्टमार्टम कि रिपोर्ट में हो पायेगा। एसपी शर्मा का कहना है कि फिलहाल इसे मॉब लिंचिंग के रूप में परिभाषित नहीं किया जा सकता। प्रकरण को लेकर गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जायेगा। एसपी शर्मा ने आमजन से अपील की है कि उक्त मामले को मॉब लिंचिंग की घटना से जोड़कर ना देखे। वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए 10 लोगों को डिटेन कर पुछताछ की जा रही है। जबकि दो लोग फरार है।

एसपी ने बताया कि शुक्रवार की रात को पुलिस को सूचना मिली कि नारोल गांव में कुछ लोग लकड़ियां काटकर ले जा रहें हैं और वन विभाग की टीम उनका पीछा कर रही है। सूचना पर पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची जहां एक जेसीबी मशीन, वन विभाग की गाड़ी और एक पिकअप गाड़ी थी। जहा वसीम नाम के युवक की हालात गंभीर थी। पुलिस ने वसीम और उसके दो साथियों को हरसौरा सीएचसी पहुंचाया जहा वसीम की हालत ज्यादा गंभीर होने पर डॉक्टरों ने कोटपूतली रेफर कर दिया जहां उसकी मौत हो गई।

## सार-समाचार

### तीज की शाही सवारी निकली



**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा कस्बे में शनिवार को नगर पालिका मण्डल के तत्वावधान में शाही लवाजमे के साथ तीज माता की सवारी निकाली गई। हरियाली तीज के अवसर पर श्रीरामनगर पावर हाउस रोड़ स्थित शिव मन्दिर, लीलाधर जी की बगीची से दोपहर 3 बजे तीज माता की सवारी रवाना होकर सायं 7:30 बजे गणगौरी बाजार मेला स्थल पर पहुंची। जहां पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा अर्चना की। इसके बाद उक्त स्थान से रवाना होकर नगर पालिका परिसर पहुंची। इस दौरान सवारी का धर्म प्रेमियों ने जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। तीज की सवारी के दौरान पालिका अध्यक्षा संगीता अग्रवाल सहित अन्य पार्षद एवं पलिका का स्वास्थ्य निरीक्षक सुरेश कुमार बैरवा सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

### डीडवाना ने श्यामपुरा को हराया



**लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय पर आयोजित हो रहे ग्रामीण ओलंपिक खेल प्रतियोगिता में फुटबॉल के फाइनल मैच में डीडवाना की टीम ने श्यामपुरा की टीम को दो जीरो से पराजित किया। इस बार ग्रामीण ओलंपिक खेलों में ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी ज्यादा देखी जा रही है। ग्रामीण ओलंपिक के विभिन्न मुकाबलों में महिलाओं को विभिन्न जगहों पर खेलों में प्रतिस्पर्धा के साथ दमखम हुए मजबूती से खेलते हुए देखा जा सकता है। मीडिया प्रभारी नवीन पांखला एवं व्याख्याता कमलेश गौतम ने बताया कि राजीव गांधी ब्लॉक स्तरीय ग्रामीण ओलंपिक खेलों में तीसरे दिन सभी खेलों के बेहद रोमांचक मुकाबले जिनमें क्रिकेट वॉलीबॉल खो खो फुटबॉल कबड्डी एवं रस्साकशी के मैच आयोजित हुए।

### बिजली निगम कार्मिकों ने चेतावनी दी

**मालपुरा, (निसं)।** बिजली निगम कार्यालय मालपुरा व डिग्गी के कार्मिकों ने शनिवार को सहायक अभियंता मालपुरा व डिग्गी को ज्ञापन सौंप संगठन की 15 सूत्री मांगें पूरी नहीं होने पर सोमवार से सामुहिक अवकाश पर जाने की चेतावनी दी है। संगठन के जिला उपाध्यक्ष नारायण धाकड़ ने बताया कि राज्य कर्मचारियों की तर्ज पर बिजली कर्मचारियों को भी बिना शर्त के पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने सहित 15 सूत्री मांगों को लेकर दो दिन में सरकार कोई निर्णय नहीं देती है तो 21 अगस्त से जगतपुरा जयपुर में होने वाले अनिश्चिकालीन महापडाव में मालपुरा व डिग्गी क्षेत्र से 50 से अधिक बिजली कर्मचारी सामुहिक अवकाश पर रहते हुए अनिश्चिकालीन महापडाव में शामिल होंगे। वहीं 11 सूत्री मांगों को लेकर नर्सेज संघर्ष समिति के आव्हान पर मालपुरा व डिग्गी सीएचसी के बाहर कार्मिकों ने शनिवार को पांचवें दिन भी दो घंटे का कार्य बहिष्कार कर गेट मिटिंग व प्रदर्शन किया।

### बच्चों को पोशाक वितरित की

**शाहपुरा, (निसं)।** शाहपुरा क्षेत्र के खोरी रोड़ बिदारा मोड़ स्थित झुग्गी झोपड़ियों के बच्चों के लिए रणवीर सेवा समिति द्वारा एयू बैंक के सहयोग से संचालित चलो पाठशाला में विगत 10 माह से बच्चों को पढ़ाई करवाई जा रही है। शनिवार को इसी क्रम में बच्चों को पाठशाला ड्रेस वितरित की गई। रणवीर सेवा समिति के अध्यक्ष विजय चौहान ने बताया कि झुग्गी झोपड़ियों रहने वाले बच्चों के लिए रणवीर सेवा समिति व एयू बैंक के द्वारा चलाई जा रही यह पाठशाला निरन्तर संचालित है और इसका उद्देश्य बच्चे कचरा बीनने वाले बच्चों को शिक्षित बनाना है । इस दौरान सीएसआर टीम से मनोज यादव ने बताया कि सामाजिक क्षेत्र के इन अविस्मरणीय योगदान के लिए सर्किल हैड सुल्तान सिंह पलसानिया को राष्ट्रीय स्तर पर चेंजमेकर अवार्ड भी मिल चुका है। इस दौरान समिति के नगर अध्यक्ष अमरसिंह पलसानिया, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ.पूरणमल बुनकर, अमन जांगिड़, जतिन जांगिड़, मुकेश बिजारनिया मौजूद रहे।

### शपथ ग्रहण समारोह आज

**मंडावरी, (निसं)।** कस्बे में गोड सनाड्य ब्राह्मण सभा लालसोट की नगर एवं देहात कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आज 20 अगस्त को कस्बे स्थित परशुराम सेवा सदन में आयोजित किया जाएगा। गॉड सनाढ्य ब्राह्मण महासभा के नगर अध्यक्ष गोविंद सहाय शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को परशुराम मंदिर लालसोट में गॉड सनाढ्य ब्राह्मण का बलाचौर नगर कार्यकारिणी की मीटिंग का आयोजन जगदीश तिवारी राजोली वालों की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक के दौरान गॉड सनाढ्य ब्राह्मण धर्मशाला परशुराम मंदिर के पास होने वाले नव निर्माण का प्रस्ताव सर्वसम्मति से लिया गया की एडवोकेट सुरेश सवासा ने मिलकर कार्य योजना बनाई जाएगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि गॉड सनाढ्य ब्राह्मण समाज के परिवारों का रिकॉर्ड संधारण वास्ते सर्वे किया जाकर सूचीबद्ध किया जाएगा समाज के लोगों का सेवानिवृत्ति के अवसर पर गॉड ब्राह्मण समाज द्वारा सम्मान किया जाएगा।

# भाजपा का बूथ विजय संकल्प सम्मलेन आयोजित

**किशनगढ़ बास, ( )निसं।** भाजपा की बूथ विजय संकल्प बैठक शनिवार को किशनगढ़ बास में भाजपा अलवर उत्तर के जिलाध्यक्ष उमेद भाया पूर्व विधायक रामहेत यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में किशनगढ बास विधानसभा क्षेत्र के पांचों मंडल से बूथ संयोजक बूथ अध्यक्ष प्रभारी सहित मंडल व जिला पदाधिकारी मौजूद रहे। बूथ बूथ से पहुंचे कार्यकर्ता को उमेद भाया रामहेत यादव ने सम्बोधित किया।

बूथ सम्मेलन में किशनगढ बास विधानसभा क्षेत्र के पांचों मंडल के अध्यक्ष उमेश कांत वशिष्ठ रामनिवास यादव प्रमिल जसोरिया बलविंदर सिंह पूर्ण झाबूला ने मंच से लिखित में पत्र जिलाध्यक्ष को सौंपते हुए कहा हमारे फोटो किसी अन्य व्यक्ति के साथ लगाए गए हैं। जिनका हम खण्डन करते और हमारा उनसे कोई सरोकार नहीं है। हम भाजपा में रामहेत सिंह यादव के साथ है और पार्टी के लिए कार्य कर रहे हैं और हमारी बिना सहमति के लगाए हुए फोटो का हम खंडन करते हैं।

इस दौरान किशनगढ बास के पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव ने कहा सम्मेलन में बूथ अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति इस बात का प्रतीक है कि हम सब बूथ विजय के लिए तैयार है। यादव ने कहा भाजपा हम सबका एक परिवार है और सबको मिलकर पार्टी को जिताना है। अलवर उत्तर के जिला अध्यक्ष उमेद भाया ने पार्टी की रीति नीति के बारे में जानकारी दी।

सम्मेलन में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का पार्टी का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका खैरथल अशोक डाटा सुषास जांगिड़ सतीश सिंघल व जिला उपाध्यक्ष राजेश बटवाड़ा आशा गुप्ता महासिंह चौधरी उमेश चौधरी राजबाला शर्मा तेजसिंह सैनी आदि मौजूद रहे।

## 488 अपराधी गिरफ्तार किये

**टोंक, (निसं)।** पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे अभियानों के तहत महानिरीक्षक पुलिस अजमेर रेन्ज के निर्देशों के तहत जिला पुलिस कप्तान ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों के सहयोग से जिलेभर में 488 अपराधिक परिवर्तित अपराधियों को गिरफ्तार व डिटेन किया है। इस अभियान के तहत आबकारी अधिनियम 72 आर्मस एक्ट 15, भूमि व सम्पति सम्बन्धी प्रकरण में 31 व अन्य अपराधों में 156 अपराधियों सहित कुल 290 अपराधियों को धारा 151 के तहत गिरफ्तार किया है। इस अभियान में 175.32 लीटर देशी व 20.12 लीटर अग्रेजी, 18 लीटर हथकडी व 42 बीयर की बोतल जप्त की है।

# फागी व्यापार महासंघ ने कलेक्टर को ज्ञापन दिया

**फागी, (निसं)।** व्यापार महासंघ के अध्यक्ष कुलदीप श्रीमाल की अगुवाई में व्यापार महासंघ की कार्यकारिणी ने नवीन जिला दूदू कलेक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला से मुलाकात कर कस्बे की अनेक समस्याओं से अवगत कराया।

व्यापार महासंघ के महामंत्री अनिल जैन कठमाना ने अवगत कराया कि फागी व्यापार महासंघ की कार्यकारिणी ने दूदू कलेक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला को पुष्पगुच्छ भेंट कर शाल ओढ़ाकर सम्मान किया। व्यापार महासंघ ने ज्ञापन के द्वारा कलक्टर को अवगत कराया की कस्बे के मुख्य बाजार में स्थित पुरानी तहसील के जर्जर भवन को हटाकर बाजार के लिए पार्किंग की सुविधा उपलब्ध करा दिया जाए तो आमजन को लाभ मिलेगा। साथ ही बाजार में स्थित आईएफसी के गोदामों में सब्जी मंडी शिफ्ट कर दी जाए तो बाजार में आवागमन के जाम से राहत मिलेगी, डाक बंगले के सामने खुले नाले में आये दिन दुर्घटना होती रहती है उसके बचाव के लिए नाले को फेरो कवर से बंद करवा दिया जाये। साथ ही जिला परिषद का कार्यालय, उद्योग भवन, एवं इंडस्ट्रीज खुलवा दिया जावे तो विकास के साथ ही आमजन को रोजगार मिल सकता है। कलेक्टर ने निराकरण के लिए कस्बे का दौरा करने का आश्वासन दिया है।

# ई.आर.सी.पी. को लेकर आज रहेगा चक्का जाम

- सांकेतिक चक्का जाम को लेकर जनसंपर्क किया

**लालसोट, (निसं)।** ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करवाने के लिये ईआरसीपी संयुक्त मोर्चा महिला प्रदेश अध्यक्ष राजेश्वरी मीना के आव्हान पर लालसोट के ज्योतिबा सर्कल पर रविवार को सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक सांकेतिक चक्का जाम किया जायेगा।

मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जवान सिंह मोहचा ने बताया कि जब ढाई लाख करोड़ की दिल्ली मुंबई कॉरिडोर मात्र दो साल में तैयार हो सकता है तो 39 हज़ार करोड़ की ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित क्यों नहीं किया जा सकता है। ईआरसीपी संयुक्त मोर्चा महासचिव पवन भजाक ने बताया कि केंद्र सरकार पूर्वी राजस्थान के साथ द्वेषतापूर्ण व्यवहार कर रही है कहती है की डबल इंजन की सरकार बनाओ हम ईआरसीपी ला देंगे।



समाजसेवी राजेश्वरी देवी ने ग्रामीण क्षेत्र में चक्का जाम को लेकर जनसंपर्क किया।

भरतपुर ज़िलाध्यक्ष सतीश मीना पीपरी ने बताया कि अगर ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं किया तो पूर्वी राजस्थान वोट नहीं देगा। ई आर सी पी संयुक्त मोर्चा महिला प्रदेशाध्यक्ष राजेश्वरी मीना ने बताया कि राजस्थान ने पूरे 25 सांसद केंद्र को दिये है फिर भी राजस्थान के साथ द्वेष की भावना रखी जा रही है ये तो जब है जब जल शक्ति मंत्री राजस्थान का है और उसे राजस्थान में पानी का संकट पता है । इसी क्रम में ईआरसीपी संयुक्त मोर्चा ने गाँव गाँव में जाकर पीले चावल देकर निमंत्रण दिया।

## पंजीकरण की अंतिम तिथी आज

**दौसा, (निसं)।** भारतीय वायुसेना में अग्निपथ स्कीम के अंतर्गत अग्निवीर वायु भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 20 अगस्त तक ही जारी रहेगा।

भर्ती अधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि इच्छुक अविवाहित पुरूष एवं महिला उम्मीदवार भर्ती से सम्बधित सभी नियमों की विस्तार से जानकारी भारतीय वायुसेना की अधिकारिक वेबसाईट पर लॉगइन कर ऑनलाईन पंजीकरण कर सकते हैं। उम्मीदवार अग्निवीरवायु की भर्ती के लिए 20 अगस्त 2023 तक ऑनलाईन कर ऑनलाईन पंजीकरण कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अग्निवीर वायु की भर्ती के लिए जन्म तिथि 27 जुन 2003 से 27 दिसम्बर 2006 तक दोनो दिनांक सहित के बीच जन्मे अविवाहित पुरूष एवं महिला उम्मीदवार इस भर्ती के लिए पात्र होंगे। 12 वीं कक्षा या इसके समकक्ष परीक्षा विज्ञान संकाय में गणित, भौतिक, और अंग्रजी विषय के साथ एवं कला तथा वाणिज्य संकाय में किसी भी विषय के साथ 50 फीसदी अंकों के साथ अंग्रजी विषय में भी 50 फीसदी अंक होना अनिवार्य है या 3 वर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा धारक या 2 वर्षीय वोकेशनल कोर्स पास उम्मीदवार आवेदन के पात्र हैं।

# लोकसभा प्रभारी मलिक ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली

- राजस्थान में दोबारा से रिपीट होगी कांग्रेस सरकार : मलिक

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कांग्रेस के सीकर लोकसभा प्रभारी अमित मलिक श्रीमाधोपुर पहुंचे, जहां सरस्वती मैरिज गार्डन में उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में जितना विकास कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में इस बार हुआ, उतना विकास देश के किसी राज्य में नहीं हुआ। राजस्थान सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं का फायदा आमजन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं से आव्हान किया। उन्होंने कहा कि चुनावों से पहले-पहले विधानसभा वाइज संगठनात्मक रूप से कार्य किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने केन्द्र सरकार की खामियां और कांग्रेस की जनकल्याणकारी योजनाओं को गिनाया।



कांग्रेस के सीकर लोकसभा प्रभारी अमित मलिक ने श्रीमाधोपुर पहुंचकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

इस मौके पर पीसीसी सचिव और श्रीमाधोपुर एवं नीमकाथाना विधानसभा प्रभारी संजय यादव, पीसीसी महासचिव विशाल जांगिड़, जिलाध्यक्ष सुनिता गठाला, विधायक प्रतिनिधि एवं पूर्व पीसीसी सचिव बालेन्दु सिंह शेखावत, श्रीमाधोपुर ब्लॉक अध्यक्ष रामप्रकाश सैनी, अजीतगढ ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद स्वामी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट रक्षपालदास स्वामी, प्रधान प्रतिनिधि घासीराम यादव, सरपंच सिहोड़ी सुंदर भावरिया , पूर्व एडिशनल एसपी देवी सिंह नरूका, रामू सिंह मऊ सहित काफी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।



मैं जानती हूं कि मैं एशियाई खेलों की टीम में नहीं हूं, टीम में काफी खिलाड़ी हैं जो अनफिट हैं और मैं उनके नाम नहीं लेना चाहती लेकिन फिर भी वे एशियाई खेलों के लिए जा रही हैं।

– रानी रामपाल

पूर्व हॉकी कप्तान, एशियाई खेलों के लिये चुनी गयी टीम को लेकर।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी ▶ जसप्रीत बुमराह



**जसप्रीत बुमराह** को चोट के कारण भारतीय टीम की जर्सी को फिर से पहनने के लिए 10 महीने और 23 दिन का इंतजार करना पड़ा लेकिन इस तेज गेंदबाज ने आयरलैंड के खिलाफ पहले टी20 में शानदार गेंदबाजी कर यह जता दिया कि वह आगामी एकदिवसीय विश्व कप में भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करने के लिए तैयार हैं। बुमराह आगे चोटिल होने से बचने के लिए इस दौरान गेंदबाजी के लिए लंबे 'रन-अप'और लंबे 'फॉलो थ्रू' (गेंद फेंकने के बाद शरीर की हरकत) का इस्तेमाल करते दिखे।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

## स्वीडन ने ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से हराकर महिला विश्वकप में तीसरा स्थान हासिल किया

ब्रिस्बेन, 19 अगस्त। स्वीडन ने तीसरे स्थान के प्लेऑफ मैच में अपना शानदार रिकॉर्ड बरकरार रखते हुए शनिवार को यहां सह मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से हराकर महिला विश्वकप फुटबॉल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। स्वीडन की तरफ से फ्रिडोलिना रोल्फ़ो और कोसोवरे असलानी ने गोल किए। रोल्फ़ो ने पेनल्टी पर गोल किया। स्वीडन ने इस तरह से विश्वकप में तीसरे स्थान के लिए खेले गए मैचों में अपना ' परफेक्ट रिकॉर्ड' बरकरार रखा। यह चौथा अवसर है जबकि स्वीडन ने सेमीफाइनल में हारने के बाद तीसरे स्थान के प्ले ऑफ मुकाबले में जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया के लिए यह टूर्नामेंट का निराशाजनक अंत रहा। उसने सह मेजबान का फायदा उठाकर पहली बार सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। ऑस्ट्रेलिया ने लगातार दो मैच गंवाए। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में खेले गए इस टूर्नामेंट को रिकॉर्ड दर्शकों ने देखा। टूर्नामेंट का फाइनल रविवार को यूरोपीय चैंपियन इंग्लैंड और स्पेन के बीच खेला जाएगा।

## वर्षा बाधित टी-20 में भारत दो रन से जीता

डबलिन, 18 अगस्त। भारत ने जसप्रीत बुमराह (24/2) और रवि बिश्नोई (23/2) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत शुक्रवार को वर्षाबाधित पहले टी20 में डकवर्थ लुईस पद्धित से आयरलैंड को दो रन से मात दी। आयरलैंड ने बैरी मकार्थी (51 नाबाद) और कर्टिस कैंफर (39) के साथ उनकी अद्धर्शतकीय साझेदारी की बदौलत भारत के सामने 140 रन का लक्ष्य रखा। भारत ने बारिश के कारण खेल रुकने से पहले 6.5 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 47 रन बना लिये। लंबे समय तक बारिश न रुकने के बाद भारत को डकवर्थ लुईस पद्धित से विजेता घोषित किया गया। आयरलैंड ने 59 रन पर छह विकेट गंवा दिये थे लेकिन मकार्थी का अद्धर्शतक मेज़बान टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाने के काम आया। मकार्थी ने 33 गेंद पर चार चौकों और चार छक्कों के साथ नाबाद 51 रन बनाये। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के खिलाफ किसी आठ नंबर के बल्लेबाज का सबसे बड़ा स्कोर है, हालांकि पावरप्ले में यशस्वी जायसवाल (24) और रुतुराज गायकवाड़ (19) की 45 रन की साझेदारी ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। भारत और आयरलैंड अब रविवार को दूसरे टी20 में आमने-सामने होंगे।

## वॉलीबाल वैगनर मेमोरियल में स्लोवेनिया ने पोलैंड को हराया

वारसॉ, 19 अगस्त। स्लोवेनिया की वॉलीबॉल टीम ने शुक्रवार को ह्यूबर्ट वैगनर मेमोरियल के उद्घाटन मैच में पोलैंड पर सीधे सेटों में 25-21, 25-18, 25-21 से जीत हासिल की। पोलैंड के क्राको में खेली जा रही प्रतियोगिता में स्लोवेनिया के क्लेमेन सेबुलज और रोक मोज़िक ने अपनी टीम के लिये 17-17 अंक जुटाये जबकि लुकाज़ कैक्ज़मरेक ने पोलैंड के लिए 10 अंक हासिल किये। मेहमान टीम ने खेल में बेहतरीन शुरुआत की और स्कोरबोर्ड पर 9-5 की बढ़त बना ली। निकोला ग्रबिक के नेतृत्व वाली टीम ने अंतर को कम करके 17-16 कर दिया, लेकिन सेबुलज ने प्रभावी ढंग से स्पाइक किया और मोज़िक ने एक ऐस देकर स्कोर 25-21 कर दिया। थोड़े से ब्रेक के बाद भी स्लोवेनिया ने खेल पर नियंत्रण कर लिया और तेज़ पलटवार को अंकों में बदल दिया। ग्रेगर रोप्रेट ने 25-18 के साथ दूसरा सेट समाप्त किया। तीसरे सेट में पोलैंड अच्छा जवाब नहीं दे सका. हालाँकि उन्होंने दो मैच पॉइंट बचाए, लेकिन टाइन उरनॉट ने स्लोवेनिया की जीत पक्की कर दी। शनिवार को पोलैंड का सामना फ्रांस से होगा वहीं स्लोवेनिया का मुकाबला इटली से होगा। वैगनर मेमोरियल को दुनिया का सबसे बड़ा वॉलीबॉल मैत्रीपूर्ण टूर्नामेंट माना जाता है।

## मलिंगा मुंबई इंडियंस टीम में करेंगे वापसी, तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त होने की संभावना

मुंबई, 19 अगस्त। श्रीलंका के पूर्व तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) 2024 के लिए पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस में वापसी करने के लिए तैयार हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार वह शेन बॉन्ड की जगह टीम के तेज गेंदबाजी कोच होंगे। न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज पिछले नौ सत्र से टीम के मुख्य कोच है। आईपीएल के एक सूत्र ने पुष्टि की कि बॉन्ड का मुंबई के साथ अनुबंध अब भी समीक्षा के अधीन है। इस सूत्र ने कहा, ''बॉन्ड के साथ मुंबई इंडियन्स का अनुबंध अभी भी खत्म नहीं हुआ है।'' इससे पहले, 'ईएसपीएन क्रिकइन्फो' ने बताया था कि यह भी स्पष्ट नहीं है कि बॉन्ड आईएलटी20 (इंटरनेशनल लीग टी20, यूएई) में एमआई एमिरेट्स के मुख्य कोच के रूप में बने रहेंगे या नहीं। टीम इस लीग की शुरुआत सत्र में तीसरे स्थान पर रही थी। मलिंगा का मुंबई इंडियन्स के साथ करियर काफी सफल रहा। उनके रहते टीम ने पांच खिताब जीते। इसमें चार आईपीएल (2013, 2015, 2017, 2019) खिताब के अलावा 2011 में चैंपियंस लीग टी20 जीतना शामिल है। मलिंगा ने मुंबई के लिए 139 मैच खेले और 7.12 की इकॉनमी रेट से 195 विकेट लिए। इनमें से 170 विकेट आईपीएल में आए। वह इस लीग में संयुक्त रूप से छठा सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज है। मलिंगा ने इससे पहले 2018 में टीम में मेटोरिंग की भूमिका निभाई थी। इसके एक साल बाद उन्होंने खेल में वापसी करते हुए जसप्रीत बुमराह के साथ टीम के की गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई की और टीम को चैम्पियन बनाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 2021 में संन्यास के बाद 2022 में राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाजी कोच की भूमिका निभाई थी।

# भारत की निगाहें श्रृंखला जीतने पर, क्रीज पर अधिक समय बिताना चाहेंगे बल्लेबाज

डबलिन, 19 अगस्त। कप्तान जसप्रीत बुमराह की शानदार वापसी से उत्साहित भारतीय टीम रविवार को यहां आयरलैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत दर्ज करके तीन मैचों की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी। भारत इसके साथ ही बेहतर मौसम की भी उम्मीद करेगा जिससे उसके युवा बल्लेबाजों अपना कौशल दिखाने का मौका मिलेगा।

बुमराह की अगुवाई वाले गेंदबाजी आक्रमण ने श्रृंखला के पहले मैच में आयरलैंड को सात विकेट पर 139 रन ही बनाने दिए। लेकिन भारतीय पारी में बारिश के कारण उसके मध्यक्रम के बल्लेबाजों को खेलने का मौका नहीं मिला। भारतीय टीम ने जब 6.5 ओवर में दो विकेट पर 47 रन बनाए थे कभी बारिश आ गई जिसके कारण आगे का खेल नहीं हो पाया। भारत ने यह मैच डकवर्थ लुईस पद्धित से दो रन से जीता। भविष्य के भारतीय बल्लेबाजों की सूची में शामिल शिवम दुबे, रुतुराज गायकवाड और रिंकू सिंह जैसे बल्लेबाज उम्मीद कर रहे होंगे कि उन्हें क्रीज पर पर्याप्त समय बिताने का मौका मिलेगा।

पहले मैच में अच्छी शुरुआत के बाद आउट होने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल बड़ी पारी खेलने का प्रयास करेंगे जबकि पहली गेंद पर आउट होने वाले तिलक वर्मा भी वेस्टइंडीज दौरे की अपनी फॉर्म बरकरार रखने की कोशिश करेंगे। भारत के शीर्ष क्रम में अधिकतर वही खिलाड़ी हैं जिन्होंने हाल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, विराट कोहली, शुभमन गिल और हार्दिक पंड्या की अनुपस्थिति में खेल रही भारतीय टीम की बल्लेबाजी में विकेटकीपर संजू सैमसन ही कुछ अनुभवी हैं।

चोटों के कारण परेशान रहे ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने का अनुभव रखते हैं और बुमराह बल्लेबाजी में उनकी सेवाएं भी ले सकते हैं। बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा ने चोटों से उबरने के बाद शानदार वापसी की। इन दोनों तेज गेंदबाजों ने पहले मैच में दो-दो विकेट लिए। कृष्णा का यह खेल के सबसे छोटे प्रारूप में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहला मैच भी था।

यहां जिस तरह की परिस्थितियां हैं उसमें टॉस की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। भारत इस मामले में पहले मैच में भाग्यशाली रहा। मैच में दो विकेट लेने वाले लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने बाद में स्वीकार किया कि भारत को टॉस जीतने का फायदा मिला। जहां तक आयरलैंड का सवाल है तो उसकी टीम बुमराह से पहले ओवर में मिले दो झटकों से वापसी करने में सफल रही थी।

उसकी टीम को अगर सीनियर खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के बावजूद मजबूत भारतीय टीम को चुनौती देनी है तो उसे खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। आयरलैंड को यदि भारत के सामने चुनौती पेश करनी है तो उसके अनुभवी खिलाड़ियों पॉल स्टर्लिंग, एंड्रयू बालबर्नी, जोशुआ लिटिल, क्रेग यंग और जॉर्ज डॉकरेल को अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

## भारत में फुटबॉल की केंद्रीय अकादमी को आकार देंगे आर्सेन वेंगर

नई दिल्ली 19 अगस्त। महान कोच और वर्तमान में फीफा के वैश्विक फुटबॉल विकास प्रमुख आर्सेन वेंगर अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) के साथ संयुक्त रूप से भारत में एक केंद्रीय अकादमी की स्थापना को अंतिम रूप देने के लिए अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में यहां आयेंगे। फेडरेशन के अध्यक्ष कल्याण चौबे महासचिव डॉ. शाजी प्रभाकरन ने शनिवार को सिडनी में वेंगर समेत फीफा के अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के बाद चौबे ने कहा, मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि हम फीफा के साथ मिलकर भारत में एक अत्याधुनिक केंद्रीकृत अकादमी स्थापित करने की कगार पर हैं, जिसमें आर्सेन वेंगर मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। मुझे यकीन है कि उनके अनुभव और हमारी मेहनत के साथ हम भारत के लिए भविष्य के सितारे तैयार करने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। उम्मीद है कि वेंगर सितंबर में एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इसकी आधिकारिक घोषणा करेंगे। डॉ. प्रभाकरन ने कहा, हम इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए आर्सेन वेंगर का भारत में स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत में विशिष्ट खिलाड़ियों के विकास पर उनका महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। एक प्रेरक व्यक्ति हैं, और उनकी भागीदारी के साथ हम लाखों युवाओं को उत्साहित कर सकते हैं जैसा पहले कभी नहीं हुआ।

## आईसीसी ने विश्व कप से पहले लांच की शुभंकर जोड़ी

नई दिल्ली 19 अगस्त,। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) आगामी विश्व कप के लिए करिश्माई जोड़ी ब्रांड शुभंकर की शुरूआत की घोषणा करते हुए कहा कि क्रिकेट प्रशंसकों की अगली पीढ़ी को यह उत्साहित करेगा। गुरुग्राम में शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम में सदाबहार शुभंकर जोड़ी का अनावरण किया गया। इस मौके पर आईसीसी अंडर-19 महिला और पुरुष विजेता कप्तान शैफाली वर्मा और यश ढुल ने मौजूद थे। आईसीसी का कहना है कि ये पात्र विशिष्ट गुणों का प्रतिनिधित्व करते हैं जो लैंगिक समानता और विविधता के प्रतीक के रूप में उभरते हैं। प्रशंसकों के पास 27 अगस्त से पहले प्रतिष्ठित पात्रों के नामकरण में योगदान के महत्वपूर्ण चरण में भाग लेने का अनूठा अवसर होगा। लॉन्च इवेंट में एक मंत्रमुग्ध कर देने वाला 3डी एनामॉर्फिक वीडियो डिस्प्ले दिखाया गया, जिसमें शुभंकरों की उत्पत्ति और आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 में शामिल होने की उनकी यात्रा का अनावरण किया गया। आईसीसी के इवेंट प्रमुख, क्रिस टेटली ने कहा हमें आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 से पहले आईसीसी की शुभंकर जोड़ी को लॉन्च करते हुए खुशी हो रही है। शाश्वत पात्र संस्कृतियों और सीमाओं से परे क्रिकेट की सार्वभौमिक अपील का संकेत देते हैं, जिसमें शुभंकर एकता और जुनून के प्रतीक के रूप में खड़े हैं। दोनों लिंगों के प्रतिनिधित्व के साथ, वे हमारी गतिशील दुनिया में लैंगिक समानता की महत्वपूर्ण भूमिका का प्रतीक हैं। अगली पीढ़ी के क्रिकेट प्रशंसकों से जुड़ने की आईसीसी और क्रिकेट की प्राथमिकता के अनुरूप, ये शुभंकर बच्चों को शामिल करने और उनका मनोरंजन करने की शक्ति रखते हैं, जिससे आईसीसी आयोजनों से परे खेल के प्रति जीवन भर प्यार बढ़ता है।

## भवानी को आठ महीने के लिये फ्रांस में प्रशिक्षण की मिली मंजूरी

नयी दिल्ली, 19 अगस्त। केन्द्रीय खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने भारतीय फेंसर भवानी देवी को फ्रांस के ऑर्लियन्स में स्थित बाउर फेंसिंग अकादमी में अपना प्रशिक्षण जारी रखने की मंजूरी दे दी है।

मंत्रालय ने इसकी पुष्टि करते हुए शुक्रवार को कहा कि फ्रांस के लिये उनके अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर को आठ महीने की अवधि के लिये मंजूरी दी गयी है। इसमें उनके प्रशिक्षण शिविर की लागत, हवाई किराया, आवास लागत, स्थानीय परिवहन लागत, फिजियोथेरेपी, प्रशिक्षण शुल्क, लाइसेंस शुल्क और बीमा लागत शामिल होगी। भवानी इस समय फ्रांसीसी कोच क्रिश्चियन बाउर के तहत प्रशिक्षण ले रही हैं। उन्होंने हाल ही में एशियाई चैंपियनशिप की महिला सेबर स्पर्धा में कांस्य पदक जीता और इस तरह ऐसा करने वाली पहली भारतीय बन गयीं।

एमओसी ने जॉर्जिया, तुर्क़ी और अल्जीरिया में भवानी के कई लघु अवधि के प्रशिक्षण शिविरों को भी मंजूरी दे दी। साथ ही अल्जीरिया में सेबर विश्व कप, फ्रांस में ग्रां प्री, ट्यूनीशिया में ग्रां प्री, पेरू में सेबर विश्व कप, एथेंस में सेबर विश्व कप और बेल्जियम में सेबर विश्व कप में उनकी भागीदारी को भी मंज़ूरी दी गयी। इन सभी आयोजनों के लिये भवानी का हवाई किराया, आवास लागत, स्थानीय परिवहन शुल्क, जेबखर्च और वीज़ा शुल्क सरकार द्वारा टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) फंडिंग के तहत प्रदान किया जाएगा, जिसकी कुल लागत करीब 34,36,000 रुपये होगी।

इस बीच, एमओसी ने पिस्टल निशानेबाज अनीश के जर्मनी के सुहल में 15 दिनों के लिये विदेशी कोच राल्फ शुमान के तहत प्रशिक्षण लेने के प्रस्ताव और टेबल टेनिस खिलाड़ी अर्चना कामथ के डब्ल्यूटीटी कंटेंडर रियो डी जनेरियो, डब्ल्यूटीटी कंटेंडर अल्माटी कजाकिस्तान और डब्ल्यूटीटी कंटेंडर मस्कट, ओमान में प्रतिस्पर्धा करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी।

## टिम पेन ने वनडे से संन्यास वापस लेने के लिए स्टोक्स की आलोचना की

सिडनी, 19 अगस्त। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन ने विश्व कप में खेलने के लिए वनडे से संन्यास वापस लेने पर इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स की आलोचना की और कहा कि वह इस तरह से प्रतियोगिताओं का चयन नहीं कर सकता।

बत्तीस वर्षीय स्टोक्स ने पिछले साल जुलाई में वनडे से संन्यास ले लिया था लेकिन उन्होंने हाल में इसे वापस ले लिया और उन्हें इंग्लैंड की वनडे टीम में भी चुन लिया गया। इंग्लैंड जहां 5 अक्टूबर से भारत में होने वाले विश्व कप से पहले इस ऑलराउंडर की वापसी से उत्साहित है वहीं पेन ने उन्हें स्वार्थी करार दिया।

पेन ने सेन रेडियो पर कहा,''बेन स्टोक्स ने वनडे से संन्यास वापस ले लिया है। मुझे यह काफी दिलचस्प लगा। यह कुछ हद तक मैं, मैं और केवल मैं जैसा है। क्या ऐसा नहीं है। यह इस तरह से है कि मैं यह चयन करूंगा कि मैं कहां खेलना चाहता हूं और कब खेलना चाहता हूं और मैं केवल बड़ी प्रतियोगिताओं में खेलना चाहता हूं।''

उन्होंने कहा,'' इंग्लैंड के जो क्रिकेटर पिछले 12 महीने से विश्वकप की तैयारियां कर रहे हैं उनमें से किसी को स्टोक्स की वापसी के कारण बाहर बैठना पड़ेगा। मुझे उन खिलाड़ियों के प्रति खेद है।'' पेन ने हालांकि कहा कि गत चैंपियन इंग्लैंड वनडे विश्व कप में मेजबान भारत के साथ खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा। उन्होंने कहा,'' संभवत: इंग्लैंड और भारत प्रबल दावेदार हैं। मेरा मानना है कि अगर ऑस्ट्रेलिया भी अच्छी क्रिकेट खेलता है तो वह भी विश्वकप जीत सकता है।''

## हर कोई बुमराह का यह रूप देखने के लिए इंतजार कर रहा था : रवि बिश्नोई

डबलिन, 19 अगस्त। लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने कहा कि हर कोई जसप्रीत बुमराह के इस रूप को देखने के लिए इंतजार कर रहा था जिन्होंने चोटिल होने के कारण 11 महीने तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर रहने के बाद वापसी की।

नियमित कप्तान हार्दिक पंड्या की अनुपस्थिति में आयरलैंड के खिलाफ भारतीय टी20 टीम की अगुवाई कर रहे बुमराह ने अपने पहले ओवर में ही दो विकेट लेकर भारत की जीत की नींव रखी। इस तेज गेंदबाज ने 24 रन देकर दो विकेट लिए तथा चार ओवर के अपने स्पेल में 16 गेंदों पर रन नहीं दिए। बिश्नोई ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा,'' वह लगभग 11 महीने के बाद अपना पहला मैच खेल रहे थे। उनकी पहली गेंद पांवों पर पड़ी लेकिन उसके बाद उनकी अगली पांच गेंद शानदार थी। हर कोई बुमराह के इस रूप को देखने के लिए इंतजार कर रहा था और उनको वापस लय में लौटते देखकर अच्छा लगा।''

उन्होंने कहा,'' वह जिस तरह के गेंदबाज हैं, क्रिकेट जगत में हर कोई उन्हें गेंदबाजी करते हुए देखना चाहता है। हर कोई बुमराह की वापसी का इंतजार कर रहा था और उन्हें गेंदबाजी करते हुए देखकर मजा आया।''

भारत ने बारिश से प्रभावित इस मैच में डकवर्थ लुईस पद्धित से दो रन से जीत दर्ज की। आयरलैंड ने पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर सात विकेट पर 139 रन बनाए। इसके जवाब में भारत ने जब 6.5 ओवर में दो विकेट पर 47 रन बनाए थे तब बारिश के कारण आगे खेल नहीं हो पाया। भारत उस समय डकवर्थ लुईस पद्धित से दो रन आगे था। मैच में 23 रन देकर दो विकेट लेने वाले बिश्नोई ने कहा,'' हम थोड़ा दुर्भाग्यशाली रहे जो बारिश के कारण पूरा मैच नहीं हो पाया। कुल मिलाकर हमने अच्छी क्रिकेट खेली।

हमने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की और फिर हमारे सलामी बल्लेबाजों ने हमें अच्छी शुरुआत दिलाई।'' उन्होंने कहा,'' हमने टॉस जीता जिसका हमें फायदा मिला। अगर वे टॉस जीतते तो उनको फायदा मिलता। इस तरह की परिस्थितियों में टॉस अहम भूमिका निभाता है।''

आयरलैंड के बल्लेबाजों ने बिश्नोई के सामने रक्षात्मक रवैया अपनाया। इस लेग स्पिनर ने इस बारे में कहा,'' यह निश्चित तौर पर उनकी रणनीति का हिस्सा रहा होगा लेकिन मैं आक्रामक होकर गेंदबाजी कर रहा था तथा अधिक से अधिक विकेट लेने की कोशिश कर रहा था। ''

बिश्नोई हाल में समाप्त हुए वेस्टइंडीज दौरे में भारत की सीमित ओवरों की टीम के सदस्य थे लेकिन उन्हें केवल एक मैच में खेलने का मौका मिला। उन्होंने कहा,'' इन मैचों से मुझे काफी कुछ सीखने को मिला। मैं पांच मैचों की श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज में था। मैं केवल एक मैच खेल पाया लेकिन मुझे जब भी मौका मिलेगा, मैं उसके लिए तैयार रहूंगा और अपना शत प्रतिशत योगदान दूंगा। मैं इस मौके के लिए तैयार था।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम जर्मनी से 1-3 से हारी

डसेलडोर्फ, 19 अगस्त। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शनिवार को यहां मेजबान जर्मनी से 1-3 से हार के साथ चार देशों के टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत की। भारत के लिए मैच का इकलौता गोल मुमताज खान (60वें मिनट) ने किया। जर्मनी की जीत में हैन मैरी (नौवें), सेडेल कैरोलिन (37वें) और लेना केलर (58वें) ने एक-एक गोल दागे। जर्मनी ने मैच की जोरदार शुरुआत की और हैन मैरी ने खेल के नौवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदलकर भारत को बैकफुट पर धकेल दिया। भारत ने स्कोर बराबर करने के प्रयास में अपने जवाबी हमला तेज किया लेकिन जर्मनी ने कैरोलिन के मैदानी गोल से अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। तीसरे क्वार्टर की समाप्ति पर जर्मनी 2-0 से आगे था। भारतीय टीम चौथे क्वार्टर में बेहतर योजना के साथ मैदान में उतरी और कुछ अच्छे मूव बना कर गोल करने के करीब पहुंची।

## दीपक पूनिया नहीं लेंगे विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में हिस्सा

नई दिल्ली 19 अगस्त। टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बजरंग पुनिया और राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन दीपक पूनिया ने सर्बिया के बेलग्रेड में आगामी विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2023 में भाग नहीं लेने का फैसला किया है।

विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2023, 16 से 24 सितंबर तक आयोजित की जाएगी और यह पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए पहली क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है। बजरंग पुनिया (65 किग्रा) और दीपक पूनिया (86 किग्रा) 25 और 26 अगस्त को एनआईएस पटियाला में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए सेलेक्शन ट्रायल में हिस्सा नहीं लेंगे। कैंप की तारीखें और टूर्नामेंट की तारीखें एक साथ होने के कारण दोनों भारतीय पहलवानों ने प्रतियोगिता से बाहर होने का विकल्प चुना है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बजरंग पुनिया ने एशियाई खेल 2023 की तैयारियों को लेकर 21 अगस्त से 28 सितंबर तक किर्गिस्तान के इज़िक-कुल में 39 दिवसीय ट्रेनिंग कैंप का प्रस्ताव रखा है। इस बीच, दीपक पूनिया 23 अगस्त से 28 सितंबर तक 35 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के लिए रूस के खासाव्युर्ट जाएंगे।

इस प्रस्ताव के अनुसार, 29 वर्षीय बजरंग पुनिया के साथ उनके कोच सुजीत मान, फिजियोथेरेपिस्ट अनुज गुप्ता और स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग स्पेशलिस्ट काज़ी हसन होंगे, जबकि दीपक पूनिया अपने कोच कमल मलिकोव और फिजियोथेरेपिस्ट शुभम गुप्ता के साथ यात्रा करेंगे। बजरंग पुनिया और दीपक पूनिया ने सितंबर-अक्टूबर में पिपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के हांगझोऊ में होने वाले एशियाई खेल 2023 के लिए भारतीय कुश्ती दल में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली है। अपने भार वर्ग के मैजूदा एशियाई खेल चैंपियन बजरंग पुनिया ने हांगझोऊ गेम्स के चयन ट्रायल में भी हिस्सा नहीं लिया था इसके बावजूद उन्हें भारतीय टीम में सीधे एंट्री मिल गई थी, लेकिन चार बार के विश्व चैंपियन को बेलग्रेड मीट के लिए डारेक्ट एंट्री नहीं मिली। इस बीच दीपक पूनिया ने नई दिल्ली में आयोजित एशियाई खेलों के चयन ट्रायल में प्रतिस्पर्धा करते हुए अपनी जगह सुनिश्चित की।

विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2023 में 90 ओलंपिक कोटा उपलब्ध होंगे। जहां 18 ओलंपिक भार वर्ग में से प्रत्येक के लिए पांच कोटा दिए जाएंगे। हालांकि, कोटा स्थान एथलीटों से संबंधित नहीं हैं। ये कोटा स्थान नेशनल टीमों की ओर से अर्जित किए जाते हैं। नेशनल फेडरेशन या देश में खेल का प्रबंधन करने वाला बोर्ड तय करता है कि कौन सा पहलवान ओलंपिक में हिस्सा लेगा।

## दो स्वर्ण और तीन कांस्य के साथ भारत ने किया विश्व कप अभियान का समापन

नई दिल्ली 19 अगस्त। विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप 2023 स्टेज 4 में भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड की आर्चरी टीम ने पेरिस में शनिवार को स्वर्ण पदक जीता। भारत ने दो स्वर्ण और तीन कांस्य पदक समेत पांच पदकों के साथ अपने विश्व कप अभियान का समापन किया। भारत की पुरुष कंपाउंड तीरंदाजी टीम जिसमें ओजस प्रवीण देवताले, प्रथमेश जावकर और अभिषेक वर्मा शामिल थे, उन्होंने फाइनल मुक़ाबले में यूएसए को 236-232 से हराकर विश्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। फ्रांस के पेरिस में 15 से 20 अगस्त तक जारी इस प्रतियोगिता में ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति गोपीचंद और स्वामी परनीत कौर की महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने स्वर्ण पदक जीता और यह भारत का इस विश्व कप में पहला स्वर्ण पदक है। दूसरी तरफ ओजस प्रवीण देवताले, प्रथमेश समाधान जावकर और अभिषेक वर्मा की पुरुष कंपाउंड आर्चरी टीम ने भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

## हॉकी इंडिया ने गठित किया पुरुष सब-जूनियर कोर ग्रुप

नई दिल्ली, 19 अगस्त। देश में पुरुष हॉकी के भविष्य को मजबूत करने की दिशा में हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 40 सदस्यीय पुरुष सब-जूनियर कोर ग्रुप की शुरुआत की है। कोर ग्रुप में विशेष रूप से पूर्व भारतीय हॉकी टीम के कप्तान सरदार सिंह शिविर के लिए सलाहकार और कोच के रूप में काम करेंगे। 21 अगस्त को राउरकेला के विश्व स्तरीय बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में शुरू होने वाला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर देश भर से सबसे होनहार और कुशल युवा खिलाड़ियों को इकट्ठा करने के केंद्र के रूप में काम करेगा। खिलाड़ियों का चयन हॉकी इंडिया सब-जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में उनके हालिया प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।

शिविर के बाद यूरोप में अंतरराष्ट्रीय मैच होंगे जहां खिलाड़ियों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने और अपनी क्षमता का परीक्षण करने का अवसर मिलेगा। नेशनल कोचिंग कैंप के कोर ग्रुप में गोलकीपर राहुल भारद्वाज, आतिफ खान, अभिमन्यु गौड़ा और डिफेंडर सुखमनप्रीत सिंह, मिथलेश सिंह, नितिन, सोहिल अली, समी रिजवान, प्रदीप मंडल, रोहित कुल्लू, विशाल पांडे, आशु मौर्य, उज्जवल पाल शामिल हैं।

शिविर में मिडफील्डरों में नीरज, रोहित टिर्क़ी, घूरन लोहरा, रोहित प्रधान, सुरेश शर्मा, प्रभजोत सिंह, मनमीत सिंह राय, अरुण जे, राहुल राजभर, राहुल यादव, अफरीदी, बिजय शॉ और फॉरवर्ड की सूची में गुरप्रीत सिंह, सृजन यादव, हैप्पी, सुनील, रितेंद्र प्रताप सिंह, आशिर आदिल खान, देवनाथ नानवार, दीपक प्रधान, योजिन मिंज, हर्षदीप सिंह, केतन कुशवाह, रोहित इरेंगबाम सिंह, अजीत यादव, सुंदरजीत एम, और मोहम्मद जैद शामिल हैं। कोच सरदार सिंह ने कहा, पुरुष सब-जूनियर कोर ग्रुप की शुरुआत हॉकी इंडिया की भारतीय हॉकी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि दिलाने की चल रही यात्रा में एक महत्वपूर्ण क्षण है।

## एशिया कप : भारतीय टीम में हो सकते है अतिरिक्त खिलाड़ी, चयन समिति की बैठक में शामिल होंगे द्रविड़

नयी दिल्ली, 19 अगस्त। अजीत अगरकर की अगुवाई वाली भारतीय चयन समिति पांच अक्टूबर में शुरू होने वाले एकदिवसीय विश्व कप से पहले सभी संभावित विकल्पों को परखने के लिए आगामी एशिया कप के लिए 17 सदस्यीय टीम का चयन कर सकती है। यह भी पता चला है कि बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) पहली बार चयन बैठक की परंपरा से हट रहा है और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ भी सोमवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी में होने वाली बैठक के दौरान मौजूद रहेंगे। इससे पहले रवि शास्त्री और अनिल कुंबले जैसे दिग्गज भी राष्ट्रीय कोच के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान चयन बैठकों का हिस्सा नहीं बने थे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया में मुख्य कोच एनएसपी (राष्ट्रीय चयन पैनल) का हिस्सा होता है लेकिन भारत में राष्ट्रीय टीम के कोच और कप्तान को चयन मामलों में मतदान का अधिकार नहीं है। अभी यह पुष्टि नहीं हुई है कि कप्तान रोहित शर्मा और द्रविड़ दोनों बैठक में शारीरिक रूप से शामिल होंगे या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे। बीसीसीआई अधिकारी और चयनकर्ता सुरक्षित विकल्प चुन सकते हैं जो श्रीलंका में एशिया कप के दौरान उन्हें पांच (अगर फाइनल में पहुंचे तो छह) मैचों में सभी उपलब्ध खिलाड़ियों को परखने का मौका देगा। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने एशिया कप के लिए 17 सदस्यीय टीम का प्रावधान रखा है। इसी के मुताबिक पाकिस्तान, बांग्लादेश ने 17 सदस्यीय टीम चुनी है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर बताया, ''विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय अस्थायी टीम चुनने की संभावना है, जिसे पांच सितंबर तक जमा करना होगा। इसमें सूची में हालांकि कोई भी टीम बदलाव कर सकती है। टीमों की अंतिम सूची सौंपने की समय सीमा 27 सितंबर है।'' उन्होंने कहा, ''एशिया कप के लिए और अधिक खिलाड़ियों को चुना जा सकता है।'' 'ईएसपीएन क्रिकइन्फो' की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अय्यर ने एनसीए में अभ्यास मैच में 38 ओवर तक बल्लेबाजी और 50 ओवर तक क्षेत्ररक्षण की। इस बैठक में वामहस्त बल्लेबाज तिलक वर्मा के नाम पर चर्चा की जाएगी, जहां टीम में अतिरिक्त बल्लेबाज के लिए सूर्यकुमार यादव का पलड़ा भारी होगा। स्पिन गेंदबाजी विभाग में रविचंद्रन अश्विन का नाम पर चर्चा होने की संभावना है जो कौशल के मामले में अन्य गेंदबाजों पर भारी पड़ते हैं। एक पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता ने वेस्टइंडीज में सीमित ओवर की श्रृंखला में अश्विन को टीम में शामिल नहीं करने पर हैरानी जताते हुए पूछा, '' अगर आप अक्षर पटेल को बल्लेबाजी के लिए चौथे क्रम पर उतार सकते हैं तो अश्विन को परखने के लिए टीम में क्यों नहीं रख सकते। वह भारतीय परिस्थितियों में घातक हो सकता है।'' भारत की संभावित 17 सदस्यीय टीम (पांच सितंबर की समय सीमा के लिए अस्थायी 15 खिलाड़ियों के साथ): रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, लोकेश राहुल (विकेटकीपर, फिटनेस के अधीन), श्रेयस अय्यर (फिटनेस के अधीन), हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), रविंद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव , ईशान किशन (वैकल्पिक विकेटकीपर), अक्षर पटेल, शारदुल ठाकुर, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, युजवेंद्र चहल या रविचंद्रन अश्विन।




*खेलों की दुनिया में एक और नया कीर्तिमान स्थापित करते हुये वर्ल्ड आर्चरी (तीरंदाजी) चैम्पियनशिप-2023 में भारतीय टीम ने दो गोल्ड मैडल जीते हैं। भारतीय पुरुष और महिलाओं की कम्पाउण्ड आर्चरी टीम ने पैरिस में शनिवार को गोल्ड मैडल जीता। भारत ने दो स्वर्ण और तीन कांस्य पदक समेत पांच पदकों के साथ अपने विश्व कप अभियान का समापन किया। भारत की पुरुष कम्पाउण्ड आर्चरी टीम, जिसमें ओजस प्रवीण देवताले, प्रथमेश जावकर और अभिषेक वर्मा शामिल थे, ने फाइनल मुकाबले में यू.एस.ए. को 236-232 से हराकर वर्ल्ड चैम्पियन बनने का गौरव हासिल किया। वहीं पैरिस में 15 से 20 अगस्त तक जारी इस प्रतियोगिता में, चित्र में नज़र आ रही, ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति गोपीचंद और स्वामी परनीत कौर की महिला कम्पाउण्ड आर्चरी टीम ने गोल्ड मैडल जीता और यह भारत का इस विश्व कप में पहला गोल्ड मैडल है। टीम ने बेहद करीबी मुकाबले में मैक्सिको की टीम को चार राउंड तक चले मैच में 234-233 से हराकर पोडियम के शीर्ष पर जगह बनाई। गौरतलब है कि, ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति गोपीचंद स्वामी और परनीत कौर की तिकड़ी ने मिलकर इस महीने की शुरुआत में जर्मनी के बर्लिन में आयोजित तीरंदाजी वर्ल्ड चैम्पियनशिप में भारत की पहली महिला कम्पाउण्ड टीम का गोल्ड मैडल जीता था।*

# माइनॉरिटी स्कॉलरशिप में बड़ा घोटाला, 53 प्रतिशत अभ्यर्थी फर्जी मिले

## स्कूल-कॉलेजों ने गत 5 वर्षों में केन्द्र सरकार को 144.83 करोड़ रु. से अधिक का चूना लगाया

- **जांच के शुरुआती चरण में 1572 संस्थानों में से 830 को धोखाधड़ी गतिविधियों में शामिल पाया गया है। मंत्रालय का स्कॉलरशिप कार्यक्रम लगभग एक लाख 80 हजार संस्थानों तक फैला हुआ है। इस लिहाज से यह अरबों-खरबों रुपयों से अधिक का घोटाला हो सकता है।**
- **केन्द्रीय अल्पसंख्यक मामलात मंत्री स्मृति ईरानी ने मामले की जांच सी.बी.आई. को सौंपने का आदेश दिया।**

नई दिल्ली, 19 अगस्त। भारत के सबसे बड़े माइनॉरिटी स्कॉलरशिप (अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति) घोटाले का पता चला है। देश में अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति के लगभग 53 प्रतिशत लाभार्थी फर्जी पाए गए हैं। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय द्वारा की गई एक आंतरिक जांच में 830 संस्थानों में गहरे भ्रष्टाचार का पता चला है। इसके जरिए पिछले 5 वर्षों में 144.83 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने मामले को आगे की जांच के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सी.बी.आई.) के पास भेज दिया है।

अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने आधिकारिक तौर पर 10 जुलाई को इस मामले में अपनी शिकायत दर्ज कराई थी। जांच के दौरान 34 राज्यों के 100 जिलों में पूछताछ की गई। जांच किए गए 1572 संस्थानों में से 830 को धोखाधड़ी गतिविधियों में शामिल पाया गया है। यहां दिलचस्प बात ये है कि ताजा आंकड़े 34 में से केवल 21 राज्यों के हैं। यानी बचे हुए 13 राज्यों के संस्थानों की जांच अभी भी चल रही है। फिलहाल, अधिकारियों ने इन 830 संस्थानों से जुड़े खातों को फ्रीज करने का आदेश दिया है। मंत्रालय का छात्रवृत्ति कार्यक्रम लगभग 1,80,000 संस्थानों तक फैला हुआ है, जिसमें कक्षा 1 से लेकर उच्च शिक्षा तक के छात्र शामिल हैं। यह पहल शैक्षणिक वर्ष 2007-2008 में शुरू की गई थी। कार्यक्रम के लिए फर्जी लाभार्थियों के जरिए इन संस्थानों द्वारा हर साल अल्पसंख्यक छात्रों के लिए छात्रवृत्ति का दावा किया गया था।

सी.बी.आई. इन संस्थानों के उन नोडल अधिकारियों की जांच करेगी जिन्होंने अप्रूवल रिपोर्ट दी। इसके अलावा, जिला नोडल अधिकारी भी जांच के घेरे में आएंगे जिन्होंने फर्जी मामलों का सत्यापन किया और कैसे कई राज्यों ने इस घोटाले को वर्षों तक जारी रहने दिया। रिपोर्ट के मुताबिक, मंत्रालय ने यह भी सवाल उठाया है कि बैंकों ने फर्जी आधार कार्ड और के.वाई.सी. दस्तावेजों के साथ लाभार्थियों के लिए फर्जी खाते खोलने की अनुमति कैसे दी।

रिपोर्ट के मुताबिक, छत्तीसगढ़ में जांच के दौरान सभी 62 संस्थान फर्जी या निष्क्रिय पाए गए। राजस्थान में जांच किए गए 128 संस्थानों में से 99 फर्जी या गैर-परिचालन थे। असम में चौंकाने वाली बात यह है कि 68 प्रतिशत संस्थान फर्जी पाए गए। कर्नाटक में 64 फीसदी संस्थान फर्जी पाए गए। उत्तर प्रदेश में 44 फीसदी संस्थान फर्जी पाए गए। केरल के मलप्पुरम में, एक बैंक शाखा ने 66,000 छात्रवृत्तियां वितरित कीं, जो छात्रवृत्ति के लिए पात्र अल्पसंख्यक छात्रों की पंजीकृत संख्या से अधिक है।

# तेलंगाना में क्या...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

स्थानापन्न तलाशना जरूरी है क्योंकि वे अपने चुनाव क्षेत्रों में घोर सत्ता-विरोध का सामना कर रहे हैं। अगर इन विधायकों को टिकट नहीं दिये जाते तो पार्टी असंतुष्टों और बागियों को सँभाल सकती है। इसके अतिरिक्त बगावत की स्थिति में, पार्टी माइक्रो-मैनेज की योजना की भी तैयारी कर रही है।

बी.आर.एस. जहाँ लगातार तीसरी बार सत्ता में आने के बारे मे सोच रही है, वहीं वह इस संभावना से भयभीत भी है कि जिन लोगों को टिकट नहीं दिये जायेंगे, वे या तो किसी दूसरी पार्टी में चले जायेंगे या फिर बागी उम्मीदवारों के रूप में चुनाव लड़ेंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से कहा गया है कि वे संभावित बागियों से बातचीत करके, उन्हें किसी भी तरह सँभालें। चन्द विधायक ऐसे भी हैं, जिन्हें यह आशंका है कि उन्हें टिकट नहीं दिया जायेगा, इसलिये उन्होंने पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार को हराने के लिये काम करने की धमकी देना शुरु कर दिया है।

इस बीच, भाजपा ने दूसरे राज्यों के विजेता विधायकों की सेवाएँ लेना भी शुरु कर दिया है ताकि पार्टी प्रत्याशियों का मार्ग दर्शन कर सके। 119 भाजपा प्रत्याशियों में से प्रत्येक प्रत्याशी को एक "शैडो" प्रत्याशी मिलेगा, जो विधानसभा चुनाव लड़ते समय अपनी जानकारियाँ प्रदान करेगा।

तेलंगाना लाए जाने वाले विधायकों की पहली खेप में महाराष्ट्र, कर्नाटक, पुडुचेरी तथा तमिलनाडु के विधायक शामिल हैं। वे प्रत्येक चुनाव क्षेत्र में एक सप्ताह का समय देंगे।

इस बीच, कांग्रेस ने प्रत्याशी-चयन के तौर-तरीके शुरु कर दिये है तथा उम्मीदवारी के लिये निर्धारित प्रपत्र में आवेदन करने की प्रक्रिया घोषित कर दी है। पार्टी मुख्यालय पर उपलब्ध निर्धारित फॉर्म में किये जाने वाले आवेदनों के साथ, सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों का 50,000 रू. तथा एस.सी./एस.टी. उम्मीदवारों को 25,000 रू. जमा करने होंगे।

संभावित उम्मीदवारों के आँकलन के लिये उनसे यह अपेक्षा की गई ह कि वे सोशल मीडिया पर अपनी उपस्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी दें। दरअसल, ऐसा माना जा रहा है कि प्रचार में, तथा कुल मिलाकर पूरे चुनाव में ही, सोशल मीडिया की बहुत बड़ी एवं महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। इसके अतिरिक्त, उम्मीदवार को यह वचन देना होगा कि वे पार्टी के लिए काम करते रहेंगे।

कांग्रेस पार्टी अपने पूरे प्रचार तथा चुनाव लड़ने की रणनीतियों में, कर्नाटक विजय से मिली कुछ सीखों एवं सबकों को भी काम में ले रही है।

# राहुल अपनी बाइक...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

ट्विटर पर शेयर की और लिखा "ऊपर और आगे-अविरल।" के.टी.एम. 390 एडवेंचर एक 373 सी.सी. की बाइक है जिसमें 43 बी.एच.पी. की अधिकतम पावर 37 एम.एम. का उच्चतम टो:क इस बाइक की सर्वाधिक स्पीड करीब 170 कि.मी. प्रति घंटा है। राहुल गांधी पहले बता चुके थे कि उनके पास एक "के.टी.एम. 390" बाइक है लेकिन उनका सिक्योरिटी कवर उन्हें इसे चलाने की अनुमति नहीं देता है। गांधी ने एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह दिल्ली के करोल बाग मार्केट के आला दर्जे के मैकेनिकों के साथ वार्तालाप कर रहे थे। इसमें उन्हें बाइक सर्विस से संबंधित जानकारी जुटाते हुए देखा गया।

राहुल गांधी ने अपने यू-ट्यूब चैनल पर अपलोड किए गए वीडियो में उन्होंने यह बात साझा की कि उनके पास एक के.टी.एम. बाइक है जिसका कोई उपयोग नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा-"मेरे पास एक के.टी.एम. 390 बाइक है, लेकिन यह अब तक इस्तेमाल नहीं हुई है, क्योंकि मेरी सिक्योरिटी के लोग मुझे इसे चलाने नहीं देते।" इस माह की शुरूआत में राहुल गांधी को तमिलनाडू के ऊटी के निकट मुथुनाडू गांव में टोडा आदिवासी समुदाय के सदस्यों के साथ डांस करते हुए देखा गया था। न्यूज़ एजेंसी ए.एन.आई. द्वारा ट्विटर पर शेयर एक क्लिप में राहुल गांधी को परम्परागत शॉल पहने हुए स्थानीय निवासियों के साथ घेरा बनाकर डांस करते हुए दिखाया गया।

# टमाटर और दालों के बाद अब प्याज भी महंगी होने की आशंका

## केन्द्र सरकार ने तत्काल कदम उठाते हुये प्याज के निर्यात पर 40 प्रतिशत एक्साइज़ ड्यूटी लगाने की घोषणा की

नई दिल्ली, 19 अगस्त (वार्ता)। सरकार ने देश में प्याज की उपलब्धता बढ़ाकर उसकी कीमत शांत रखने के लिए रसोई में रोजमर्रा इस्तेमाल होने वाली इस वस्तु के निर्यात पर 40 प्रतिशत की दर से शुल्क लगाने की शनिवार को घोषणा की।

इस संबंध में जारी अधिसूचना के अनुसार यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और यह 31 दिसंबर तक प्रभावी रहेगा। वाणिज्य मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है, घरेलू बाजार में प्याज की उपलब्धता बढ़ाने के लिए सरकार ने इसके निर्यात पर तत्काल प्रभाव से 40 प्रतिशत की दर से निर्यात शुल्क लगा दिया है जो 31 दिसंबर 2023 तक प्रभावी रहेगा। प्याज पर निर्यात शुल्क लगाने की अधिसूचना राजपत्र में अधिसूचित कर दी गई है।

प्याज पर निर्यात शुल्क लगाने के बनने के लिए जारी अधिसूचना में कहा गया है कि यह निर्णय जनहित के लिए आवश्यक था। गौरतलब है कि खाद्य वस्तुएं और तमाम मौसमी फल-सब्जियों तथा कुछ अन्य वस्तुओं की खुदरा कीमतों में तेजी के चलते जुलाई में खुदरा मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति उछलकर 7.44 फीसदी पर पहुंच गई।

जून,2023 माह में खुदरा मुद्रा स्थिति 4.87 प्रतिशत थी। जुलाई में खाद्य मुद्रास्फीति 11.5 फीसदी थी। सितंबर 2022 के बाद पहली बार खुदरा मुद्रास्फीति सात सबसे ऊपर गई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार प्याज का खुदरा भाव इस वर्ष जून के मुकाबले जुलाई में खुदरा कीमत 28 प्रतिशत चढ़ गया था। जुलाई, 2022 की तुलना में इस बार जुलाई में प्याज की खुदरा कीमतें औसतन 7.13 फीसदी ऊपर चल रही थीं।

सरकार का अनुमान है कि 2022 -23 फसल वर्ष में प्याज का उत्पादन तीन करोड़ दस लाख टन के आस पास होगा।

# एक और सिंधिया...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

विचारधारा, प्रथाओं, सिद्धांतों के प्रति अपनी आस्था तथा पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा के चलते बिना किसी शर्त के कांग्रेस पार्टी में शामिल हुये हैं। उनकी सच्चाई उन्हें यहाँ लेकर आई है और मुझे पूरा भरोसा है कि वे अपने क्षेत्र के लोगों को इस सच्चाई से अवगत करायेंगे।"

नाथ ने कहा कि चौहान सरकार न केवल भ्रष्टाचार में बल्कि महिलाओं, किसानों एवं युवाओं के उत्पीड़न के मामले में नम्बर एक है। उन्होंने कहा कि अब राज्य की जनता ने शिवराज सरकार को अलविदा कहने का पक्का निश्चय कर लिया है। उन्होंने कहा, "मैं भी उन्हें अलविदा कहूँगा, लेकिन प्यार के साथ।" इस बीच, पटेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में वापस आकर वे बहुत खुश हैं। उल्लेखनीय है कि यह पहला अवसर नहीं है, जब सिंधिया के प्रति निष्ठा रखने वाला कोई व्यक्ति कांग्रेस पार्टी में शामिल हुआ है।

अभी हाल ही में, शिवपुरी के पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष बैजनाथ सिंह यादव, जो सिंधिया के साथ जिले के कोलारस क्षेत्र में काम कर रहे थे, अपने बहुत सारे कार्यकर्ताओं के साथ फिर से कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गये थे। सिंधिया के एक और सहयोगी राकेश गुप्ता, जो व्यापारी वर्ग से जुड़े हुये हैं, ने भी भारतीय जनता पार्टी छोड़ दी थी तथा अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी में लौट आए।

# प्रिविलेज पैनल...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

की औपचारिक सुनवाई करने के बाद, उनके निलंबन को रद्द करने के पक्ष में प्रतीत हो रही है। अविश्वास प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री के जवाब के दौरान उनके "उच्छृंखल आचरण" को लेकर, स्पीकर ओम बिड़ला ने चौधरी सदन की सदस्यता से, प्रीविलेज कमेटी की रिपोर्ट आने तक के लिये, निलंबित कर दिया था। शुक्रवार को हुई कमेटी की मीटिंग में कई सदस्यों ने ऐसा महसूस किया कि स्पीकर ने चौधरी को उनके आचरण के लिये सजा दे दी है तथा उनके व्यवहार की और जाँच-परख की जरूरत नहीं है।

कमेटी के एक सदस्य ने कहा कि "किसी व्यक्ति को एक ही अपराध के लिए दो बार सजा नहीं दी जा सकती। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा ने भी इस मुद्दे पर नरम रूख अपनाया और वे उने निलंबन को वापस लेने के पक्ष में थे। कमेटी के एक सदस्य ने कहा कि "नैसर्गिक न्याय की प्रक्रिया के तहत कमेटी ने 30 अगस्त की मीटिंग में चौधरी का पक्ष सुनने का निर्णय लिया है।

# 'आगामी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

डोटासरा ने बताया कि 21 से लेकर 23 अगस्त तक ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों में बैठक की जाएगी। जो भी आवेदन आएंगे, उन्हें इन कमेटियों में 24 तारीख को बैठक में पेश किया जाएगा और 25 अगस्त से प्रदेश चुनाव समिति के मेंबर जिलों में जाकर टिकट के दावेदारों पर फीडबैक लेंगे। फिर कम से कम तीन और ज्यादा से ज्यादा पांच दावेदारों का पैनल बनाया जाएगा। इसके बाद 27 से 31 अगस्त तक स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गौरव गोगोई राजस्थान में रहेंगे और संभाग स्तर या जिला स्तर पर जाकर नेताओं वे कार्यकर्ताओं से मिलने का कार्यक्रम तय करेंगे।

- **मुख्यमंत्री के बयानों से ऐसा भी लगता है कि, वर्तमान विधायकों में से अधिकांश को दोबारा टिकट मिल सकता है।**

सभी दावेदारों को एक प्रोफार्मा दिया जाएगा, जिसे भरकर जमा कराना होगा। बैठक में सचिन पायलट, स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य गणेश गोंदियाल, अभिषेक दत्त, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, सह प्रभारी अमृता धवन और क़ाज़ी निज़ामुद्दीन सहित प्रदेश चुनाव समिति के सदस्य भंवर जितेंद्र सिंह और राजेंद्र यादव के अलावा सभी सदस्य मौजूद थे।

# बलात्कार पीड़िता की गर्भपात याचिका 12 दिनों तक टालने पर सुप्रीम कोर्ट नाराज़ हुआ

## गुजरात हाई कोर्ट की कड़ी आलोचना करते हुये सुप्रीम कोर्ट ने कहा, यह लापरवाही नहीं बहुत बड़ा अन्याय है

नई दिल्ली, 19 अगस्त (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने एक बलात्कार पीड़िता की गर्भपात कराने की उसकी याचिका को 12 दिनों तक टालने पर गुजरात उच्च न्यायालय की शनिवार को कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि ऐसे मामले में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं, बल्कि तत्परतापूर्वक निपटा जाना चाहिए।

गुजरात उच्च न्यायालय में सुनवाई टालने का आदेश 17 अगस्त को पारित किया गया था। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की बैंच ने गुजरात के एक मामले में विशेष सुनवाई करते हुए भ्रूण को हटाने की संभावना का पता लगाने के लिए भरूच की एक मैडिकल बोर्ड से एक नई रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है।

बैंच ने कहा कि वह इस मामले में सोमवार को अगली सुनवाई कर इस मसले पर विचार करेगी। पीड़िता के अधिवक्ता ने बैंच के समक्ष कहा कि उच्च न्यायालय ने मामले की तारीख 23 अगस्त तय की है, जिससे उसकी गर्भावस्था 28 सप्ताह की हो जाएगी।

अधिवक्ता ने हालांकि कहा कि, याचिका सात अगस्त को दायर कई और 11 अगस्त को सुनवाई हुई थी। उन्होंने शीर्ष अदालत के समक्ष यह भी कहा कि याचिकाकर्ता महिला को चार अगस्त को अपनी गर्भावस्था के बारे में पता चला और उसने सात अगस्त को उच्च न्यायालय के समक्ष रिट याचिका दायर की थी।

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने शीर्ष अदालत की बैंच के समक्ष यह भी कहा कि इस मामले में उच्च न्यायालय का आदेश रिकॉर्ड पर भी उपलब्ध नहीं था।

शीर्ष अदालत की बैंच ने उच्च न्यायालय का आदेश उपलब्ध नहीं होने की याचिकाकर्ता के वकील की बात पर कहा, अगर विवादित आदेश मौजूद ही नहीं है तो हम कोई आदेश कैसे पारित कर सकते हैं। इस मामले को स्थगित करने में मूल्यवान दिन बर्बाद हो गए हैं। देखिए, ऐसे मामलों में तात्कालिकता की भावना होनी चाहिए न कि उदासीन रवैया। हमें ऐसी टिप्पणियाँ करने के लिए खेद है। हम इसे सोमवार को पहले मामले के रूप में सूचीबद्ध करेंगे।

शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि चूंकि कीमती समय पहले ही बर्बाद हो चुका है, इसलिए भरूच के मैडिकल बोर्ड से नई रिपोर्ट मांगी जा सकती है।

# अमूल भारत का...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

साथ स्थापित जी.सी.एम.एम.एफ. के पास आज गुजरात के भीतर 18 सदस्य संघ हैं जो प्रतिदिन तीन करोड़ लीटर से अधिक दूध एकत्रित करते हैं और 72,000 करोड़ रुपये (नौ बिलियन यू.एस. डॉलर) के समूह कारोबार के साथ अमूल भारत का सबसे बड़ा एफ.एम.सी.जी. ब्रांड बन गया है।

जी.सी.एम.एम.एफ. की 49वीं वार्षिक आम सभा 19 अगस्त को आयोजित हुई। इस बैठक के दौरान जी.सी.एम.एम.एफ. के अध्यक्ष शामलभाई पटेल ने बताया कि यह हमारे लिए गौरव की बात है कि इस सहकारी संगठन ने वर्ष 2022-23 में कारोबार में 18.5 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है। वर्तमान में अमूल दुनिया का 8वां सबसे बड़ा डेयरी संगठन है और इसने वर्ष 2022-23 में 11,000 करोड़ का अतिरिक्त समूह कारोबार जोड़ा है। इसके साथ ही यह भारत का सबसे बड़ा एफ.एम.सी.जी. ब्रांड बन गया है।

पटेल ने कहा कि बीते 50 वर्षों में हम डेयरी किसानों और उपभोक्ताओं के बीच एक सेतु बनने के सिद्धांत पर खरा उतरने में सफल रहे हैं। जिस विज़न के साथ हमारे छह संस्थापकों - त्रिभुवनदास पटेल, मोतीभाई चौधरी, गलबाभाई पटेल, भूराभाई पटेल, जगजीवनदास पटेल, जशवंतलाल शाह और डॉ. वर्गीस कुरियन द्वारा जी.सी.एम.एम.एफ. की स्थापना की गई थी, उसने अमूल को पीढ़ियों से प्रत्येक भारतीय का सबसे अधिक पसंदीदा ब्रांड बनाया है।

उन्होंने डेयरी विकास के अमूल मॉडल ने डेयरी किसान के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए व्यावसायिक रूप से आत्मनिर्भर मॉडल बनाकर भारत को दुनियाभर में गौरवान्वित किया है। आज, हम गर्व से कह सकते हैं कि, गुजरात के डेयरी किसानों ने एक ऐसा मॉडल बनाया है जिसके बारे में बहुत कम लोग सपना देख सकते हैं। एक ऐसा ब्रांड जिसका स्वामित्व वास्तव में 36 लाख डेयरी किसानों के पास है। अपनी मजबूत और चुस्त प्रणालियों और प्रक्रियाओं के साथ हमारा लक्ष्य दुनियाभर में ग्राहकों तक पहुंचना है।

# चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैण्डिंग के बाद सूर्य मिशन लॉन्च करने में जुट जायेगा इसरो

## अब इसरो की नज़र सौरमंडल के सबसे गर्म और सबसे बड़े सदस्य सूर्य की सबसे चुनौतीपूर्ण सतह पर उतरने पर है

- **इसरो के अनुसार, आदित्य -एल-1 अंतरिक्ष मिशन भेजने का प्रमुख वैज्ञानिक उद्देश्य कोरोनल हीटिंग और सौर पवन वेग को समझना है। इससे रिअल टाइम (एक निर्धारित समय) में सौर गतिविधियों और अंतरिक्ष मौसम पर पड़ने वाले इसके प्रभावों की वास्तविक जानकारी मिल सकेगी।**
- **इसरो सूर्य की यू.वी. स्पैक्ट्रम की विस्तृत जानकारी इकट्ठा कर यह जानने का प्रयास करेगा कि, आखिर किन प्रत्यक्ष कारणों से हवा की दिशा बदलती है।**

चेन्नई, 19 अगस्त (वार्ता)। इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (इसरो) की नजर चंद्रमा के बाद अब सौरमंडल के सबसे गर्म और सबसे बड़े सदस्य सूर्य की सबसे चुनौतीपूर्ण सतह की पर उतरने पर है।

अंतरिक्ष एजेंसी सूर्य का अध्ययन करने के लिए आदित्य-एल 1 सौर अन्वेषण मिशन के प्रक्षेपण की तैयारी कर रही है। आदित्य-एल 1 मिशन को इसरो पी.एस.एल.वी. रॉकेट द्वारा सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र एस.एच.ए.आर. (एस.डी.एस.सी.-एस.एच.ए.आर.), श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपित किया जायेगा।

इसके बाद कक्षा को और अधिक अण्डाकार बनाया जाएगा और बाद में अंतरिक्ष यान को ऑन-बोर्ड प्रणोदन का उपयोग करके लैग्रेंज बिंदु एल-1की ओर प्रक्षेपित किया जाएगा।

एल-1 बिंदु के चारों ओर प्रभामंडल कक्षा में रखे गए सैटलाइट को बिना किसी ग्रहण/ग्रहण के सूर्य को लगातार देखने का प्रमुख लाभ होता है। इससे वास्तविक समय में सौर गतिविधियों और अंतरिक्ष मौसम पर इसके प्रभाव को देखने का अधिक लाभ मिलेगा।

जैसे ही अंतरिक्ष यान एल-1 की ओर यात्रा करेगा, यह पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र (एस.ओ.आई.) से बाहर निकल जाएगा। एस.ओ.आई. से बाहर निकलने के बाद, क्रूज़ चरण शुरू हो जाएगा और बाद में अंतरिक्ष यान को एल 1 के चारों ओर एक बड़ी प्रभामंडल कक्षा में स्थापित किया जाएगा। लॉन्च किये जाने के बाद से एल 1 तक की कुल यात्रा में आदित्य-एल 1 को लगभग चार महीने लगेंगे।

इसरो के अनुसार, आदित्य -एल 1 अंतरिक्ष मिशन भेजने का प्रमुख वैज्ञानिक उद्देश्यों में कोरोनल हीटिंग और सौर पवन वेग को समझना है। इसरो ने कहा कि, आदित्य -एल 1 अंतरिक्ष यान को पोलर सैटेलाइट लांच व्हिकल (पी.एस.एल.वी.) के माध्यम से पृथ्वी की निचली कक्षा (एल.इ.ओ.) प्रक्षेपित किया जायेगा।

अन्य उद्देश्यों में कोरोनल मास इजेक्शन (सी.एम.ई.), फ्लेयर्स और निकट-पृथ्वी अंतरिक्ष मौसम की शुरुआत को समझना शामिल है। यह सौर वातावरण में सौर पवन वितरण और तापमान अनिसोट्रॉपी के साथ-साथ युग्मन और गतिशीलता को भी समझता है।

इसरो ने सूर्य मिशन की विशिष्टता पर कहा कि यह पहली बार निकट यूवी बैंड में स्थानिक रूप से विघटित सौर डिस्क का अध्ययन करेगा जो सी.एम.ई. गतिशीलता सौर डिस्क के करीब होगी जिससे सी.एम.ई. के त्वरण शासन में जानकारी प्रदान की जाएगी जो लगातार नहीं देखी जाती है।

अनुकूलित अवलोकनों और डेटा वॉल्यूम के लिए सी.एम.ई. और सौर फ्लेयर्स का पता लगाने के लिए यान में ऑन-बोर्ड इंटेलिजेंस, बहु-दिशा अवलोकनों का उपयोग करके सौर हवा की दिशात्मक और ऊर्जा अनिसोट्रॉपी जैसी अनूठी विशेषताएं शामिल हैं।

# जैनरिक दवा मामले में डॉक्टरों पर सुप्रीम कोर्ट तल्ख हुआ

- **सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र व सभी राज्य सरकारों से इस मामले में जवाब मांगा।**

नई दिल्ली, 19 अगस्त। जैनरिक दवाओं के चलन को बढ़ावा देने के लिए पहले डॉक्टरों को निर्देश दिया गया था कि वह मरीजों को जैनरिक दवाएं ही लिखे। मगर यह प्रेक्टिस पूरी तरह से लागू नहीं हो पा रही है और डॉक्टर्स अभी भी अपने मैडिकल रिप्रेजेंटेटिव की तरफ मुहैया कराई जाने वाली दवाओं को ही लिख रहे हैं। इस क्रम में सुप्रीम कोर्ट से भी इसमें दखल दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने जैनरिक दवाएं नहीं लिखने वाले सभी डॉक्टरों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की याचिका पर शुक्रवार को केंद्र, राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एन.एम.सी.) से जवाब मांगा।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बैंच ने एक वकील किशन चंद जैन की तरफ से दायर याचिका पर अधिकारियों को नोटिस जारी किया गया, जिसमें शिकायत की गई थी कि भारतीय चिकित्सा परिषद (व्यावसायिक आचरण, शिष्टाचार और नैतिकता) विनियम, 2002 के बावजूद, स्पष्ट रूप से डॉक्टरों को केवल जैनरिक दवाएं लिखना अनिवार्य है।

डॉक्टर केवल महंगी ब्रांडेड दवाओं को ही बढ़ावा देते रहते हैं। याचिकाकर्ता ने कहा है कि जैनरिक दवाओं (ऑफ-पेटेंट) की कीमतें ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 50 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक कम हो सकती हैं। कीमत में यह अंतर जैनरिक दवाओं को आबादी के व्यापक वर्ग के लिए अधिक किफायती और सुलभ बनाता है।

दवाओं की सामर्थ्य और पहुंच बढ़ाने के लिए भारत में दवाओं में जैनरिक नामों का उपयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नियम लागू किए हैं। वकील ई.सी. अग्रवाल के माध्यम से दायर याचिका में 2002 के नियमों का हवाला दिया गया, जिसमें डॉक्टरों को केवल उनके जैनरिक नाम से दवाएं लिखने का आदेश दिया गया था।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908